प्रसारित - आगरा, मथुरा, फिरोजाबाद, अलीगढ़, हाथरस, कासगंज, एटा, मैनपुरी, बुलंदशहर, गाजियाबाद, लखनऊ, कानपुर | गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

साप्ताहिक

# मोर्निंग सिटी

सच के साथ...

वर्ष - 10 अंक 40, 25 जनवरी से 31 जनवरी, 2026 मूल्य- 10 रुपये । पृष्ठ 8 WWW :morningcity.in

यूपी का सर्वश्रेष्ठ न्यूज प्लेटफॉर्म

मोर्निंग सिटी





उत्तरकाशी, उत्तराखंड

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

देशभर में मौसम ने एक बार फिर करवट ली है। स्टर्न डिस्टरबेंस के सक्रिय होने से राजस्थान, यूपी, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली में जोरदार बारिश हुई है वहीं पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी का नया दौर शुरू हो गया है। कश्मीर से लेकर उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश के कई इलाकों में जबरदस्त बर्फबारी देखने को मिल रही है। ताजा बर्फबारी जहां थोड़ी राहत लेकर आई तो इससे कुछ आफत भी आई. कई जगहों पर पर्यटक फंस गए हैं. बर्फबारी के बाद मनाली की सड़कों पर कई किलोमीटर लंबा जाम लग गया है। गुरुग्राम में भी बारिश के चलते जाम लग गया।

# पहाड़ों पर बर्फबारी...



पुलवामा, कश्मीर

**श्रीनगर एयरपोर्ट पर 4 इंच बर्फ की चादर , वैष्णो देवी यात्रा भी रोका गया** : रीनगर एयरपोर्ट पर 4 इंच तक बर्फ जम गई है। इसके चलते सभी उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। कटरा में बर्फबारी के कारण वैष्णो देवी यात्रा रोक दी गई है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह फैसला लिया गया। राजौरी, पुंछ और कठुआ जिलों में स्कूल बंद कर दिए गए हैं।



बड़गाम, कश्मीर



मसूरी

## हिमाचल में बर्फ 'भारी', सड़कें बंद, कई इलाके कटे, सैकड़ों गांवों में ब्लैकआउट



शिमला/धर्मशाला

शुक्रवार को हिमाचल प्रदेश के कई जिलों में ताजा बर्फबारी देखने को मिली है। कई पर्यटन स्थलों में सीजन का पहला हिमपात हुआ है। बर्फबारी से पांच एचएच समेत कई सड़कें बंद हो गई हैं। वहीं, कई गांवों में बिजली गुल है। हिमाचल प्रदेश में चार महीने से जारी सूखे का दौर भारी बर्फबारी और बारिश के साथ खत्म हो गया है। मौसम विभाग के अलर्ट के बीच शुक्रवार को प्रदेश के कई इलाके बर्फ से लकदक हो गए। पहाड़ों की रानी शिमला, मनाली, डलहौजी और चायल जैसे पर्यटन स्थलों में सीजन का पहला हिमपात हुआ है। हिमाचल के निचले क्षेत्रों में झमाझम बारिश के साथ कई स्थानों पर ओले भी गिरे हैं।

भारी बर्फबारी-बारिश के चलते पांच नेशनल हाईवे समेत प्रदेश में 563 सड़कें बंद हो गई हैं। अपर शिमला समेत प्रदेश के कई इलाके कट गए हैं। विभिन्न स्थानों पर हजारों पर्यटक फंस गए हैं। कुफरी-फागू से 100 और आनी के रघुपुरगढ़ से 48 को किया रेस्क्यू किया गया है। प्रदेश में 10,384 ट्रांसफार्मर ठप होने से सैकड़ों गांवों में बिजली नहीं है। बारिश-बर्फबारी से फसलों को संजीवनी के साथ पर्यटन को भी पंख लगने की उम्मीद है। शुक्रवार को भी शिमला-मनाली में पर्यटकों ने बर्फबारी के बीच मस्ती की। उधर, मनाली और बंजार उपमंडल के सभी शैक्षणिक संस्थानों में अवकाश घोषित किया गया है। मनाली विंटर कार्निवल के सभी कार्यक्रम रद्द कर दिए गए हैं। शिमला, मंडी, कुल्लू, किन्नौर, लाहौल-स्पीति और चंबा जिले के कई क्षेत्रों में दिनभर बर्फबारी का दौर जारी रहा। शिमला, लाहौल-स्पीति में बफीर्ला तूफान भी चला। तूफान के बीच भारी बर्फबारी के चलते शिमला में लोगों का पैदल चलना भी मुश्किल हो गया। राजधानी की सड़कों पर भी सैकड़ों पर्यटक वाहन बर्फ में घंटों फंसे रहे। आनी-कुल्लू, शिमला-किन्नौर, मनाली-लेह, हाटकोटी-पांवटा साहिब व चंबा-भरमौर एनएच समेत सैकड़ों सड़कें बंद होने से परिवहन सेवाएं भी ठप हो गई है। सैकड़ों बसें जगह-जगह फंसी है। दूध, ब्रेड और अन्य जरूरी वस्तुओं की आपूर्ति भी प्रभावित रही। बर्फबारी-बारिश से तापमान में गिरावट दर्ज की गई। शिमला, मनाली और डलहौजी में न्यूनतम तापमान शून्य के करीब पहुंच गया।

खराब मौसम के चलते शुक्रवार को कांगड़ा, कुल्लू और शिमला हवाई अड्डों पर उड़ानें रद्द रहीं। कालका-शिमला ट्रैक पर पेड़ गिरने से तीन से चार घंटे तक ट्रेनें बाधित रहीं। चौहार घाटी व छोटा भंगाल के सभी गांवों में दो से 20 सेंटीमीटर तक बर्फबारी रिकार्ड की गई है।


# भारत से एक्स्ट्रा 25% टैरिफ हटा सकता है अमेरिका

## वित्तमंत्री बोले- भारत ने रूस से तेल खरीद घटाई, ये अमेरिका की बड़ी जीत

वॉशिंगटन डीसी

अमेरिका के वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने कहा है कि डोनाल्ड ट्रम्प सरकार भारत पर लगाए गए 50% टैरिफ में से आधा टैरिफ हटाने पर विचार कर सकती है। उन्होंने गुरुवार को अमेरिकी मीडिया वेबसाइट पॉलिटिको को दिए इंटरव्यू में कहा कि भारत ने रूस से कच्चा तेल खरीदना काफी कम कर दिया है, इसलिए टैरिफ में राहत देने की गुंजाइश बन रही है।

बेसेंट ने इसे अमेरिका की बड़ी जीत बताया और कहा कि भारत पर लगाया गया 25% टैरिफ काफी असरदार रहा है और इसकी वजह से भारत की रूसी तेल खरीद घट गई है। उन्होंने कहा कि टैरिफ अभी भी लागू हैं, लेकिन अब इन्हें हटाने का रास्ता निकल सकता है।



अमेरिका ने अगस्त 2025 में भारत पर दो बार टैरिफ लगाया था। पहली बार 1 अगस्त को व्यापार घाटे को लेकर 25% टैरिफ लगाया गया। इसके बाद 27 अगस्त को रूस से तेल खरीदने की वजह से एक बार और 25% टैरिफ लगाया गया। बेसेंट ने यह भी कहा कि यूरोपीय देश भारत पर टैरिफ इसलिए नहीं लगा रहे हैं क्योंकि वे भारत के साथ बड़ा व्यापार समझौता करना चाहते हैं। साथ ही उन्होंने यूरोप पर आरोप लगाया कि वह भारत से रिफाइंड तेल खरीदकर खुद ही रूस की मदद कर रहा है।

बेसेंट रूसी तेल खरीदने पर लगने वाले 500% टैरिफ प्रस्ताव पर बोल रहे थे। इसमें अमेरिका उन देशों पर 500% तक टैरिफ लगा जा सकता है, जो रुस का तेल खरीदते हैं। बेसेंट ने कहा कि 500% टैक्स लगाने का प्रस्ताव सीनेटर ग्राहम ने सीनेट में रखा है। हालांकि राष्ट्रपति ट्रम्प को इसकी जरूरत नहीं है। अमेरिकी राष्ट्रपति के पास पहले से ही एक कानून के तहत यह अधिकार है कि वे राष्ट्रीय आपात स्थिति का हवाला देकर दूसरे देशों पर भारी आर्थिक प्रतिबंध या टैक्स लगा सकते हैं।

अमेरिका, पुतिन पर दबाव बढ़ाने के लिए भारत समेत कई देशों से कह रहा है कि वे रूस से तेल खरीद बंद करें। भारत ने इस दबाव को गलत और अनुचित बताया है और कहा है कि उसकी एनर्जी पॉलिसी देश के हितों के हिसाब से तय होती है। पिछले हफ्ते दावोस में भी बेसेंट ने फॉक्स न्यूज से कहा था कि ट्रम्प के 25% टैरिफ लगाने के बाद भारत ने तेल की खरीद काफी कम कर दी थी और अब लगभग बंद कर दी है। कुछ हालिया रिपोर्टों में कहा गया है कि भारत की कुछ निजी कंपनियों ने रूस से तेल इंपोर्ट कम किया है, लेकिन भारत सरकार का कहना है कि रूस से तेल की खरीद जारी है।

भारत दिसंबर 2025 में रूस से तेल खरीदने के मामले में तीसरे नंबर पर खिसक गया। इस दौरान तुर्किये ने भारत को पीछे छोड़ते हुए रूस का दूसरा सबसे बड़ा खरीदार बन गया। तुर्किये ने दिसंबर में रूस से 2.6 बिलियन यूरो यानी करीब 27,300 करोड़ रुपए का तेल खरीदा।

## तेलंगाना में 300 आवारा कुत्तों को मारने पर विवाद, सरपंच के खिलाफ मामला दर्ज

तेलंगाना




तेलंगाना में आवारा कुत्तों की कथित हत्या की बाद जगतियाल जिले में लगभग 300 कुत्तों को कथित तौर पर मार डाला गया। अब मरने वालों की संख्या 900 हो गई है। पशु अधिकार संगठनों ने यह दावा किया है। माना जा रहा है कि ये हत्याएं सरपंचों सहित कुछ निर्वाचित प्रतिनिधियों द्वारा की गई हैं। कथित तौर पर पिछले साल दिसंबर में हुए ग्राम पंचायत चुनावों से पहले ग्रामीणों से किए गए वादों को पूरा करने के लिए, जिसमें आवारा कुत्तों के खतरे से निपटना शामिल था। यह ताजा घटना 22 जनवरी को पेगाडापल्ली गांव में 300 आवारा कुत्तों को जहरीले इंजेक्शन देकर मारने की शिकायत दर्ज होने के बाद सामने आई है। शिकायत में इस जघन्य कृत्य के लिए ग्राम सरपंच और ग्राम पंचायत सचिव को दोषी ठहराते हुए आरोप लगाया गया है कि सरपंच ने आवारा पशुओं को मारने के लिए कुछ व्यक्तियों को काम पर रखा था। पुलिस ने शनिवार को बताया कि शिकायत के आधार पर पुलिस ने दोनों के खिलाफ बीएनएस और पशु क्रूरता निवारण अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की है। इंस्पेक्टर च. किरण ने बताया कि जांच के दौरान दफन स्थल से लगभग 70 से 80 कुत्तों के शव बरामद किए गए। ऐसा प्रतीत होता है कि दफनाने की प्रक्रिया तीन से चार दिन पहले हुई थी। उन्होंने कहा, "इस स्तर पर हम घटना में आरोपियों की संलिप्तता की पुष्टि नहीं कर सकते।" उन्होंने आगे कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट की प्रतीक्षा की जा रही है और आगे की जांच जारी है। राज्य में जनवरी महीने में ही आवारा कुत्तों की हत्या की कई घटनाएं सामने आईं।

## विदेशों में छिपे 70+ भगोड़ों पर सरकार का शिकंजा

नई दिल्ली

पिछले एक साल में भारतीय जांच एजेंसियों को भगोड़ों के खिलाफ बड़ी सफलता हाथ लगी है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, भारत को वांछित 70 से ज्यादा अपराधियों और भगोड़ों को विदेशों में लोकेट (चिह्नित) कर लिया गया है। वहीं, इसी दौरान भारत में छिपे दूसरे देशों के 203 भगोड़ों का भी पता लगाया गया है। केंद्र सरकार ने आंकड़ों को लेकर रिपोर्ट जारी की है।

कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय की वार्षिक रिपोर्ट में बताया गया है कि 2024-25 के दौरान कुल 71 भगोड़ों की लोकेशन विदेशों में ट्रेस की गई। अधिकारियों का कहना है कि पिछले एक दशक में यह अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा है। रिपोर्ट के अनुसार, विदेशों में छिपे भारतीय भगोड़ों को ना केवल ट्रेस किया गया, बल्कि पिछले वित्तीय वर्ष में 27 भगोड़ों को विदेश से भारत वापस भी लाया गया है। भारत में



इंटरपोल की नोडल एजेंसी के तौर पर काम करने वाली सीबीआई (उइक) इन अपराधियों को वापस लाने के लिए गृह मंत्रालय और विदेश मंत्रालय के साथ तालमेल बिठाकर काम कर रही है।

**लैटर्स रोगेटरी:** अप्रैल 2024 से मार्च 2025 के बीच कुल 74 'लैटर्स रोगेटरी' (विदेशों से कानूनी मदद मांगने के लिए न्यायिक अनुरोध) भेजे गए। इनमें से 54 सीबीआई के मामलों से जुड़े थे और 20 राज्यों की कानून प्रवर्तन और अन्य केंद्रीय एजेंसियों से जुड़े थे। इस दौरान कुल 47 'लेटर रॉगेटरी' यानी विदेशों से कानूनी मदद के अनुरोधों को पूरी तरह पूरा कर लिया गया है। वहीं, 29 ऐसे अनुरोध थे जिन्हें आंशिक कार्यवाही के बाद या तो बंद कर दिया गया या वापस ले लिया गया।

**पेंडिंग मामले:** 31 मार्च 2025 तक कुल 533 ऐसे अनुरोध अलग-अलग देशों में लंबित हैं। इनमें से 276 मामले सीबीआई के हैं, जबकि बाकी 257 मामले राज्यों की पुलिस और अन्य केंद्रीय जांच एजेंसियों से जुड़े हैं। भारत को भी अलग-अलग देशों से आपराधिक जांच में मदद के लिए करीब 32 कानूनी अनुरोध प्राप्त हुए हैं। भारतीय जांच एजेंसियों ने विदेशों में छिपे भगोड़ों को वापस लाने के लिए अपनी कोशिशें तेज कर दी हैं।

सीबीआई अपने ग्लोबल ऑपरेशंस सेंटर के जरिए विदेशी पुलिस और इंटरपोल से लगातार संपर्क में है। जैसे ही किसी भगोड़े की लोकेशन का पता चलता है, उसे भारत वापस लाने के लिए गृह मंत्रालय और विदेश मंत्रालय के साथ मिलकर कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी जाती है। आंकड़ों के मुताबिक, अप्रैल 2024 से मार्च 2025 के बीच सीबीआई ने भारतीय नागरिकता छोड़ने के 22,200 से अधिक आवेदनों पर अपनी रिपोर्ट दी है।

# 'यूपी भारत की धड़कन और आत्मा...'

लखनऊ

राजधानी लखनऊ में शनिवार को यूपी दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। राष्ट्र प्रेरणा स्थल पर चलने वाले तीन दिवसीय कार्यक्रम के पहले दिन केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पहुंचे। उन्होंने यहां लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

इस मौके पर अमित शाह ने कहा कि 15 अगस्त 2047 को देश की आजादी का शताब्दी वर्ष होगा। यूपी विकसित उत्तर प्रदेश बनेगा। यूपी भारत की धड़कन और आत्मा है। भारत के विकास का इंजन है, और विकसित भारत का भी इंजन बनेगा। यह श्रीराम, कृष्ण, शिव, बुद्ध की धरती है। प्रेरणा स्थल पर पहली बार आया हूं। यहां तीन महान विभूतियों की मूर्ति लगी है। यह स्थल राष्ट्र की जागृत का स्थल बनेगा। यह दशकों तक देश को दिशा देगा। 65 एकड़ में पहले कूड़े का पहाड़ था। भाजपा सरकार ने कूड़े को कंचन में बदला है।

शाह ने सीएम युवा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पांच जिलों को सम्मानित किया। कहा कि सीएम युवा योजना से युवाओं को ऋण देने की व्यवस्था है। अब तक 1.30 लाख युवाओं को करोड़ों का ऋण दिया गया। विधानसभा चुनाव की बात करते हुए कहा कि मैं 2017 को याद करूंगा। यूपी का घोषणा पत्र बना रहा था। इसमें ओडीओपी



को शामिल किया। डबल इंजन सरकार का काम यूपी ही नहीं पूरे देश में फैल गया है। रोजगार का साधन बना है। आज यहां ओडीओपी का मेला लगा है। विश्व प्रसिद्ध स्वादिष्ट व्यंजन पूरी दुनिया को मिलेगा।

प्रदेश सरकार ने हर जनपद के विशिष्ट व्यंजन को अलग पहचान दिला दी। यूपी के जनपदों की पहचान अब इन व्यंजनों से भी होगी। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश दिवस पर शनिवार को एक जनपद-एक व्यंजन (ओडीओसी) का शुभारंभ किया। मुख्य समारोह में इस पर आधारित लघु फिल्म भी दिखाई गई।

विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश थीम पर आयोजित समारोह में उत्तर प्रदेश का गौरव बढ़ाने वाली पांच प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। पुरस्कार स्वरूप उन्हें 11 लाख रुपये, अंगवस्त्र, स्मृति चिह्न व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (सीएम युवा) के तहत बेहतर प्रदर्शन करने वाले पांच जनपदों के जिलाधिकारी भी सम्मानित किए गए। केंद्रीय गृह मंत्री ने सरदार वल्लभभाई पटेल एम्प्लॉयमेंट एंड इंडस्ट्रियल जोन योजना का भी शुभारंभ किया। यूपी दिवस पर सबसे पहले वंदे मातरम् का गान हुआ। इसके उपरांत अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान थीम सांग उत्तर प्रदेश-उत्तम प्रदेश ने उत्तर प्रदेश की महिमा का वर्णन किया। इसके पश्चात राष्ट्र प्रेरणा स्थल के मंच पर संपूर्ण उत्तर प्रदेश उतर पड़ा, जब ब्रज, बुंदेली, अवधी, भोजपुरी बोलियों के सांस्कृतिक संगम में अतिथियों व दर्शकों ने आनंद की डुबकी लगाई।

### यूपी का हर जिला रोजगारयुक्त होगा

इस मौके पर गृहमंत्री ने शुभांशु शुक्ला, अलख पांडेय, सुधांशु सिंह, रश्मि आर्य को सम्मानित किया। कहा कि आज हरिओम पंवार को भी सम्मानित करने का मौका मिला है। इनको लंबे समय से सुनता आया हूं। सरदार पटेल योजना का शुभारंभ करते हुए कहा कि यह 10 खराब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में काफी उपयोगी होगी। अलग-अलग चरण में इसका काम होगा। यूपी का हर जिला रोजगारयुक्त होगा। देशभर में जाने वाले को यूपी में रोजगार की व्यवस्था होगी। अपने माता-पिता की सेवा करें।

### 15 लाख करोड़ की योजना जमीन पर उतरी

शाह ने आगे कहा पीएम के नेतृत्व में सीएम योगी ने योजनाओं को जमीन पर उतारा। कांग्रेस, सपा, बसपा ने बीमारू राज्य को ब्रेक थ्रू राज्य बनाया है। कृषि विकास दर बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान है। यूपी फूड बास्केट बना है। अयोध्या में श्रीराम का मंदिर बनाने का काम हुआ। महाकुंभ का आयोजन, सनातन धर्म की ख्याति को पहुंचाया। इलेक्ट्रानिक निर्यात कर रहा है। कोई 2017 के पहले कल्पना नहीं कर सकता था। आज ग्रीन डेस्टिनेशन बन गया है। 15 लाख करोड़ की योजना जमीन पर उतारने का काम किया है। डकैती, लूट में कमी आई। देश की सीमा को भी सुरक्षित किया है। यूपी विकास के रास्ते पर तेजी से बढ़ा है। देशभक्ति की लौ जागृत हो चुकी है।


### परिवारवादी पार्टियां यूपी का कल्याण नहीं कर सकतीं

उन्होंने कहा कि अगला साल चुनाव का साल है। यूपी के विकास के लिए प्रचंड बहुमत की सरकार बनाएं। परिवारवादी पार्टियां यूपी का कल्याण नहीं कर सकती हैं। भाजपा ही कर सकती है। मोदी, योगी ने विकास का सर्वश्रेष्ठ दिया है। डिफेंस कॉरिडोर, एक्सप्रेववे, हाईवे दिए। भ्रष्टाचार समाप्त किया। गरीब के लिए योजनाएं आईं। 20 घंटे बिजली दे रहे हैं। आने वाले चुनाव में हर मतदाता जाति-पंथ से ऊपर उठकर भाजपा का कमल खिलाए।

## 18वां रोजगार मेला- पीएम ने 61 हजार जॉब लेटर बांटे

नई दिल्ली

पीएम मोदी ने शनिवार को वर्चुअली 18वें रोजगार मेले में युवाओं को 61 हजार जॉब लेटर बांटे। ये नियुक्ति गृह मंत्रालय, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, वित्तीय सेवा विभाग, उच्च शिक्षा विभाग सहित अन्य विभागों में की गई है। रोजगार मेले का आयोजन देश के 45 जगहों पर किया जा रहा है। पीएम ने वर्चुअली संबोधन में कहा कि युवाओं को नए अवसर मिलें, ये हमारा प्रयास है। देशभर के स्टार्टअप में महिलाएं आगे हैं। कई स्टार्टअप में तो वे हेड हैं। महिला स्वरोजगार की दर में 15% की बढ़ोतरी हुई है। पिछला रोजगार मेला 24 अक्टूबर 2025 को आयोजित किया गया था। प्रधानमंत्री ने 22 अक्टूबर 2022 को रोजगार मेले का पहला फेज शुरू किया था। अब तक 11 लाख से ज्यादा लोगों को रोजगार मिल चुका है।



**रोजगार मेला मिशन मोड पर:** सरकारी भर्तियों को भी कैसे मिशन मोड पर किया जाए इसलिए रोजगार मेले की शुरूआत की गई। रोजगार मेला एक इंस्टिट्यूशन बन गया है। भारत की युवा शक्ति के लिए नए अवसर बने ये हमारा प्रयास है। हम कई ट्रेड एग्रीमेंट कर रहे हैं। इससे अनेकों अवसर आने वाले हैं।

**भारत पर दुनिया को भरोसा:** भारत के स्टार्टअप इकोसिस्टम का दायरा बढ़ रहा है। देश में दो लाख रजिस्टर्ड स्टार्टअप में 21 लाख युवा काम कर रहे हैं। भारत की इकोनॉमी तेजी से बढ़ रही है। आज भारत पर जिस तरह दुनिया का भरोसा बढ़ रहा है इससे अनेकों संभावनाएं पैदा हो रही हैं।

**ऑटो इंडस्ट्री तेजी से बढ़ रही है:** 2025 में टू व्हीलर की बिक्री दो करोड़ के पार पहुंच गई। आयकर और जीएसटी कम होने से लाभ हुआ। देश में बड़ी संख्या में रोजगार का अवसर पैदा हो रहा है।

**स्टार्टअप में महिलाएं भी आगे:** आज 8000 से ज्यादा बेटियों को नियुक्ति पत्र मिले। महिला स्वरोजगार की दर में 15% की बढ़ोतरी हुई है। आज कई स्टार्टअप में महिला डायरेक्टर हैं। गावों के कई रोजगार में महिलाएं हेड कर रही हैं। आपको एक और बात याद रखनी है। तेजी से बदले टेक के इस दौर में देश की प्राथमिकताएं बदल रही हैं। आपको खुद को लगातार अपग्रेड करना है।

## सम्पादकीय

# जम्मू-कश्मीर के डोडा हादसे ने उठाए गंभीर सवाल

जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में हुए हादसे में जिस तरह दस जवानों की जान चली गई, वह दुर्गम इलाके में तैनात सुरक्षा बलों के सामने मौजूद बहुस्तरीय जोखिम का ही उदाहरण है। गौरतलब है कि गुरुवार को डोडा में सेना के एक बुलेटप्रूफ वाहन में सवार फौजी लगभग नौ हजार फुट की ऊंचाई पर स्थित एक चौकी की ओर जा रहे थे। इस बीच खन्नी टाप के पास वाहन सड़क से फिसल कर दो सौ फुट गहरी खाई में जा गिरा। इतनी ऊंचाई से गिरने के बाद वाहन और उसमें सवार लोगों की हालत का अंदाजा लगाया जा सकता है। दस जवानों की मौत के अलावा ग्यारह अन्य जवान बुरी तरह घायल भी हुए। जाहिर है, आतंकवाद का सामना करने के क्रम में जानलेवा खतरों और हमलों का सामना करने के अलावा इस घटना से वहां ड्यूटी के लिए तैनात सुरक्षा बलों के सामने एक अतिरिक्त चुनौती का पता चलता है। यह इलाका अपनी बेहद मुश्किल भौगोलिक परिस्थितियों के लिए जाना जाता रहा है और वहां सुरक्षा बलों के जवानों के सामने हमेशा ही जोखिम की स्थिति बनी रहती है। ऊंचे पहाड़ों और घने जंगलों के बीच आतंकवादियों का सामना करना पहले ही एक बड़ी चुनौती रही है। उसमें जब सुरक्षा कारणों से ही सड़कों पर सफर के क्रम में हुए हादसे में जवानों की मौत हो जाती है, तो यह वाहन चलाने में हुई मामूली चूक के खतरनाक नतीजों के साथ-साथ दुर्गम इलाकों में मौजूद रास्तों के बेहद असुरक्षित होने का भी सबूत है। सवाल है कि देश की सुरक्षा के लिहाज से अतिसंवेदनशील इलाकों में सड़कों को इस हालत में कैसे छोड़ा गया है कि किसी वाहन के खाई में गिरने के बाद उसमें सवार लोगों के जिंदा बचने की गुंजाइश बेहद कम होती है। अफसोस की बात यह है कि उस समूचे क्षेत्र में सुरक्षा बलों के सामने मौजूद अलग-अलग जोखिम के समांतर बचाव के मोर्चे पर शायद पर्याप्त ध्यान नहीं दिया गया है। वरना हादसे और जोखिम के लिहाज से ज्यादा संवेदनशील जगहों पर सड़कों के किनारे मजबूत सुरक्षा घेरा या पैराफिट लगाने भर से पहाड़ी इलाकों में होने वाले हादसों में जानमाल के नुकसान को कम किया जा सकता है। जम्मू-कश्मीर के पहाड़ी और ज्यादा ऊंचाई वाले इलाकों में वाहनों के दुर्घटना का शिकार होने और जवानों की मौत या उनके घायल होने की घटनाएं अक्सर सामने आती रही हैं। वाहन पर से चालक का नियंत्रण खोना एक कारण हो सकता है, लेकिन उस क्षेत्र में संकरी और घुमावदार सड़कों के तीखे मोड़ पर फिसलन का खतरा बना रहता है। ताजा घटना में जिस खन्नी टाप पर सेना का वाहन हादसे का शिकार हुआ, उस तरह की जगहों पर ऊंचाई और कंकड़-मिट्टी की वजह से फिसलन ज्यादा घातक हो जाती है। खासतौर पर दिसंबर-जनवरी के बीच ज्यादा ठंड और बर्फबारी की वजह से सड़क पर फिसलन आम रहती है। ऐसे में उन सड़कों से अगर भारी सैन्य वाहन गुजरते हैं, तो ऊंचाई वाली जगहों पर कई बार वाहन पर नियंत्रण मुश्किल काम होता है और उसमें चूक की आशंका बनी रहती है। हादसों पर लगाम के लिए इलाके में तैनात जवानों को खराब मौसम और परिस्थिति के मुताबिक बेहतर प्रशिक्षण तथा वाहनों के रखरखाव के पहलू पर ज्यादा ध्यान दिया जाना चाहिए। सबसे ज्यादा जरूरी यह है कि सड़कों के बुनियादी ढांचे पर ठोस काम हो और उसे पूरी तरह सुरक्षित बनाने के इंतजाम किए जाएं, ताकि देश की सुरक्षा और आतंकवाद का सामना करने के लिए तैनात सुरक्षा बलों के जवानों के सामने हादसों में जान गंवाने की नौबत न आए।


सुशील कुमार सिंह प्रधान संपादक

# दुनिया जल के वैश्विक दिवालियापन की ओर बढ़ रही है

जल संकट से जुड़ी योजनाओं में भ्रष्टाचार कई रूपों में दिखाई देता है- घटिया निर्माण, फर्जी आंकड़े, अधूरी परियोजनाएं, कमीशनखोरी और जवाबदेही का अभाव। कहीं कागजों में ही वर्षा जल संचयन संरचनाएं बन जाती हैं, तो कहीं पाइपलाइन बिछाने में घटिया सामग्री का उपयोग होता है। कई स्थानों पर योजनाओं का लाभ वास्तविक जरूरतमंदों तक पहुंच ही नहीं पाता। परिणाम यह होता है कि करोड़ों रुपये खर्च हो जाते हैं, लेकिन न पानी मिलता है और न संकट कम होता है। भ्रष्टाचार केवल धन की बबार्दी नहीं करता, वह भविष्य की पीढ़ियों का अधिकार भी छीन लेता है। इन जटिल होती जल संकट स्थितियों के प्रति नहीं चेते तो आने वाली पीढ़ियों को बूंद-बूंद के लिये तरसना पडेगा। जल जैसे जीवनदायी संसाधन के साथ किया गया भ्रष्टाचार वास्तव में मानवता के साथ अपराध है। जब जल संरक्षण की योजनाएं कागजों में सिमट जाती हैं, तब जल संकट और भी गहरा हो जाता है। यही कारण है कि आज योजनाएं तो हैं, नीतियां भी हैं, लेकिन परिणाम अपेक्षित नहीं हैं। इसके साथ ही जलवायु परिवर्तन, अतिदोहन, अनियंत्रित शहरीकरण और खराब प्रबंधन इस संकट को और बढ़ा रहे हैं।

ललित गर्ग

जल है तो जीवन है -यह पंक्ति कोई नारा भर नहीं, बल्कि मानव सभ्यता का शाश्वत सत्य है। बिना जल के जीवन की कल्पना भी संभव नहीं। किंतु विडंबना यह है कि जिस जल को हम जीवन का आधार मानते हैं, वही आज सबसे अधिक संकटग्रस्त संसाधन बन चुका है। देश-दुनिया में जल संकट के हालात विकराल हो चुके हैं और यह संकट अब केवल प्राकृतिक नहीं, बल्कि मानवीय लापरवाही, भ्रष्टाचार और मूल्यहीन शासन का भी परिणाम बनता जा रहा है। विश्व स्तर पर लगभग 25 देश अत्यधिक जल तनाव से जूझ रहे हैं। चार अरब से अधिक लोग वर्ष में कम से कम एक माह पानी की गंभीर कमी का सामना करते हैं। मध्य पूर्व, उत्तरी अफ्रीका और दक्षिण एशिया जैसे क्षेत्र इस संकट की अग्रिम पंक्ति में खड़े हैं। भारत भी इससे अछूता नहीं है। यहां 60 करोड़ से अधिक लोग उच्च जल तनाव वाले क्षेत्रों में रहते हैं। राजस्थान, महाराष्ट्र, पंजाब, हरियाणा और तमिलनाडु जैसे राज्य सबसे अधिक प्रभावित हैं, जबकि चेन्नई, बेंगलूरु और दिल्ली जैसे महानगरों में पानी की कमी रोजमर्रा की समस्या बन चुकी है।

दरअसल, जल संकट अब वाटर स्ट्रेस से आगे बढ़कर ग्लोबल वाटर बैंक्रप्सी यानी दुनिया जल के वैश्विक दिवालियेपन की ओर बढ़ रही है। स्थिति यह है कि जल स्रोतों का दोहन इतनी तीव्रता से हो रहा है कि उनकी प्राकृतिक भरपाई असंभव होती जा रही है। भूजल स्तर निरंतर गिर रहा है, नदियां सूख रही हैं और तालाब अतिक्रमण की भेंट चढ़ रहे हैं। यह संकट केवल पर्यावरणीय नहीं, बल्कि सामाजिक, आर्थिक और नैतिक संकट भी है। जल संकट का सीधा प्रभाव अर्थव्यवस्था पर पड़ रहा है। कृषि, उद्योग और ऊर्जा-तीनों ही क्षेत्र पानी पर निर्भर हैं। जब खेतों को पानी नहीं मिलता, उद्योग ठप होते हैं और बिजली उत्पादन प्रभावित होता है, तो देश की जीडीपी में 6 प्रतिशत तक की कमी का खतरा उत्पन्न हो जाता है। आमजन के लिए यह संकट जीवन और मृत्यु के बीच का अंतर बन जाता है। जहां पानी पर्याप्त है, वहां बबार्दी हो रही है और जहां पानी की सबसे अधिक आवश्यकता है, वहां लोग बूंद-बूंद को तरस रहे हैं। भारत सरकार ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जल संरक्षण को राष्ट्रीय प्राथमिकता का विषय बनाया है। जल जीवन मिशन, अटल भूजल योजना और प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना जैसे कार्यक्रम इसी दिशा में



ऐतिहासिक पहल हैं। जल जीवन मिशन का लक्ष्य हर घर तक नल से जल पहुंचाना है, ताकि स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल सुनिश्चित किया जा सके। अटल भूजल योजना भूजल के सतत प्रबंधन और सामुदायिक सहभागिता पर केंद्रित है। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना हर खेत को पानी के संकल्प को साकार करने का प्रयास है। इसके साथ ही जल शक्ति अभियान के तहत वर्षा जल संचयन, जल संरक्षण और जनभागीदारी पर विशेष जोर दिया गया। इन योजनाओं ने निश्चित रूप से जल संरक्षण के प्रति राष्ट्रीय चेतना को जाग्रत किया है। कई क्षेत्रों में वर्षा जल संचयन संरचनाएं बनी हैं, ड्रिप और स्प्रिंकलर सिंचाई को बढ़ावा मिला है और भूजल पुनर्भरण के प्रयास हुए हैं। लेकिन इस सकारात्मक तस्वीर के पीछे एक कड़वी सच्चाई भी छिपी है- प्रशासनिक भ्रष्टाचार। यही वह दीमक है जो इन योजनाओं की उपयोगिता और प्रासंगिकता को नष्ट कर रही है, उन्हें मूल्यहीन बना रही है।

जल संकट से जुड़ी योजनाओं में भ्रष्टाचार कई रूपों में दिखाई देता है-घटिया निर्माण, फर्जी आंकड़े, अधूरी परियोजनाएं, कमीशनखोरी और जवाबदेही का अभाव। कहीं कागजों में ही वर्षा जल संचयन संरचनाएं बन जाती हैं, तो कहीं पाइपलाइन बिछाने में घटिया सामग्री का उपयोग होता है। कई स्थानों पर योजनाओं का लाभ वास्तविक जरूरतमंदों तक पहुंच ही नहीं पाता। परिणाम यह होता है कि करोड़ों रुपये खर्च हो जाते हैं, लेकिन न पानी मिलता है और न संकट कम होता है। भ्रष्टाचार केवल धन की बबार्दी नहीं करता, वह भविष्य की पीढ़ियों का अधिकार भी छीन लेता है। इन जटिल होती जल संकट स्थितियों के प्रति नहीं चेते तो आने वाली पीढ़ियों को बूंद-बूंद के लिये तरसना पडेगा। जल जैसे जीवनदायी संसाधन के साथ किया गया भ्रष्टाचार वास्तव में मानवता के साथ अपराध है। जब जल संरक्षण की योजनाएं कागजों में सिमट जाती हैं, तब जल संकट और भी गहरा हो जाता है। यही कारण है कि आज



योजनाएं तो हैं, नीतियां भी हैं, लेकिन परिणाम अपेक्षित नहीं हैं। इसके साथ ही जलवायु परिवर्तन, अतिदोहन, अनियंत्रित शहरीकरण और खराब प्रबंधन इस संकट को और बढ़ा रहे हैं। नदियों के प्राकृतिक प्रवाह को रोका गया, तालाब पाट दिए गए और जंगलों का विनाश किया गया। परिणामस्वरूप वर्षा का पैटर्न बदल गया और जल स्रोत सूखते चले गए। यह स्पष्ट है कि केवल सरकारी योजनाओं से ही समाधान संभव नहीं, जब तक समाज स्वयं जिम्मेदारी न ले।

दुनिया के अन्य देशों से हमें बहुत कुछ सीखने की आवश्यकता है। इजराइल में ड्रिप इरिगेशन और डिसेलिनेशन तकनीक से 90 प्रतिशत तक पानी का पुनर्चक्रण किया जा रहा है। ऑस्ट्रेलिया में वाटर ट्रेडिंग के माध्यम से जल संसाधनों का न्यायसंगत वितरण सुनिश्चित किया गया है। अमेरिका में अपशिष्ट जल का पुनः उपयोग और यूरोप में स्मार्ट वाटर मैनेजमेंट सिस्टम जल संकट से निपटने के प्रभावी उपाय बने हैं। भारत में भी राजस्थान जैसे राज्यों में जोहड़, खादिन और बावड़ियों जैसे पारंपरिक जल संरचनाएं आज भी प्रेरणा का स्रोत हैं। समाधान का रास्ता स्पष्ट है-कठोर नीतियां, पारदर्शी प्रशासन और जनभागीदारी। जल संरक्षण से जुड़ी योजनाओं में भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति अपनानी होगी। तकनीक का उपयोग कर निगरानी और सामाजिक ऑडिट को अनिवार्य बनाना होगा। आमजन को भी जागरूक होना पड़ेगा कि वर्षा जल संचयन, जल की बचत, ड्रिप सिंचाई और अपशिष्ट जल का पुनः उपयोग केवल विकल्प नहीं, बल्कि आवश्यकता हैं। भारत में विश्व की कुल आबादी का लगभग 18 प्रतिशत हिस्सा निवास करता है, जबकि देश में पीने योग्य जल संसाधनों का मात्र 4 प्रतिशत भाग ही उपलब्ध है। देश में अत्यधिक जल दोहन तथा अकुशल प्रबंधन के कारण भू-जल स्तर में निरंतर गिरावट आ रही है। इसके परिणामस्वरूप आने वाले समय में देश को गंभीर जल संकट का सामना करना पड़ सकता है। नीति आयोग के अनुसार, वर्तमान में स्वच्छ जल की अपर्याप्त पहुँच के कारण लगभग 60 करोड़ भारतीय गंभीर जल संकट का सामना कर रहे हैं तथा इसके कारण प्रतिवर्ष लगभग 2 लाख लोगों की मृत्यु होती है। वर्ष 2030 तक देश में जल की मांग, आपूर्ति की दोगुनी होने की संभावना है।

इससे देश में करोड़ों लोगों को जल के गंभीर संकट का सामना करना पड़ेगा तथा देश के सकल घरेलु उत्पाद में 6 प्रतिशत की हानि होने की संभावना है। आज समय बहुत कम है। यदि अभी भी हम नहीं चेते, तो आने वाली पीढ़ियां हमें कभी माफ नहीं करेंगी। जल का संकट केवल वर्तमान का नहीं, भविष्य का प्रश्न है। जल है तो जीवन है-इस सत्य को हमें व्यवहार में उतारना होगा। भ्रष्टाचार मुक्त जल प्रबंधन, जिम्मेदार प्रशासन और जागरूक नागरिक ही हमें इस जल-संकट से बचा सकते हैं। अन्यथा वह दिन दूर नहीं जब इतिहास गवाह बनेगा कि मानव ने अपने ही हाथों से जीवन के स्रोत को नष्ट कर दिया। भू-जल प्रबंधन, कुशल सिंचाई प्रबंधन एवं वर्षा जल संचयन उपायों को अपनाकर भविष्य के जल संकट को कम किया जा सकता है।

# क्या नोएडा के युवा इंजीनियर युवराज की मौत से सिस्टम लेगा सबक?

दीपक कुमार त्यागी

नोएडा के युवा साफ्टवेयर इंजीनियर युवराज मेहता की मौत ने देश के सिस्टम में व्याप्त लापरवाही पूर्ण सोच व खामियों की एकबार फिर से पोल खोलने का कार्य कर दिया है। दुर्घटना के बाद किसी के घर का चिराग सिस्टम की लापरवाही से पूरी वीरता से लड़ते हुए कुंभकर्णी नींद में सो रहे सिस्टम को जगाने के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर गया है। इस हृदयविदारक घटना के बाद से ही उत्तर प्रदेश के सिस्टम में हड़कंप मचा हुआ है, जिसके चलते ही तत्काल नोएडा प्राधिकरण ने इस घटना की जांच कराने की घोषणा कर दी थी और प्रारंभिक जांच के आधार पर अपनी गाज गिराते हुए एक इंजीनियर की नौकरी से समाप्ति तक की कार्रवाई कर दी, वहीं युवराज के पिता ने भी एफआईआर दर्ज करवाई है, और नोएडा प्रशासन ने भी दो लापरवाह बिल्डरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई है, जिस पर पुलिस जांच कर-के आगे की कार्रवाई करेगी।

वहीं इस दुखद घटना का उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को संज्ञान लेते हुए तीन सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन करते पांच दिन में जांच रिपोर्ट तलब करने आदेश दिए हैं, एसआईटी के गठन के तुरंत बाद ही नोएडा प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम. (आईएएस) को हटा कर प्रतिक्षा सूची में रख दिया गया है। लेकिन इस घटना के बाद लगता है कि ऐसी भयंकर लापरवाही वाली स्थिति में क्या कभी भारत को विश्वगुरु बनाया जा सकता है। हमें ध्यान रखना चाहिए कि भारत को विश्वगुरु बनाने के सपना को धरातल पर साकार होते हुए देखना हर देशभक्त भारतीय का अपना सपना है। लेकिन देश के सिस्टम में बैठे हुए कुछ लोगों का लापरवाही पूर्ण व भ्रष्टाचार युक्त आचरण इस में सबसे बड़ा बाधक है, अगर ऐसा ही चलता रहा तो यह सपना धरातल पर कैसे मूर्तरूप लेगा, यह एक बड़ा सवाल हर देशभक्त भारतीय के जहन में अक्सर घूमता रहता है। नोएडा में सिस्टम में बैठे कुछ लोगों की लापरवाही का एक उदाहरण शुक्रवार की रात नोएडा में हुई एक कार दुर्घटना के बाद देखने को मिला, जिस तरह



से नोएडा में दिलो-दिमाग को झकझोर देने वाली दर्दनाक घटना घटित हुई, उसने दुनिया में हमें उपहास का पात्र बना दिया है, क्योंकि देश एक तरफ तो चंद्रमा व मंगल तक अंतरिक्ष की ऊंचाई को छूने का कार्य कर रहा है, वहीं सागर की गहराइयों को चीरते हुए तल तक जा रहा है, लेकिन सिस्टम को बचाव का पूरा समय मिलने के बावजूद भी सिस्टम में बैठे हुए कुछ लोगों की अनिर्णय की स्थिति या लापरवाही के चलते देश के भविष्य 27 वर्षीय युवा इंजीनियर को जमीन पर भी नहीं बचा पा रहा है, जो ठीक नहीं है।

यहां आपको बता दें कि इंजीनियर युवराज मेहता की शुक्रवार की रात 12:05 पर अनियंत्रित कार नोएडा में दुर्घटना के बाद एक नाले की दीवार को तोड़ते हुए बिल्डर के द्वारा बेसमेंट के लिए खोदकर छोड़े गए गहरे गड्ढे में गिर गई थी और समय रहते ही युवराज ने फोन करके 12.25 बजे घटना स्थल के पास ही स्थित अपने घर पर पिता को अपने साथ हुई दुर्घटना की जानकारी दी थी। जिसके बाद युवराज के पिता ने भी पुलिस को समय रहते हुए अवगत करा दिया था। सूत्रों के अनुसार 12.41 पर कंट्रोल रूम से कोतवाली प्रभारी के पास फोन आया था, जिसके चलते ही घटनास्थल पर कुछ समय के बाद ही 12.50 पर पुलिस फोर्स और दमकल कर्मी और 1.15 पर एसडीआरएफ की टीम पहुंच गयी थी। युवराज की जान बचाने के लिए सिस्टम ने प्रयास भी शुरू कर दिए थे, लेकिन अफसोस ना जाने क्यों वहां मौजूद सिस्टम विफल रहा और 1.45 पर बेसमेंट में भरे पानी में युवा इंजीनियर युवराज कार समेत डूब गया। 1.55 बजे गाजियाबाद से एनडीआरएफ टीम घटनास्थल पर पहुंची थी, लेकिन शायद जबतक युवराज को काल ने अपना ग्रास बना लिया था, जिसके बाद युवराज की तलाश शुरू हुई, 4.30 बजे युवराज के शरीर को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसे डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद देशवासी हतप्रभ हैं कि इक्कीसवीं सदी के आधुनिक भारत में आखिर ऐसे कैसे काम चलेगा। मृतक के पिता के आरोप, मीडिया की रिपोर्ट व सूत्रों के अनुसार 27 वर्षीय युवा इंजीनियर युवराज ने कड़ाके की ठंड में जान बचाने की एक लंबी जद्दोजहद के दौरान डूबने से पहले कार की छत पर अपने पिता, सिस्टम के लोगों व अन्य लोगों के सामने लगभग 80-90 मिनट तक पूरे हौसले के साथ संघर्ष किया था। जबकि युवराज को बचाने के लिए पुलिस, दमकल विभाग और स्टेट डिजास्टर रिस्पॉन्स फोर्स की टीमें समय रहते मौकें पर मौजूद थी, लेकिन अफसोस तीनों विभाग की टीम भी मिलकर युवराज को नहीं बचा पायी। जिसके बाद से पिता व प्रत्यक्षदर्शियों के आरोप हैं कि कुछ महत्वपूर्ण संसाधनों के अभाव और बचाव टीम के कड़ाके की ठंड के चलते उचित प्रयासों के अभाव के चलते ही युवा युवराज की जान बचाने में विफलता हाथ लगी है, जिसकी सत्यता का एसआईटी की जांच में जल्द ही खुलासा हो जायेगा। मुख्यमंत्री योगी के द्वारा गठित एसआईटी की जांच रिपोर्ट आने के बाद पुलिस व प्रशासन के अन्य लोगों पर गाज गिरनी तय है। लेकिन अब इक्कीसवीं सदी के आधुनिक शक्तिशाली भारत के हुक्मरानों व सिस्टम के सामने विचारणीय तथ्य यह है कि देश के दिल राजधानी दिल्ली से सटे क्षेत्र में नोएडा में डूबने से पहले कार की छत पर 80-90 मिनट तक एक 27 वर्षीय युवा जान बचाने के लिए संघर्ष करता रहता है और वहीं उस युवा को बचावकर्मियों की लगभग 80 कर्मियों की एक लंबी चौड़ी टीम मिलकर भी नहीं बचा पाए, यह स्थिति बेहद ही चिंताजनक व विचारणीय है। कार दुर्घटना के बाद डूबकर जान गंवाने वाले सॉफ्टवेयर इंजीनियर युवराज मेहता की यह कहानी दिल को झकझोर देने वाली और बेहद दर्दनाक है कि कैसे 27 वर्षीय युवराज मेहता ने खुद को अंतिम समय तक बचाने की भरसक कोशिश की थी, उसने दुर्घटना के बाद भी जबरदस्त हिम्मत से काम लिया।

## हमारी किताब का विमोचन

संतोष उत्सुक

(व्यंग्य)

किसी सही शुभचिंतक ने बेमिसाल राय दी कि जो कुछ यानी कविता, कहानी, लेख और टिप्पणियां लिखी हुई हैं सब को इक्कठा कर संग्रह छपवा देंगे। उन्होंने खुद ही प्रकाशक से बात की और पुस्तक छप गई। उन्होंने ही बताया कि सौ किताबें लिखकर और छपवाकर, समाज का भला करने वाले लेखक से प्रेरणा लेकर, एक किताब के आधा दर्जन विमोचन तो करवा ही सकते हैं।

जनवरी के महीने में भी कई प्रसिद्ध पर्यटक स्थलों पर बर्फ नहीं पड़ी। इस बात का मुझे ज्यादा गम नहीं मुझे तो इस बात की ज्यादा खुशी है कि मुश्किल से आई मेरी किताब, पुस्तकों के मेले में एक दिन में एक बार नहीं तीन चार बार विमोचित हो रही है। बहुत आनंद आ रहा है। छोटे शहर में रहने वालों को, बढ़िया



लोकार्पण की दिक्कत हमेशा रहती है। किताब का विमोचन तो यादगार अवसर होता है, तरीके से होना चाहिए। यह भी क्या विमोचन हुआ कि छुटभैया नेता आए हुए थे, लेखक गया उनके हाथ में किताब पकड़ाई और निबटा दिया । पहले तो किताब लिखना मुश्किल है, लिख लो तो सम्पादन करना फिर छपवाना मुश्किल और हां, लिखने और छपने से पहले तो पढ़ना भी पड़ता है जो सबसे मुश्किल है। खैर, अब यह सुविधा तो हो गई कि छपवा लो और विमोचन करने वालों की कमी नहीं।

किसी सही शुभचिंतक ने बेमिसाल राय दी कि जो कुछ यानी कविता, कहानी, लेख और टिप्पणियां लिखी हुई हैं सब को इक्कठा कर संग्रह छपवा देंगे। उन्होंने खुद ही प्रकाशक से बात की और पुस्तक छप गई। उन्होंने ही बताया कि सौ किताबें लिखकर और छपवाकर, समाज का भला करने वाले लेखक से प्रेरणा लेकर, एक किताब के आधा दर्जन विमोचन तो करवा ही सकते हैं। हमने तो अपने भले और प्रसिद्धि के लिए करना है। कुछ ऐसे भी होंगे जो सोचते रह गए होंगे। अपनी किताब का तो सब संपन्न हो गया। इस उपलक्ष्य में बहुत ज्यादा बिकने वाले भटूरे छोले भी खाए तो पता चला भटूरे छोले भी इतिहास रचने में स्वादिष्ट भूमिका निभाते हैं। विमोचन बारे सुझाव देने वाले कहते हैं कि पुस्तक के पहले संस्करण का या एक संस्करण का एक बार ही विमोचन होना चाहिए, नैतिकता भी यही चाहती है। विमोचन बार बार हो तो अच्छा ही लगता है। हमारे पैसों से खरीदी बर्फी या गुलाब जामुन से हो रहा है तो किसी की नैतिकता को ठंड क्यूं लग रही। यह कोई संवैधानिक मामला तो है नहीं कि तर्क ढूंढा जाए। हमारे शुभ चिन्तक और लोकार्पण करने वाले सहर्ष तैयार हैं तो ग्यारह क्या इक्कीस बार भी करवा सकते हैं। एक दो बार तो बिना मुंह मीठा करवाए ही हो गया क्यूंकि दो मुख्य अतिथि ऐसे मिले जो निजी चीनी की मिठास से कड़वाहट में थे। हमने नकली बुद्धि से असली सहयोग लिया, पत्नी की पुरानी फोटो नए अवतरण में किताब के कवर पर लगा दी, जिससे घर के कोने कोने में खुशी का कालीन बिछ गया। आशा बंधी कुछ किताबें अपनी सखियों को जरूर देंगी, जिसमें से शर्म के मारे दो चार भुगतान भी कर देंगी। इस तरह दूसरे भी प्रेरित होंगे, क्यूंकि यह भी छपता रहता है कि किताब खरीदकर पढनी चाहिए। कई लेखक मेले में जा नहीं पाते लेकिन विमोचन तो हो ही जाता है। हम तो किताब के बहाने वहां गए भी और विमोचन भी कई बार हो गया । जिंदगी में पहली बार साहित्यकारों का मेला और रेला दोनों देखे। विशाल आकर्षक कट आउट्स, लाईटें, कलात्मक अंदाज में सजाई किताबें, इतनी शानदार जगह पर मुझ जैसे सामान्य व्यक्ति की किताब का विमोचन हुआ। सच मानिए अगले साल तक दूसरी किताब लिख देने और उसका विमोचन ज्यादा विशाल स्तर पर करवाने की प्रेरणा मिल गई। एक साल बीतने में क्या देर लगती है।


## लोक कथा

# शेर

मैं तो शहर से या आदमियों से डरकर जंगल इसलिए भागा था कि मेरे सिर पर सींग निकल रहे थे और डर था कि किसी-न-किसी दिन कसाई की नजर मुझ पर जरूर पड़ जाएगी। जंगल में मेरा पहला ही दिन था जब मैंने बरगद के पेड़ के नीचे एक शेर को बैठे हुए देखा। शेर का मुँह खुला हुआ था। शेर का खुला मुँह देखकर मेरा जो हाल होना था वही हुआ, यानी मैं डर के मारे एक झाड़ी के पीछे छिप गया। मैंने देखा कि झाड़ी की ओट भी गजब की चीज है। अगर झाड़ियाँ न हों तो शेर का मुँह-ही-मुँह हो और फिर उससे बच पाना बहुत कठिन हो जाए। कुछ देर के बाद मैंने देखा कि जंगल के छोटे-मोटे जानवर एक लाइन से चले आ रहे हैं और शेर के मुँह में घुसते चले जा रहे हैं। शेर बिना हिले-डुले, बिना चबाए, जानवरों को गटकता जा रहा है। यह दृश्य देखकर मैं बेहोश होते-होते बचा। अगले दिन मैंने एक गधा देखा जो लंगड़ाता हुआ शेर के मुँह की तरफ चला जा रहा था। मुझे उसकी बेवकूफी पर सख़्त गुस्सा आया और मैं उसे समझाने के लिए झाड़ी से निकलकर उसके सामने आया। मैंने उससे पूछा, तुम शेर के मुँह में अपनी इच्छा से क्यों जा रहे हो? उसने कहा, वहाँ हरी घास का एक बहुत बड़ा मैदान है। मैं वहाँ बहुत आराम से रहूँगा और खाने के लिए खूब घास मिलेगी। मैंने कहा, वह शेर का मुँह है। उसने कहा, गधे, वह शेर का मुँह जरूर है, पर वहाँ है हरी घास का मैदान। इतना कहकर वह शेर के मुँह के अंदर चला गया। फिर मुझे एक लोमड़ी मिली। मैंने उससे पूछा, तुम शेर के मुँह में क्यों जा रही हो? उसने कहा, शेर के मुँह के अंदर रोजगार का दफ़्तर है। मैं वहाँ दरख़्वास्त दूँगी, फिर मुझे नौकरी मिल जाएगी। मैंने पूछा, तुम्हें किसने बताया। उसने कहा, शेर ने। और वह शेर के मुँह के अंदर चली गई। फिर एक उल्लू आता हुआ दिखाई दिया। मैंने उल्लू से सवाल किया। उल्लू ने कहा, शेर के मुँह के अंदर स्वर्ग है। मैंने कहा, नहीं, यह कैसे हो सकता है। उल्लू बोला, नहीं, यह सच है और यही निर्वाण का एकमात्र रास्ता है। और उल्लू भी शेर के मुँह में चला गया। अगले दिन मैंने कुत्तों के एक बड़े जुलूस को देखा जो कभी हँसते-गाते थे और कभी विरोध में चीखते-चिल्लाते थे। उनकी बड़ी-बड़ी लाल जीभें निकली हुई थीं, पर सब दुम दबाए थे। कुत्तों का यह जुलूस शेर के मुँह की तरफ बढ़ रहा था। मैंने चीखकर कुत्तों को रोकना चाहा, पर वे नहीं रुके और उन्होंने मेरी बात अनसुनी कर दी। वे सीधे शेर के मुँह में चले गए। कुछ दिनों के बाद मैंने सुना कि शेर अहिंसा और सह-अस्तित्ववाद का बड़ा जबरदस्त समर्थक है इसलिए जंगली जानवरों का शिकार नहीं करता। मैं सोचने लगा, शायद शेर के पेट में वे सारी चीजें हैं जिनके लिए लोग वहाँ जाते हैं और मैं भी एक दिन शेर के पास गया। शेर आँखें बंद किए पड़ा था और उसका स्टाफ आफिस का काम निपटा रहा था। मैंने वहाँ पूछा, क्या यह सच है कि शेर साहब के पेट के अंदर, रोजगार का दफ़्तर है? बताया गया कि यह सच है। मैंने पूछा, कैसे? बताया गया, सब ऐसा ही मानते हैं। मैंने पूछा, क्यों? क्या प्रमाण है? बताया गया, प्रमाण से अधिक महत्त्वपूर्ण है विश्वास? मैंने कहा, और यह बाहर जो रोजगार का दफ़्तर है? बताया गया, मिथ्या है। मैंने कहा, तुम लोग मुझे उल्लू नहीं बना सकते। वह शेर का मुँह है। शेर के मुँह और रोजगार के दफ़्तर का अंतर मुझे मालूम है। मैं इसमें नहीं जाऊँगा। मेरे यह कहते ही गौतम बुद्ध की मुद्रा में बैठा शेर दहाड़कर खड़ा हो गया और मेरी तरफ झपट पड़ा।

## पंचतंत्र कहानी

# गीदड़ गीदड़ है और शेर शेर



एक जंगल में शेर-शेरनी का युगल रहता था । शेरनी के दो बच्चे हुए । शेर प्रतिदिन हिरणों को मारकर शेरनी के लिये लाता था । दोनों मिलकर पेट भरते थे । एक दिन जंगल में बहुत घूमने के बाद भी शाम होने तक शेर के हाथ कोई शिकार न आया । खाली हाथ घर वापिस आ रहा था तो उसे रास्ते में गीदड़ का बच्चा मिला। बच्चे को देखकर उसके मन में दया आ गई; उसे जीधित ही अपने मुख में सुरक्षा-पूर्वक लेकर वह घर आ गया और शेरनी के सामने उसे रखते हुए बोला- "प्रिये ! आज भोजन तो कुछ.मिला नहीं । रास्ते में गीदड़ का यह बच्चा खेल रहा था । उसे जीवित ही ले आया हूँ । तुझे भूख लगी है तो इसे खाकर पेट भरले । कल दूसरा शिकार लाऊँगा ।" शेरनी बोली- "प्रिय ! जिसे तुमने बालक जानकर नहीं मारा, उसे मारकर मैं कैसे पेट भर सकती हूँ ! मैं भी इसे बालक मानकर ही पाल लूँगी । समझ लूँगी कि यह मेरा तीसरा बच्चा है ।" गीदड़ का बच्चा भी शेरनी का दूध पीकर खूब पुष्ट हो गया । और शेर के अन्य दो बच्चों के साथ खेलने लगा।

शेर-शेरनी तीनों को प्रेम से एक समान रखते थे । कुछ दिन बाद उस वन में एक मत्त हाथी आ गया । उसे देख कर शेर के दोनों बच्चे हाथी पर गुर्राते हुए उसकी ओर लपके । गीदड़ के बच्चे ने दोनों को ऐसा करने से मना करते हुए कहा- "यह हमारा कुलशत्रु है । उसके सामने नहीं जाना चाहिये । शत्रु से दूर रहना ही ठीक है ।" यह कहकर वह घर की ओर भागा । शेर के बच्चे भी निरुत्साहित होकर पीछे. लौट आये । घर पहुँच कर शेर के दोनों बच्चों ने माँ-बाप से गीदड़ के बच्चे के भागने की शिकायत करते हुए उसकी कायरता का उपहास किया । गीदड़ का बच्चा इस उपहास से बहुत क्रोधित हो गया । लाल-लाल आंखें करके और होठों को फड़फड़ाते हुए वह उन दोनों को जली-कटी सुनाने लगा । तब, शेरनी ने उसे एकान्त में बुलाकर कहा कि- "इतना प्रलाप करना ठीक नहीं, वे तो तेरे छोट्टे भाई हैं, उनकी बात को टाल देना ही अच्छा.है ।" गीदड़ का बच्चा शेरनी के समझाने-बुझाने पर और भी भड़क उठा और बोला- "मैं बहादुरी में, विद्या में या कौशल में उनसे किस बात में कम हूँ, जो वे मेरी हँसी उड़ाते हैं; मैं उन्हें इसका मजा.चखाऊँगा, उन्हें मार डालूँगा ।" यह सुनकर शेरनी ने हँसते-हँसते कहा- "तू बहादुर भी है, विद्वान भी है, सुन्दर भी है, लेकिन जिस कुल में तेरा जन्म हुआ है उसमें हाथी नहीं मारे जाते। समय आ गया है कि तुझ से सच बात कह दी देनी चाहिये । तू वास्तव में गीदड़ का बच्चा है । मैंने तुझे अपना दूध देकर पाला है । अब इससे पहले कि तेरे भाई इस सचाई को जानें, तू यहाँ से भागकर अपने स्वजातियों से मिल जा। अन्यथा वह तुझे जीता नहीं छोड़ेंगे।" यह सुनकर वह डर से काँपता हुआ अपने गीदड़ दल में आ मिला।

# आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए जागरूक कर रही यात्रा

## मैनपुरी पहुंची स्वदेशी संकल्प यात्रा का किया गया भव्य स्वागत



भांवत चौराहे पर स्वागत करते मनेश चौहान।



आवास विकास पर स्वागत करते अतुल पांडे व अन्य।

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**मैनपुरी।** स्वदेशी जागरण मंच और स्वदेशी स्वावलंबी भारत अभियान के तहत उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के विभिन्न जिलों में निकाली जा रहीं स्वदेशी संकल्प यात्रा के मैनपुरी पहुंचने पर शहर में कई स्थानों पर भव्य स्वागत किया गया। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य देश में स्वदेशी वस्तुओं के प्रति जागरूकता बढ़ाना और आत्मनिर्भर भारत के लिए स्थानीय उत्पादों के उपयोग को बढ़ावा देना है।

स्वदेशी संकल्प यात्रा का नेतृत्व अनुपम श्रीवास्तव, कौशल किशोर शर्मा और अजय वत्सल कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि यह यात्रा लखनऊ से शुरू हुई है और प्रदेश के सभी जिलों तथा शहरों में व्यापारियों को स्वदेशी अपनाने के लिए जागरूक कर रही है। स्वदेशी संकल्प यात्रा के मैनपुरी पहुंचने पर सबसे पहले करहल इटावा मार्ग स्थित रेलवे क्रॉसिंग पर स्वदेशी जागरण मंच के प्रांत सह संयोजक सुशील चौहान के नेतृत्व में यात्रा में शामिल अतिथियों का नगर पालिका चेयरमैन प्रतिनिधि भाजपा नेता आलोक गुप्ता, नगर पालिका चेयरमैन संगीता गुप्ता, राहुल राठौर ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया, जिसके बाद यात्रा करहल चौराहे पर पहुंची, जहां पर अखिलेश चौहान व उनके साथियों द्वारा भव्य स्वागत किया गया, जिसके बाद यात्रा ने करहल चौराहे से भांवत चौराहे की तरफ प्रस्थान किया।

**भांवत चौराहे पर किया गया यात्रा का स्वागत-** स्वदेशी संकल्प यात्रा के भांवत चौराहे पर पहुंचने पर ब्लॉक प्रमुख मनेश चौहान सहित अन्य लोगो ने भव्य स्वागत किया। भांवत चौराहे से आवास विकास की तरफ यात्रा का प्रस्थान हुआ आवास विकास पहुंचने पर



रेलवे क्रासिंग के पास स्वागत करते आलोक गुप्ता व अन्य।



करहल चौराहे पर स्वागत करते अखिलेश चौहान।



मैनपुरी में यात्रा का स्वागत करते लोग।



सुभाष चन्द्र वोस की प्रतिमा माल्यार्पण करते लोग।

अतुल पांडेय के प्रतिष्ठान पर स्वदेशी संकल्प यात्रा का स्वागत किया गया। जहां पर सभी लोगो ने स्वदेशी अपनाने का संकल्प भी लिया।

**40 जिला, तीन हजार किलोमीटर भ्रमण करेगी संकल्प यात्रा-** स्वदेशी जागरण मंच के प्रांत सह संयोजक सुशील चौहान ने बताया कि स्वदेशी संकल्प यात्रा उत्तरप्रदेश और उत्तराखंड के 40 जिलो में तीन हजार किलो मीटर के सफर का भ्रमण करके लोगो को स्वदेशी अपनाने के लिए जागरुक करेगी। उन्होने बताया कि यात्रा उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के विभिन्न शहरों, कस्बों और गांवों में पहुंचकर लोगों को स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग, उद्यमिता, स्वरोजगार तथा आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए जागरूक कर रही है।




मैनपुरी स्वागत समारोह के दौरान संकल्प यात्रा टीम।

### ऑनलाइन व्यापार का विरोध यात्रा का मुख्य उद्देश्य

स्वदेशी जागरण मंच पूर्वी उत्तर प्रदेश के क्षेत्र संयोजक और यात्रा प्रभारी अनुपम श्रीवास्तव ने यात्रा के उद्देश्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इसका मुख्य लक्ष्य ऑनलाइन व्यापार का विरोध करना और लोगों को स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने के लिए प्रेरित करना है। यात्रा के माध्यम से लोगों को विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार करने और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प से जुड़ने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों को स्वदेशी अपनाने का संकल्प भी दिलाया गया।

### स्वदेशी संकल्प यात्रा में इनका हुआ स्वागत

मैनपुरी पहुंची स्वदेशी संकल्प यात्रा के दौरान पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र संयोजक अनुपम श्रीवास्तव, प्रांत संगठन मंत्री विवेक कुमार, प्रांत सह संयोजक अजय आनंद सहित अनेक प्रमुख कार्यकर्ता यात्रा में मौजूद रहे।

### संकल्प यात्रा के स्वागत में यह रहे मौजूद

मैनपुरी पहुंची स्वदेशी संकल्प यात्रा के दौरान राहुल राठौर पूर्व क्षेत्रीय मंत्री, ब्रज क्षेत्र, आलोक गुप्ता क्षेत्रीय उपाध्यक्ष, ब्रज क्षेत्र, मनेश चौहान जी (ब्लॉक प्रमुख, जागीर), बंटी चौहान, शैलू चौहान बौद्धिक प्रमुख, सदर खंड, संजय सक्सेना जिला सहसंयोजक, स्वदेशी जागरण मंच, वेद प्रकाश मिश्र जिला सहसंयोजक, स्वदेशी जागरण मंच, अशोक चौहान जिला अध्यक्ष, सेवा भारती, पंकज गुप्ता जिला संयोजक, व्यापार प्रकोष्ठ, दीपप्रकाश कुलश्रेष्ठ जिला सहसंयोजक, शिक्षक प्रकोष्ठ, अंजूलता (महिला विभाग प्रमुख), अतुल पाण्डेय (जिला सह समरसता प्रमुख), अखिलेश चौहान (व्यापारी), राजू भदौरिया, वैभव, ऋतिक, ओमेंद्र (जिला सह संघचालक), परविंदर जी (जिला गौसेवा प्रमुख), गौरव चौहान जी (मंडल कार्यवाह), गौरीश चौहान जी (व्यापारी), शैलेन्द्र सिंह (सदर खंड कार्यवाह), दिनेश सिंह जी (सदर खंड संघचालक), धर्मेंद्र सिंह काकन जी (मंडल कार्यवाह), भानु चौहान जी (व्यापारी), कमलेंद्र जी (पूर्व जिलामंत्री, विश्व हिंदू परिषद), उपेंद्र गौर (प्रांत सदस्य, हिंदू जागरण मंच), गौतम चौहान (शिक्षक), अमित सिंह (कृषि), राजन सिंह (कृषि), देवेश कठेरिया (कृषि), सागर कठेरिया (कृषि), शिवराम सिंह (जिला सहसंयोजक, सैनिक प्रकोष्ठ), अंकित, आकाश (व्यापारी), अजय चौहान (व्यापारी), गोविंद सिंह (व्यापारी) आदि मौजूद रहे।

# ज्ञान और संस्कारों का उपयोग देश की प्रगति में करना चाहिए

## राजकीय पॉलिटेक्निक के दीक्षांत समारोह में वितरित किए गए डिप्लोमा, डिग्री

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**आलीपुर खेड़ा/मैनपुरी।** भोगांव क्षेत्र के छाछा स्थित राजकीय पॉलिटेक्निक परिसर में शनिवार को नौवें दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में वर्ष 2025 में उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को डिग्री और डिप्लोमा प्रदान किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रुप में भाग लेने पहुंचे ब्लॉक प्रमुख सुल्तानगंज प्रतिनिधि कश्मीर सिंह राजपूत ने दीक्षांत समारोह के दौरान छात्र-छात्राओं को सामाजिक उत्थान के लिए कार्य करने और अपने पेशेवर जीवन में ईमानदारी बनाए रखने की शपथ दिलाई गई।



मुख्य अतिथि कश्मीर सिंह राजपूत ने कहा कि विद्यार्थी समाज और राष्ट्र के भविष्य का आधार होते हैं। उन्होंने कहा कि संस्थान से प्राप्त ज्ञान और संस्कारों का उपयोग देश की प्रगति में करना चाहिए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की कामना की और उन्हें निरंतर सीखते रहने का संदेश दिया। विद्यार्थियों को जीवन में सदैव परिश्रम करना रहना चाहिए, विद्यार्थी को सदैव परिश्रम करना रहना चाहिए ताकि जीवन सफल हो सके विद्यार्थी का समय ऐसा होता है जो जीवन भर याद रहता हैं।

जो विद्यार्थी अपने अध्ययन के समय संयम से रहता है वह सदैव सफल रहता है। पॉलीटेक्निक के फाइनल में मैनपुरी जनपद में तृतीय स्थान पाने वाले रोहित राजपूत पुत्र नौलाख सिंह राजपूत निवासी मिलिकिया आलीपुर खेड़ा को मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि कश्मीर सिंह राजपूत ने प्रमाण पत्र व ट्रॉफी प्रदान की। रोहित राजपूत की इस उपलब्धि पर जिला पंचायत सदस्य शिवेंद्र कुमार उर्फ टीटू वर्मा, डॉ तालेराम वर्मा, सर्वेश चक, संतोष शाक्य, नीतेश शाक्य, जितेंद्र चक, नीतू सिंह पूर्व प्रधान, कृष्णा प्रजापति, अहिवरन सिंह प्रजापति, शिवम शाक्य, अभिलाख सिंह राजपूत, अजंट सिंह राजपूत, सुधीर शाक्य, सर्वेश कश्यप, गौरव श्रीवास्तव, शाहवान अली, अरविन्द शाक्य आदि ने बधाई दी है।

# जननायक कपूरी ठाकुर की शोभायात्रा पर फूलों की बारिश

## शोभायात्रा में शामिल होने के लिए क्षेत्र के गांवों से आई भीड़



मोर्निंग सिटी संवाददाता

**कुरावली/मैनपुरी।** शनिवार को जननायक कपूरी ठाकुर की जयंती पर सविता समाज की ओर से नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। कार्यक्रम का शुभारंभ सेवानिवृत्त जिला समाज कल्याण अधिकारी एवं सविता समाज के प्रदेश अध्यक्ष शिशुपाल सिंह ने भगवान गणेश व सप्त ऋषियों की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर किया। इसके बाद कपूरी ठाकुर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उनके विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया गया। शोभायात्रा जीटी रोड, सदरबाजार, बाईपास मार्ग होते हुए श्रीराम मैरिज होम तक निकाली गई। शोभायात्रा में सबसे आगे बैंड बज रहा था, जिसके पीछे गणेश, कपूरी ठाकुर व अन्य देवताओं की झांकियां चल रही थीं। अंत में सविता समाज की महिलाएं व युवा कपूरी ठाकुर के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे।

इस अवसर पर सुनील कुमार, गौरव श्रीवास्तव, संतोष श्रीवास्तव रजापुर, अच्छेश श्रीवास्तव, ओंकार श्रीवास्तव, मुन्नालाल, रामनरेश, सोनपाल, बलराम, रामप्रसाद, ज्ञान पाल, रामसेवक फौजी, अनु लाइट वाले सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# युवक को जहरीला पदार्थ खिलाकर हत्या का आरोप

## कुरावली क्षेत्र में अचेत अवस्था में मिला था युवक का शव

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**मैनपुरी।** औंछा थाना क्षेत्र के गांव भगवंतपुर निवासी युवक ने पत्नी के घर आने से मना करने के बाद जहरीला पदार्थ खाकर जान दे दी। शुक्रवार को युवक अचेत अवस्था में कुरावली क्षेत्र में मिला था। परिजन ससुरालीजन पर आरोप लगा रहे हैं। मौत का कारण जानने के लिए पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया है।

औंछा थाना क्षेत्र के गांव भगवंतपुर निवासी 24 वर्षीय करन उर्फ गौरव यादव की शादी तीन साल पहले थाना कुरावली थाना क्षेत्र के गांव बरौलिया निवासी युवती के साथ हुई थी। करीब चार माह पहले दोनों के बीच किसी बात पर अनबन होने के बाद पत्नी मायके चली गई थी। गुरुवार को पत्नी से फोन पर बातचीत के बाद करन उसे घर लाने के लिए ससुराल बरौलिया गया था। रात को ससुराल में ही रुका और सुबह पत्नी ने साथ आने से मना कर दिया। इसके बाद करन अकेले ही ससुराल से निकल आया। शाम को जब परिजन ने फोन किया तो युवक ने बताया कि वह काला खेत सोनई के पास है, उसके पिता नरेंद्र जब मौके पर पहुंचे तो हालत देख होश उड़ गए।



### सैफई पीजीआई ले जाते समय दम तोड़ दिया

करन ने कोई जहरीला पदार्थ खाया था। उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, वहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया, जिला अस्पताल से शुक्रवार रात मेडिकल कॉलेज ले जाते समय रास्ते में युवक ने दम तोड़ दिया। मृतक के बड़े भाई विपिन ने आरोप लगाया कि उसे ससुराल बुलाया गया, संभवतः वहां कोई जहरीला पदार्थ खिलाया गया है।

### पत्नी को लेने ससुराल गया था मृतक

प्रभारी निरीक्षक ललित भाटी ने बताया कि युवक पत्नी को लेने ससुराल आया था। वहां पत्नी के साथ चलने से मना करने के बाद क्षुब्ध होकर कोई जहरीला पदार्थ खाया है। मौत का सही कारण जानने के लिए शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। परिजन की तहरीर व रिपोर्ट के आधार पर पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई करेगी।

# उत्तर प्रदेश शिक्षा के क्षेत्र में लगातार तरक्की कर रहा

## सुदिती ग्लोबल एकेडमी में मनाया उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**मैनपुरी।** शनिवार को शहर के देवी बाईपास रोड स्थित सुदिती ग्लोबल एकेडमी परिसर उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस पर विविध शैक्षिक, रचनात्मक एवं सांस्कृतिक क्रियाकलापों का आयोजन किया गया। विद्यालय परिसर विद्यार्थियों की रचनात्मकता, उत्साह और प्रदेश-प्रेम से सराबोर दिखाई दिया।

इस अवसर पर छात्रों के लिए स्लोगन लेखन, पोस्टर निर्माण, रंगोली एवं निबंध लेखन प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों ने उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत, ऐतिहासिक महत्व, विकास यात्रा तथा गौरवशाली भविष्य को अत्यंत सुंदर एवं प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए उत्तर प्रदेश के विकास, उपलब्धियों एवं गौरव पर आधारित एक प्रेरणादायक वीडियो का प्रदर्शन भी किया गया। वीडियो के माध्यम से छात्रों को प्रदेश की ऐतिहासिक विरासत, स्वतंत्रता संग्राम में योगदान तथा वर्तमान समय में हो रहे विकास कार्यों की जानकारी प्राप्त हुई।



**उत्तर प्रदेश ने देश को दी अनेक विभूतियां-** वरिष्ठ प्रधानाचार्य डॉ. राम मोहन ने कहा कि उत्तर प्रदेश ने देश को अनेक महान विभूतियां दी हैं और आज यह प्रदेश शिक्षा, उद्योग, आधारभूत संरचना एवं सामाजिक विकास के क्षेत्र में निरंतर प्रगति कर रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, परिश्रम एवं सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

### विरासत पर गर्व करने का संदेश दिया

प्रशासनिक प्रधानाचार्य डॉ. कुसुम मोहन ने विद्यार्थियों की रचनात्मकता एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन छात्रों में आत्मविश्वास, सामाजिक चेतना एवं नैतिक मूल्यों का विकास करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी विरासत पर गर्व करने तथा उसे आगे बढ़ाने का संदेश दिया।

### प्रदेश और राष्ट्र के निर्माण में युवाओं की भूमिका

प्रबन्ध निदेशक डॉ. लव मोहन ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश और राष्ट्र के निर्माण में युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। विद्यार्थियों को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़े रहते हुए आधुनिक शिक्षा और तकनीक को अपनाना चाहिए। कार्यक्रम के सफल आयोजन में शिक्षकों का विशेष योगदान रहा, जिन्होंने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन एवं उत्साहवर्धन किया।

# गोपियां सज-धजकर नियत समय पर यमुना तट पहुंच गई

## भागवत कथा में महा रासलीला व रुक्मिणी विवाह का वर्णन

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**कुसमरा/मैनपुरी।** क्षेत्र के गांव धरमंगदपुर में माधव दुबे के आवास पर चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन कथावाचक अतुल कृष्ण द्विवेदी जी महाराज ने उधव चरित्र, महारासलीला व रुक्मिणी विवाह का वर्णन किया। कथावाचक ने कहा कि गोपियों ने भगवान श्रीकृष्ण से उन्हें पति रूप में पाने की इच्छा प्रकट की। भगवान श्रीकृष्ण ने गोपियों की इस कामना को पूरी करने का वचन दिया। अपने वचन को पूरा करने के लिए भगवान ने महारास का आयोजन किया। इसके लिए शरद पूर्णिमा की रात को यमुना तट पर गोपियों को मिलने के लिए कहा गया। सभी गोपियां सज-धजकर नियत समय पर यमुना तट पर पहुंच गईं। कृष्ण की बांसुरी की धुन सुनकर सभी गोपियां अपनी सुध-बुध खोकर कृष्ण के पास पहुंच गईं। उन सभी गोपियों के मन में कृष्ण के नजदीक जाने, उनसे प्रेम करने का भाव तो जागा, लेकिन यह पूरी तरह वासना रहित था। इसके बाद भगवान ने रास आरंभ किया।



माना जाता है कि वृंदावन स्थित निधिवन ही वह स्थान है, जहां श्रीकृष्ण ने महारास रचाया था। यहां भगवान ने एक अद्भुत लीला दिखाई थी, जितनी गोपियां उतने ही श्रीकृष्ण के प्रतिरूप प्रकट हो गए। सभी गोपियों को उनका कृष्ण मिल गया और दिव्य नृत्य व प्रेमानंद शुरू हुआ।

रुक्मिणी विवाह का वर्णन करते हुऐ कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने सभी राजाओं को हराकर विदर्भ की राजकुमारी रुक्मिणी को द्वारका में लाकर उनका विधिपूर्वक पाणिग्रहण किया। कथा में रामनरेश दुबे, राम नारायण मिश्र, मनोज दुबे,सुबोध अग्निहोत्री, रवी पांडेय, राजा मिश्रा, श्याम दुबे,शिवरतन पाठक,राकेश दुबे,प्रवीन दुबे,राकेश पाण्डेय, आलोक पांडेय, राकेश मिश्रा, अरुण मिश्रा, श्रीकांत दुबे, अरविंद दुबे, मुरली मनोहर दुबे, विशाल दुबे, राहुल पांडेय, दिनेश पांडेय सहित दर्जनों भक्तगण उपस्थित थे।

# जिस देश में बेटियों का सम्मान वह भारत देश महान

## राष्ट्रीय बालिका दिवस पर सेंट मेरीज स्कूल में कार्यक्रम



मॉर्निंग सिटी संवाददाता

**मैनपुरी।** शहर के आश्रम रोड स्थित सेंट मेरीज स्कूल की कचहरी रोड केजी सेक्शन में राष्ट्रीय बालिका दिवस (नेशनल गर्ल्स चाइल्ड डे) के बारे में बताया गया। अध्यापिका स्वाती श्रीवास्तव ने प्रार्थना सभा में बच्चों को बताया कि राष्ट्रीय बालिका दिवस हम 24 जनवरी को मनाते हैं। यह दिन बालिकाओं को आगे बढ़ाने, उनको समान अधिकार दिलाने के लिए होता है।

उन्होंने आगे बताया कि जिस देश में बेटियों को सम्मान दिया जाता है वह देश महान बनता है और हमेशा प्रगति करता है। पहले के समय में बेटा और बेटी में समानता नहीं थी परन्तु आज के समय में हमारे देश की बेटियाँ बहुत आगे की ओर अग्रसर हैं। आज हमारे देश की बेटी हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है चाहे वह चिकित्सा का क्षेत्र हो या शिक्षा का। इस अवसर पर केजी सैक्शन के बच्चों नें बेटी बचाओ और बेटी बढ़ाओ पर एक मनमोहक प्रस्तुति दी जिसमें बच्चियां लॉयर, टीचर, आर्टिस्ट, आइपीएस एवं पायलट आदि बनकर आई। इसके साथ ही केजी सेक्शन के बच्चों से 26 जनवरी के अवसर पर फ्लैग मेकिंग एक्टिविटी कराई गई इस एक्टिविटी में विद्यालय के सभी बच्चों ने बड़े ही हर्षोल्लास से प्रतिभाग किया।

इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्या मनोरमा, प्रबन्धक दीपक दास, सहायक निदेशक कुशाग्र दास, के0जी0 सैक्शन इन्चार्ज अंजना अधिकारी ने सभी बलिकाओं को गर्ल्स चाइल्ड डे की बधाई दी। इस अवसर पर सम्पूर्ण स्टाफ उपस्थित रहा।

# उत्तर प्रदेश केवल राज्य नहीं बल्कि भारत की आध्यात्मिक चेतना

## उत्तर प्रदेश दिवस पर योजनाओं के लाभार्थियों को दिया गया लाभ

मॉर्निंग सिटी संवाददाता

**मैनपुरी।** विकसित भारत, विकसित उत्तर प्रदेश थीम पर आयोजित उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को ऋण स्वीकृति पत्र, टूलकिट, आवास की चाबी, विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर कार्य करने वाले कार्मिकों को सम्मानित करने के पश्चात उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने उत्तर प्रदेश केवल भारत का एक राज्य नहीं बल्कि यह भारत की आध्यात्मिक चेतना, सांस्कृतिक विरासत और ऐतिहासिक गौरव का केंद्र है।

उन्होने कहा कि यह भूमि गंगा-यमुना की पुण्यधारा से सिंचित है, भारतीय संस्कृति का विश्व में शंखनाद करने वाला प्रदेश है। उन्होने कहा कि हम सौभाग्यशाली हैं कि हम उस प्रदेश के वासी हैं, जहां भगवान विष्णु, श्रीकृष्ण, प्रभु श्रीराम की जन्मभूमि स्थित है। भगवान श्रीराम ने उत्तर से दक्षिण तक यात्रा कर पूरे भारत को एक सूत्र में बांधा और समाज के वनवासी, गिरिवासी, आदिवासी तथा वंचित वर्गों को संगठित कर शक्ति का निर्माण किया, रावण जैसी सबसे बड़ी शक्ति को परास्त कर यह संदेश दिया कि संगठित समाज दुनिया की किसी भी ताकत को पराजित कर सकता है।

### भगवान बुद्ध ने अंतिम सांस कुशीनगर में ली

उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा कि भगवान बुद्ध ने पहला उपदेश सारनाथ में दिया और उन्होंने अंतिम सांस कुशीनगर में ली, जैन तीर्थंकरों की स्थली भी उत्तर प्रदेश है, यह प्रदेश ऋषि-मुनियों की तपस्थली रहा है। डीएम अंजनी कुमार सिंह ने कहा कि आज हम सबके लिए गौरव की बात है, महाराष्ट्र का एक महान प्रदेश उत्तर प्रदेश है, आप सब सहमत होंगे कि भारत के इतिहास की बात करें तो इतिहास पर हम गर्व करते हैं।

### कार्यक्रम में यह रहे मौजूद

इस दौरान पैक्सफेड के अध्यक्ष प्रेमसिंह शाक्य, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष आलोक गुप्ता, पूर्व विधायक अशोक चौहान, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गोविंद भदोरिया, डॉ. विमल पांडेय, अनूप मिश्रा, कविता राठोर, विद्यालय की प्रबंधक सुमन चौहान सहित अन्य जन-प्रतिनिधियों के अलावा पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद शाहा, मुख्य विकास अधिकारी नेहा बंधु, अपर जिलाधिकारी श्याम लता आनन्द आदि उपस्थित रहे, कार्यक्रम का सफल संचालन बाल संरक्षण अधिकारी अल्का मिश्रा ने किया।

# रंगोली प्रतियोगिता में कस्तूरबा विद्यालय की छात्राएं प्रथम

**प्रतियोगी छात्राओं को एसडीएम, तहसीलदार ने किया सम्मानित**

मॉर्निंग सिटी संवाददाता



**भोगांव/मैनपुरी।** मतदाता दिवस एवं गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में तहसील परिसर में आयोजित रंगोली प्रतियोगिता में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ एवं उत्तर प्रदेश सरकार की रंगोली बनाई ओर प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगी छात्राओं को एसडीएम और तहसीलदार ने पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया।

शनिवार को तहसील परिसर में आगामी 24 जनवरी को उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस एवं 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में आठ विद्यालय की छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय ने उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की थीम पर आधारित रंगोली बनाकर पहला स्थान प्राप्त किया जबकि नेशनल इन्टर कॉलेज की छात्राएं दूसरे स्थान पर रहीं। प्रतियोगिता में कस्तूरबा गांधी इंटर कालेज, जवाहर नवोदय विद्यालय, पूर्व माध्यमिक विद्यालय सुल्तानगंज, पूर्व माध्यमिक विद्यालय नगला शीश, कन्या विद्यालय छाछा, कंपोजिट विद्यालय जमथरी आदि विद्यालयों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के अंत में एसडीएम संध्या शर्मा और तहसीलदार गौरव कुमार ने पुरस्कार ओर प्रमाण पत्र वितरित किए। इस मौके पर नायब तहसीलदार अजय यादव, आर के मनोज कुमार, सुभाष चंद्र वर्मा, वार्डन सुधा यादव, एन पी सिंह, इमरान जावेद, मो रफी, काजल शाक्य, स्नेहलता, हुमा खान, रति पटेल, जितेंद्र कुमार, नीरज यादव, दीप शिखा, चंद्रकांता, वंदना शाक्य आदि लोग मौजूद रहे।

## छोटी खबरें

### शराब ठेकेदार की मारपीट कर सोने की चैन लूटी

मॉर्निंग सिटी संवाददाता

**कुसमरा/मैनपुरी।** नगर के मोहल्ला यादव नगर में अंग्रेजी ठेका की दुकान पर हुड़दंग करने वाले आरोपियों को मना करना ठेकेदार व सेलमैन को महंगा पड़ गया। आरोपियों ने ठेकेदार की मारपीट कर सोने की जंजीर छीन ली और फायर करके दहशत फैलाकर मौके से फरार हो गए। पीड़ित की तहरीर के बाद 11 नामदज व 5 अन्य के खिलाफ अभियोग दर्ज कर जांच शुरू कर दी। थाना किशनी क्षेत्र के नगला तारा निवासी पुष्पेंद्र दुबे पुत्र रमानन्द दुबे ने थाना किशनी में तहरीर देते हुए बताया कि उनकी यादव नगर चौराहा पर अग्रेजी शराब का ठेका की दुकान है। रात लगभग 8 बजे वह सेलमैन अभिषेक के साथ दुकान पर बैठा था तभी कुसमरा निवासी राघव कठेरिया पुत्र आसरे कठेरिया, अंकित, कुलदीप व अरुण पुत्र श्रीकृष्ण कठेरिया, योगेंद्र पुत्र जिलेदार कठेरिया, समीर, ऋषि, छोटेलाल कठेरिया, विशाल गुप्ता पुत्र नामालूम व अब्दुल पुत्र जलालुद्दीन एकराय होकर दुकान के सामने क्रेट की तोड़फोड़ करने लगे। रोकने पर आरोपी मारपीट पर उतारू हो गए। पुलिस ने सभी के खिलाफ मुकदमा लिखकर कार्यवाही शुरू कर दी। पुलिस ने तीन लोगों को हिरासत में लेकर अन्य की तलाश शुरू कर दी है।

### स्कूटी सवार झपटमार गिरफ्तार

मॉर्निंग सिटी संवाददाता

**आगरा।** थाना मलपुरा क्षेत्र में महिला से मोबाइल छीनने की घटना का पुलिस ने खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से छीना गया मोबाइल फोन और वारदात में इस्तेमाल की गई स्कूटी बरामद की है। लंबे समय से फरार चल रहे झपटमार की गिरफ्तारी से क्षेत्रवासियों ने राहत की सांस ली है। पुलिस के मुताबिक, एक नवंबर 2025 को थाना मलपुरा क्षेत्र के ग्राम कंचनपुर में स्कूटी सवार युवक ने सड़क पर चल रही महिला से मोबाइल फोन छीन लिया था। इस संबंध में पीड़ित पक्ष की ओर से दो नवंबर 2025 को थाने में तहरीर दी गई थी, जिस पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। जांच के दौरान 24 जनवरी 2026 को थाना मलपुरा पुलिस टीम क्षेत्र में चेकिंग और गश्त कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने सिरौली रोड स्थित बच्चा जेल के पास से अभियुक्त इन्द्रजीत पुत्र देवेंद्र सिंह निवासी सिरौली, थाना मलपुरा, आगरा को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में उसके पास से छीना गया मोबाइल फोन और घटना में प्रयुक्त ओला स्कूटी बरामद हुई। पूछताछ में अभियुक्त ने स्वीकार किया कि उसने कुछ महीने पहले इसी स्थान के पास महिला से मोबाइल छीना था और वारदात के वक्त अपनी ही स्कूटी का इस्तेमाल किया था। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में संबंधित धाराओं की बढ़ोत्तरी की गई है। पुलिस ने अभियुक्त को न्यायालय में पेश करने की तैयारी शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि क्षेत्र में छिनैती और झपटमारी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है और ऐसे अपराधियों के खिलाफ सख्त रुख अपनाया जाएगा।

### बन्ना रोड रेलवे लाइन के पास अवैध चाकू के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना टूण्डला पुलिस टीम ने एक अभियुक्त को अवैध चाकू सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर चेकिंग के दौरान बन्ना रोड रेलवे लाइन के पास से अभियुक्त को दबोचा और उसके कब्जे से एक अवैध चाकू बरामद किया। पुलिस के अनुसार, अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण और क्षेत्राधिकारी टूण्डला के नेतृत्व में थाना टूण्डला पुलिस टीम क्षेत्र में चेकिंग अभियान चला रही थी। इसी दौरान मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए हाशिम पुत्र समशुद्दीन, निवासी देशी शराब के ठे-के के पास मोहम्मदाबाद, थाना टूण्डला, जनपद फिरोजाबाद को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक अवैध चाकू बरामद हुआ। पुलिस ने बताया कि अभियुक्त के खिलाफ अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# अज्ञात बाहन की चपेट में आकर तीन गंभीर घायल

## नेशनल हाईवे पर लाइट बंद होने से था चारो तरफ अधेंरा

मॉर्निंग सिटी संवाददाता

**मैनपुरी/बेवर।** शनिवार की देर शांय नवीगंज टोल प्लाजा के निकट एसपी गार्डन के सामने सड़क पार करते समय दो रोडवेज चालक समेत एक बाइक सवार अज्ञात वाहन की चपेट में आ गए जिससे तीनों को गंभीर चोटें आईं। चौकी प्रभारी द्वारा तीनों घायलों को तत्काल सीएचसी बेवर भेजा गया है।

मामले के अनुसार ग्राम सिनोडा थाना मोहम्मदाबाद जनपद फरुर्खाबाद निवासी राजपाल पुत्र सूरजपाल फरुर्खाबाद डिपो में तथा संजीव तोमर पुत्र नत्थू सिंह निवासी लौंधपुर बेवर डिपो में चालक के पद पर कार्यरत हैं। दोनों लोग अपनी अपनी ड्यूटी कर वापस घर जाने के लिए टोल प्लाजा के निकट से सड़क पार कर रहे थे कि तभी बेवर निवासी बाइक सवार सुबोध पुत्र सुभाष बाइक से उनके सामने आया बाइक सवार ने दोनों चालकों को बचाने का प्रयास किया लेकिन तभी पीछे से आए अज्ञात वाहन ने साइड मार दी जिससे तीनों लोग घायल हो गए।

चालक राजपाल के पैर में गंभीर चोटें आईं हैं वहीं संजीव तोमर और सुबोध को सिर तथा पैर में चोटें आईं है। सूचना पर पहुंचे चौकी प्रभारी सुखवीर सिंह ने तत्काल घायलों को एंबुलेंस द्वारा सीएचसी बेवर भेजा है। वहीं स्थानीय लोगों ने बताया कि घटना के समय हाइवे पर लगी लाइटें बंद थीं और अंधेरा रहने के चलते दुर्घटना हुई। स्थानीय लोगों ने हाइवे अथॉरिटी से प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त किए जाने की मांग की है।

# श्रृंगार कंटकों से भरा है प्रिय मेरा घर छोड़िए...

## निराला की जयंती पर भव्य सरस काव्य गोष्ठी

मॉर्निंग सिटी संवाददाता



**भोगांव/मैनपुरी।** मां शारदे के प्राकट्य दिवस और महाप्राण निराला की जयंती पर कवि ओउम प्रकाश वर्मा के निवास पर एक भव्य सरस काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। अध्यक्षता सरस कवि शिव दत्त दुवे व संचालन वरिष्ठ कवि बदन सिंह मस्ताना ने किया। मां शारदे की वन्दना महाप्राण निराला द्वारा रचित और स्वयं रचित ओमप्रकाश वर्मा ने गाकर गोष्ठी का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि कवि रमेश चन्द्र चक और रुपलाल शाक्य ने मां शारदे के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर भावभीनी वंदना की।

शारदे वंदना के बाद कवि श्याम सिंह ने भारत वासी रहे एक यही है उद्देश्य हमारा कविता पढ़कर समाज को एक एक सूत्र में बांधने का प्रयास किया। कवि अरविंद पाल ने श्वेत वस्त्र की ओढ चुनरिया और हंस पर हुई सवार वंदना एवं कविता पढ़ी। कवि देवेन्द्र सिंह ने निवटाते विवादों को लेते नहीं पंगा, हम है शान्तिदूत करते नही दंगा।

कवि वदन सिंह मस्ताना ने जनवादी कविता विश्व भर को दाल रोटी गांव देते हैं। कविता पढ़ी। कविवर यश कुमार ने वसंत से ओतप्रोत श्रृंगार कंटकों से भरा है प्रिय मेरा घर छोड़िए संग मेरा चले जाइए। मैनपुरी शहर से आये कविवर शिव सिंह चौहान ने दुनिया के द्वार आया आज तू वसंत राज पढ़कर श्रोताओं की तालियों बटोरी। ओउम प्रकाश ओम ने वियोग श्रृंगार की कविता पढ़ कर वसंत को मनाया। वह वैरिन बसंती बयार बनाए मोहे बाबरिया। लगे एक पल वर्ष हजार न आयो मेरो सांवरिया। पढ़कर समा बांधा। मैंनपुरी से आये कवि डॉ अनिल मान ने पढ़ा वह पल होगा युग वसत का तृप्त चक्षु तब होंगे।

पढ़कर मार्मिक उदबोधन किया। कवि प्रवोध भदौरिया ने व्यंग कविता पढ़कर समाज को कुत्ते से सीख की मिसाल कविता के माध्यम से दी। अन्त में मुख्य अतिथ रमेश चन्द्र चक ने भेदभाव को त्याग हृदय से समता भाव सजायें, पढकर समाज को दिशा देने को प्रयास कविता के माध्यम से दिया। इस अवहार पर श्री चन्द्रवर्मा, जय देव जय, रमेश चन्द्र वर्मा, अवधेश प्रकाश सिंह, ताले सिंह यादव, ओमकान्त दुबे, स्माइल खाँ, ठाकुर धर्मेंद्र सिंह तथा अनेको श्रोता ने वसंत पर्व को मनाते हुये वीणावादिनी के चरणों में बंदन किया।

# होटल में घुसकर रंगबाज राज चौहान की हत्या, दोस्तों ने भागकर बचाई जान

मॉर्निंग सिटी संवाददाता

**आगरा।** ताजनगरी में अपराधियों के बीच चल रही वर्चस्व की लड़ाई ने एक बार फिर कानून-व्यवस्था को कटघरे में खड़ा कर दिया है। ट्रांस यमुना क्षेत्र के कालिंदी विहार निवासी कुख्यात रंगबाज राज चौहान की शुक्रवार देर रात होटल के भीतर गोली मारकर हत्या कर दी गई। वारदात टेढ़ी बगिया क्षेत्र स्थित एसएन होम स्टे की है, जहां राज चौहान अपने दोस्तों के साथ शराब पार्टी कर रहा था। अचानक पहुंचे हमलावरों ने पहले कमरे में और फिर गैलरी में ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी, जिससे राज चौहान की मौके पर ही मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, देर रात पार्टी के दौरान अचानक कुछ युवक



होटल पहुंचे और कमरे में घुसते ही गोलियां चलानी शुरू कर दीं। जान बचाने के लिए राज चौहान कमरे से निकलकर गैलरी की ओर भागा, लेकिन हमलावरों ने पीछा कर उसे कई गोलियां मार दीं। सीने में गोली लगते ही वह जमीन पर गिर पड़ा और दम तोड़ दिया। फायरिंग की आवाज से होटल परिसर में अफरा-तफरी मच गई। पार्टी में मौजूद उसके दोस्त जान बचाने के लिए मौके से फरार हो गए। सूचना मिलते ही डीसीपी सिटी अली अब्बास समेत कई थानों की पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची। पुलिस ने होटल के कमरे और गैलरी से पांच खोखा कारतूस, शराब की खाली बोतलें और अन्य साक्ष्य बरामद किए। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। प्रारंभिक जांच में शराब के नशे में विवाद की बात सामने आ रही है, लेकिन पुलिस इस हत्याकांड को दो आपराधिक गुटों के बीच चल रही पुरानी रंजिश और गैंगवार से जोड़कर देख रही है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, गुरुवार रात करीब दस बजे छह युवक होटल में दाखिल हुए थे। पहले चरण में कमरे के भीतर राज चौहान पर हमला किया गया, लेकिन वह किसी तरह बच निकला। इसके बाद हमलावर बाहर निकल आए और गैलरी में उसे घेरकर एक के बाद एक कई गोलियां चला दीं। राज चौहान को कुल चार गोलियां लगीं, जिनमें सीने में लगी गोली जानलेवा साबित हुई। वारदात को अंजाम देकर आरोपी फरार हो गए।

राज चौहान का आपराधिक इतिहास भी खासा लंबा रहा है। वह हत्या के प्रयास के एक मामले में करीब एक साल तक जेल में बंद रहा था और 2 दिसंबर 2025 को ही रिहा हुआ था। उस पर मई 2024 में नगला रामबल निवासी प्रिंस उर्फ काले यादव को गोली मारने का आरोप लगा था। उसी मामले से जुड़े दो गुटों के बीच रंजिश लगातार बढ़ती चली गई, जो अब इस सनसनीखेज हत्या में बदलती नजर आ रही है। जेल से बाहर आने के बाद भी राज चौहान का इलाके में दबदबा बना रहा।

## ताजमहल के साए में बदहाली: 500 मीटर क्षेत्र में आज भी बुनियादी सुविधाओं का संकट, पर्यटन मंत्री से उठाई गई आवाज

मॉर्निंग सिटी संवाददाता

**आगरा।** विश्वविख्यात ताजमहल के आसपास बसे ताजगंज क्षेत्र की जमीनी हकीकत पर्यटन की चमक से बिल्कुल उलट नजर आ रही है। ताजमहल के 500 मीटर दायरे में रहने वाले स्थानीय नागरिकों और देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों को आज भी बुनियादी सुविधाओं के लिए जूझना पड़ रहा है। इन्हीं समस्याओं को लेकर ताजगंज 500 मीटर बाजार संगठन के संस्थापक चेतन अरोरा ने उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री ठाकुर जयवीर सिंह को एक विस्तृत पत्र सौंपकर ठोस कार्रवाई की मांग की है। यह पत्र 16 जनवरी 2026 को सर्किट हाउस आगरा में आयोजित बैठक के दौरान सौंपा गया, जिसकी अध्यक्षता पर्यटन मंत्री एवं जनपद प्रभारी मंत्री ने की। पत्र में सबसे गंभीर मुद्दा ताजमहल के समीप स्थित प्राचीन नगर निगम डिस्पेंसरी का उठाया गया है, जो वर्षों से जर्जर अवस्था में पड़ी है। अंतरराष्ट्रीय पर्यटन स्थल के बिल्कुल नजदीक होने के बावजूद यहां आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं का अभाव है। संगठन का कहना है कि इलाज की समुचित व्यवस्था न होने के कारण कई बार पर्यटकों और स्थानीय लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा है, यहां तक कि समय पर उपचार न मिलने से जान जाने जैसी घटनाएं भी सामने आ चुकी हैं। पत्र में डिस्पेंसरी को आधुनिक चिकित्सा केंद्र के रूप में विकसित करने की मांग प्रमुखता से की गई है। पत्र में ताजगंज के ऐतिहासिक बाजार की स्थिति पर भी चिंता जताई गई है। संगठन ने बताया कि यह बाजार वर्षों पुराना है और यहां हजारों व्यापारी कम मुनाफे में ईमानदारी से व्यापार कर रहे हैं। इसके बावजूद पर्यटकों के बीच इस बाजार की पहचान कमजोर है, जबकि अन्य क्षेत्रों में कमीशनखोरी और धोखाधड़ी के जरिए महंगे दामों पर सामान बेचा जा रहा है। चेतन अरोरा ने मांग की कि इस बाजार को आधिकारिक तौर पर प्राचीन बाजार का दर्जा दिया जाए और नगर निगम व आगरा विकास प्राधिकरण द्वारा पहचान वाले बोर्ड लगाए जाएं, जिससे पर्यटकों का भरोसा बढ़े और स्थानीय व्यापार को संरक्षण मिल सके। इसके साथ ही ताजगंज क्षेत्र में एडीए और नगर निगम के पास उपलब्ध खाली भूमि पर पर्यटकों के लिए टूरिस्ट फेसिलिटी सेंटर बनाने की मांग भी रखी गई है।

# तेज रफ्तार डंपर ने ऑटो को रौंदा, चालक की मौके पर मौत, कार भी खेत में घुसी

मॉर्निंग सिटी संवाददाता



**आगरा।** जलेसर रोड पर मुड़ी चौराहे के पास शनिवार सुबह एक भीषण सड़क हादसे में ऑटो चालक की दर्दनाक मौत हो गई। एत्मादपुरझ्रखंदौली मार्ग पर तेज रफ्तार डंपर ने पीछे से ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे ऑटो चालक पहियों के नीचे आ गया और मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद सड़क पर अफरा-तफरी मच गई और यातायात बाधित हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसा मुड़ी चौराहा से करीब 200 मीटर की दूरी पर हुआ।

खंदौली निवासी मौसिम पुत्र नत्थी खां ऑटो लेकर जा रहा था, तभी एत्मादपुर की ओर से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि मौसिम सड़क पर गिर पड़ा और डंपर का पहिया उसके ऊपर से निकल गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक का शव लहूलुहान हालत में सड़क पर पड़ा रहा। हादसे की चपेट में एक कार भी आ गई, जो डंपर की टक्कर से अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खेत में जा घुसी। गनीमत रही कि कार सवारों को गंभीर चोट नहीं आई। दुर्घटना के बाद मौके पर दुकानदारों और राहगीरों की भीड़ जमा हो गई, जिससे सड़क पर लंबा जाम लग गया।

सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए आगरा भेज दिया। वहीं, डंपर चालक को पकड़ लिया गया है और उससे पूछताछ की जा रही है। दुर्घटनाग्रस्त कार को क्रेन की मदद से खेत से बाहर निकाला गया। पुलिस मामले में आगे की विधिक कार्रवाई कर रही है।


## नगर निगम-सिंचाई विभाग की नाक के नीचे गंदगी का साम्राज्य !

मॉर्निंग सिटी संवाददाता

**आगरा।** ताजनगरी में स्वच्छता और स्मार्ट सिटी के दावे जमीनी हकीकत में दम तोड़ते नजर आ रहे हैं। विकास भवन से चंद कदमों की दूरी पर, नगर निगम कार्यालय से ज्यादा दूर नहीं और यहीं पर सिंचाई विभाग का कार्यालय भी स्थित होने के बावजूद संजय प्लेस स्थित आयकर भवन के मुख्य गेट पर गंदे पानी का तालाब जमा है। यह हालात प्रशासनिक लापरवाही और विभागीय उदासीनता की खुली तस्वीर पेश कर रहे हैं। आयकर भवन के बाहर भरा बदबूदार और सड़ा हुआ पानी रोजाना सैकड़ों करदाताओं, अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए गंभीर परेशानी बना हुआ है। लोगों को मजबूरी में इसी गंदे पानी से होकर कार्यालय में प्रवेश करना पड़ता है। फिसलन से हादसों का खतरा बना रहता है, वहीं दुर्गंध और मच्छरों के कारण बीमारियों की आशंका भी लगातार बढ़ रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि थोड़ी सी बारिश होते ही या नालियों की नियमित सफाई न होने पर यहां जलभराव हो जाता है।

## महाकुंभ-2025 की ऐतिहासिक सफलता में योगदान देने वाले यूपी-112 के 30 जवानों को मिला सम्मान, आगरा में मेडल-प्रशस्ति पत्र वितरित

मॉर्निंग सिटी संवाददाता



**आगरा।** प्रयागराज में आयोजित विश्व के सबसे बड़े धार्मिक आयोजन महाकुंभ-2025 के सफल, सुरक्षित और सुव्यवस्थित संचालन में उल्लेखनीय भूमिका निभाने वाले यूपी-112 के पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। माननीय मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश द्वारा प्रदत्त महाकुंभ सेवा मेडल एवं प्रशस्ति-पत्र अपर पुलिस आयुक्त, कमिश्नरेट आगरा राम बदन सिंह ने प्रदान कर पुलिसकर्मियों का मनोबल बढ़ाया।

यह सम्मान समारोह पुलिस लाइन्स परेड ग्राउंड में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की फुल ड्रेस रिहर्सल के अवसर पर आयोजित किया गया। इस दौरान अपर पुलिस आयुक्त राम बदन सिंह ने कहा कि महाकुंभ-2025 जैसे विशाल और चुनौतीपूर्ण आयोजन में सुरक्षा, कानून-व्यवस्था और यातायात प्रबंधन की जिम्मेदारी अत्यंत महत्वपूर्ण थी। यूपी-112 के अधिकारियों और कर्मचारियों ने पूरी निष्ठा, अनुशासन और समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुचारु व्यवस्था सुनिश्चित की, जिससे यह आयोजन राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सराहना का विषय बना।

सम्मानित किए गए पुलिसकर्मियों में उ0नि0 मोहित मिश्रा, हृदयांकित सचान, शिवम मिश्रा, विकास यादव, श्रीपाल सिंह, आनन्द बिहारी शुक्ल, मनवीर सिंह, सुमित कुमार के साथ ही मुख्य आरक्षी योगेन्द्र कुमार, गजेन्द्र सिंह, धर्मेन्द्र कुमार, अजय कुमार, लखपत सिंह, दिलीप कुमार, महिला आरक्षी प्रतिभा रानी तथा अन्य आरक्षी शामिल रहे। कुल 30 पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को महाकुंभ सेवा मेडल एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। अपर पुलिस आयुक्त ने कहा कि इन पुलिसकर्मियों की कार्यशैली और प्रतिबद्धता ने उत्तर प्रदेश पुलिस की छवि को और अधिक सुदृढ़ किया है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि भविष्य में भी पुलिस बल इसी तरह जनता की सेवा और सुरक्षा में समर्पित भाव से कार्य करता रहेगा। सम्मान समारोह के दौरान उपस्थित अधिकारियों और जवानों ने तालियों के साथ सम्मानित पुलिसकर्मियों का उत्साह बढ़ाया, जिससे पूरे पुलिस बल में नई ऊर्जा और प्रेरणा का संचार हुआ।

# छोटी खबरें

## हाथरस की मशहूर रबड़ी को ओडीओसी में मिला राष्ट्रीय मंच



मॉर्निंग सिटी संवाददाता

**हाथरस।** उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से शुरू की गई एक जिला एक व्यंजन (ओडीओसी) योजना में हाथरस की प्रसिद्ध हन्नो लाला रबड़ी को आधिकारिक रूप से शामिल किया गया है। इसके साथ ही हाथरस की रबड़ी को राष्ट्रीय पहचान मिलने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। योजना के तहत भविष्य में इस रबड़ी को लखनऊ में आयोजित होने वाली प्रदर्शनी में भी प्रस्तुत किया जाएगा। इसकी जानकारी प्रतिष्ठान के स्वामी कृष्णा वार्ष्णेय ने दी। उन्होंने बताया कि यह हाथरस के लिए गर्व का विषय है और इससे स्थानीय व्यवसाय को बढ़ावा मिलेगा।

## ई रिक्शा में टक्कर एक युवक घायल रिपोर्ट दर्ज

मॉर्निंग सिटी संवाददाता

**हाथरस।** सिकंदराराऊ कासगंज रोड स्थित गांव टटी इंडिया के निकट एक तेज रफ्तार ई रिक्शा ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक का उपचार अलीगढ़ में एक प्राइवेट अस्पताल में चल रहा है। घायल युवक के पिता ने कोतवाली में नामजद ई रिक्शा चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार वीरी सिंह पुत्र किशन लाल निवासी दलेल नगर थाना एत्मादपुर जिला आगरा ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि गत 8 जनवरी की शाम 7 बजे करीब उनका पुत्र आशीष कुमार बाइक पर सवार होकर अपनी बहन के गांव टटी डंडिया थाना सिकंदराराऊ जा रहा था। जैसे ही बाइक सवार गांव के समीप पहुंचा। तभी तेज गति से आ रहे ई रिक्शा के चालक बबलू पुत्र अनवर निवासी पुरानी तहसील थाना सिकंदराराऊ ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक का उपचार अलीगढ़ के निजी अस्पताल में जारी है। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस ने मामले में विवेचना शुरू कर दी है।

## महामाया पॉलिटेक्निक में डिप्लोमा विद्यार्थियों का दीक्षांत समारोह आयोजित

मॉर्निंग सिटी संवाददाता

**हाथरस।** महामाया पॉलिटेक्निक ऑफ इन्फोर्मेशन टेक्नोलॉजी, सलेमपुर में उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर पॉलिटेक्निक डिप्लोमा विद्यार्थियों का दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि वीरेंद्र सिंह राना विधायक सिकंदराराऊ, विशिष्ट अतिथि शुभम शर्मा एचआर मैनेजर सर्वेश्वर फूड्स प्रा.लि., संस्था प्रधानाचार्य डॉ सोनवीर सिंह, डॉ प्रशांत सिंह यादव, नीरज कुमार, मयंक निरुपम सिंह एवं शिक्षकों द्वारा सरस्वती प्रतिमा की पूजा-अर्चना से हुआ। मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों को डिप्लोमा प्रमाण-पत्र वितरित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा सलेमपुर औद्योगिक क्षेत्र में शीघ्र उद्योग स्थापित होने से रोजगार की संभावनाओं की जानकारी दी। विशिष्ट अतिथि ने विद्यार्थियों को कौशल विकास के महत्व से अवगत कराया। कार्यक्रम का संचालन शेखर सिंह, पुनीत राय, शैफाली शाक्य, दीपक कुमार एवं प्रतिभा शर्मा ने किया। समारोह में संस्था के वरिष्ठ शिक्षक एवं अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## जीएसटी कार्यालय पर व्यापारियों का प्रदर्शन, अधिकारियों की अनुपस्थिति पर जताया विरोध

मॉर्निंग सिटी संवाददाता

**हाथरस।** आगरा रोड स्थित जीएसटी कार्यालय पर फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल के नेतृत्व में व्यापारियों ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का कारण जीएसटी कार्यालय में किसी भी अधिकारी की अनुपस्थिति बताया गया। व्यापारियों का कहना था कि जारी नोटिसों का जवाब देने की अंतिम तिथि 24 जनवरी थी, लेकिन अधिकारियों के न मिलने से जवाब दाखिल नहीं हो सका। नोटिस का जवाब न देने की स्थिति में 20 हजार रुपये जुमार्ने का प्रावधान है, जिससे व्यापारियों को आर्थिक नुकसान, मानसिक उत्पीड़न और समय की बबार्दी झेलनी पड़ती है। फेडरेशन ने जिलाधिकारी से मांग की कि सभी अधिकारियों की ड्यूटी एक साथ न लगाकर कुछ अधिकारियों को एसआईआर से मुक्त रखा जाए, ताकि व्यापारियों को समय पर सुनवाई मिल सके और अनावश्यक उत्पीड़न व जुमार्ने से बचाया जा सके। प्रदर्शन में वरिष्ठ अधिवक्ता एवं संरक्षक गिरीश चंद शर्मा एडवोकेट, जिला अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा व बॉबी गुरु, जिला मंत्री ओमप्रकाश वर्मा व देवकीनंदन वर्मा, मंत्री सुनील अग्रवाल, गोपाल शर्मा, युवा जिला महामंत्री आकाश वर्मा, मंत्री राहुल अग्रवाल, पश्चिमी उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल के महामंत्री कन्हैयालाल शर्मा सहित अन्य व्यापारी उपस्थित रहे।

## कपूर्री ठाकुर की 102वीं जयंती पर प्रतिमा पर माल्यार्पण



मॉर्निंग सिटी संवाददाता

हाथरस। भारत रत्न जननायक कपूर्री ठाकुर की 102वीं जयंती के अवसर पर पूर्व पालिका अध्यक्ष आशीष शर्मा ने स्थानीय वाटर वर्क्स स्थित जननायक कपूर्री ठाकुर पार्क पहुंचकर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि कपूर्री ठाकुर की पहचान सत्ता या वैभव से नहीं, बल्कि सादगी, संघर्ष और समाजवाद से बनी। उनकी जीवन शैली आज भी नई पीढ़ी को प्रेरित करती है। उन्होंने कहा कि कपूर्री ठाकुर न्याय, ईमानदारी और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के मजबूत पक्षधर थे और उनका पूरा जीवन बिहार के लिए समर्पित रहा। आशीष शर्मा ने बताया कि वर्ष 2018 में अपने पालिका अध्यक्ष कार्यकाल के दौरान उन्हें जननायक कपूर्री ठाकुर पार्क बनाने का अवसर मिला, जो उनके लिए सौभाग्य की बात है। कार्यक्रम में सविता समाज के लोगों द्वारा स्वागत किया गया। इस मौके पर समाज के अनेक पदाधिकारी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## मौसम बदला, फसलों पर मंडराया खतरा

मॉर्निंग सिटी संवाददाता

**हाथरस।** मौसम के मिजाज में अचानक आए बदलाव से किसानों की चिंता बढ़ गई है। पाले से बचाव के लिए किसान पहले ही खेतों में सिंचाई कर चुके हैं। ऐसे में यदि तेज बारिश होती है तो आलू की फसल सड़ने का खतरा बढ़ जाएगा। साथ ही सरसों और गेहूं की फसल पर भी अधिक नमी का प्रतिकूल असर पड़ सकता है। किसानों का कहना है कि इस समय आलू की फसल संवेदनशील अवस्था में है। लगातार बादल छाए रहने और नमी बढ़ने से फसलों में रोग लगने की आशंका भी बनी हुई है। सादाबाद क्षेत्र के किसानों के अनुसार ज्यादा बारिश होने पर फसलों को भारी नुकसान हो सकता है। सासनी क्षेत्र में हुई बूंदाबांदी से भी किसान परेशान हैं। यहां एक ओर आलू की खुदाई चल रही है तो दूसरी ओर सरसों की फसल पककर तैयार खड़ी है। किसानों का कहना है कि यदि बारिश का दौर बढ़ा तो आलू और सरसों दोनों फसलें खराब हो सकती हैं। किसान मौसम साफ होने की उम्मीद लगाए हुए हैं।

# विद्युत विभाग की लापरवाही से किसान की भैंस की मौत

मॉर्निंग सिटी संवाददाता



**नोएडा।** विद्युत विभाग की गंभीर लापरवाही के कारण गांव निठारी में एक गरीब किसान की भैंस की करंट लगने से मौत हो गई। घटना के विरोध में भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति ने मौके पर धरना-प्रदर्शन किया। संगठन के दबाव के बाद विभागीय अधिकारियों ने पीड़ित को मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया, तब जाकर धरना समाप्त हुआ।

भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति के राष्ट्रीय महासचिव चौधरी बीसी प्रधान ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि गांव निठारी निवासी बेहद गरीब किसान बाबा राजपाल कौशिक की भैंस की बिजली के खंभे में उतरे करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। भैंस को बचाने गए किसान के दो बेटों को भी करंट लगा, हालांकि सौभाग्य से कोई जनहानि नहीं हुई। किसान की आजीविका पूरी तरह उसी भैंस के दूध पर निर्भर थी। घटना की जानकारी मिलते ही संगठन की टीम मौके पर पहुंची और 112 डायल कर पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस मौके पर पहुंच गई, लेकिन बार-बार फोन करने के बावजूद विद्युत विभाग के जेई और एसडीओ मौके पर नहीं पहुंचे। इससे नाराज होकर किसान यूनियन ने धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया।

धरने के बाद एसडीओ तेजवन गुप्ता और जेई मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने संगठन के पदाधिकारियों से बातचीत की और अपनी गलती स्वीकार करते हुए पीड़ित किसान को तत्काल आर्थिक सहायता देने तथा 15 दिनों के भीतर सरकारी प्रक्रिया पूरी कर मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया। आश्वासन के बाद किसान यूनियन ने धरना समाप्त कर दिया। इस मौके पर चौधरी बाली सिंह, परिवहन मंत्री ओमप्रकाश गुर्जर, महानगर अध्यक्ष महेश तंवर, ग्राम अध्यक्ष मनोज शर्मा, हरेंद्र बैसोया, उपाध्यक्ष हरि अवाना, पप्पू बैसोया, जोगेंद्र चपराना, गोविंद अंबावता, अरुण गौतम, सन्नी कौशिक सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## पुलिस बनकर टप्पेबाजी करने वाला शातिर मुठभेड़ में घायल साथी समेत गिरफ्तार

मॉर्निंग सिटी संवाददाता

**फिरोजाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री सौरभ दीक्षित के निर्देशन में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना रसूलपुर पुलिस और एसओजी/सर्विलांस टीम को बड़ी सफलता मिली है। पुलिसकर्मी बनकर टप्पेबाजी की घटनाओं को अंजाम देने वाले शातिर अभियुक्त शेषपाल उर्फ शीशपाल को पुलिस मुठभेड़ के दौरान घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया, जबकि उसके एक अन्य साथी को मौके से दबोच लिया गया।

मुठभेड़ में शेषपाल के पैर में गोली लगी है, जिसे पुलिस अभिरक्षा में उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार, थाना रसूलपुर क्षेत्र में 20 जनवरी 2026 को टप्पेबाजी की दो घटनाएं तथा 21 जनवरी 2026 को थाना जसराना क्षेत्र में हुई टप्पेबाजी की घटना के खुलासे के लिए तीन विशेष पुलिस टीमों का गठन किया गया था। सीसीटीवी कैमरों की गहन जांच और फुटेज के विश्लेषण के आधार पर अभियुक्तों की पहचान की गई, जिसमें शेषपाल उर्फ शीशपाल पुत्र भारत सिंह निवासी जौनई थाना जसवंत नगर जनपद इटावा का नाम सामने आया। 23 जनवरी 2026 को मुखबिर खास से सूचना मिली कि वांछित अभियुक्त फतेहाबाद रोड की ओर से रसूलपुर की तरफ किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में आ रहा है। सूचना पर थाना रसूलपुर पुलिस और एसओजी/सर्विलांस टीम ने बरी चौराहा फतेहाबाद रोड के पास चेकिंग शुरू की। इसी दौरान एक मोटरसाइकिल पर सवार दो संदिग्ध दिखाई दिए। पुलिस द्वारा रुकने का इशारा करने पर दोनों ने भागने का प्रयास किया, लेकिन हड़बड़ाहट में मोटरसाइकिल फिसलकर गिर गई। खुद को घिरा देख एक अभियुक्त ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षार्थ जवाबी कार्रवाई की, जिसमें शेषपाल उर्फ शीशपाल के पैर में गोली लग गई, जबकि उसके साथी को घेराबंदी कर मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया। घायल अभियुक्त की पहचान शेषपाल उर्फ शीशपाल पुत्र भारत सिंह निवासी जौनई थाना जसवंत नगर जिला इटावा, हाल निवासी नगला ब्रजलाल (डांडे) थाना निधौली कला जनपद एटा के रूप में हुई है।

## विभिन्न थानों में हुई चोरियों का एसपी ने किया खुलासा

### एसपी कासगंज ने खुलासा करने वाली पुलिस टीम को दिया 25 हजार रुपये का नकद इनाम

मॉर्निंग सिटी संवाददाता



**कासगंज।** थाना सहावर पुलिस एवं एसओजी सर्विलांस की संयुक्त कार्रवाई के दौरान चोरी की घटनाओं का खुलासा करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। उनके कब्जे से चोरी किए गए सोने व चांदी के आभूषण, हजारों रुपये की नकदी, तमंचा और कारतूस बरामद किए गए हैं। एसपी अंकिता शर्मा ने पुलिस टीम को 25 हजार रुपये का इनाम दिया है।

विदित हो कि पुलिस टीमों द्वारा थाना सहावर, कोतवाली कासगंज, थाना ढोलना, थाना सोरों एवं थाना सुन्नगढ़ी क्षेत्र में हुई 11 चोरी की घटनाओं का खुलासा किया गया है। इनमें थाना सहावर क्षेत्र के गांव धनसिंहपुर, नगला सामंती, चांदपुर, रोशननगर एवं अवंतीनगर में हुई चोरियां शामिल हैं। इसके अलावा कोतवाली कासगंज क्षेत्र में स्पेलरध्चक्की की दुकान, सूर्यानगर कॉलोनी, देशी शराब के ठेके से चोरी, थाना सुन्नगढ़ी के गांव हैवतपुर, थाना ढोलना के गांव गढ़ी चकेरी में शराब के ठेके से चोरी तथा थाना सोरों क्षेत्र में सरकारी स्कूल में हुई चोरी की घटनाओं का भी खुलासा किया गया है।

### ये हुए गिरफ्तार

गिरफ्तार अभियुक्तों में बदल शेर पुत्र चमन शेर निवासी गांव नना खेड़ा, थाना उझानी, जनपद बदायूंय दल शेर पुत्र चमन शेर निवासी गांव नना खेड़ा, थाना उझानी, जनपद बदायूंय धर्मपाल पुत्र चंदन सिंह निवासी गांव नना खेड़ा, थाना उझानी, जनपद बदायूंय मोरध्वज उर्फ मोहर सिंह पुत्र सालिगराम निवासी गांव नना खेड़ा, थाना उझानी, जनपद बदायूं तथा सचिन पुत्र सुरेशचंद्र जाटव निवासी गांव नना खेड़ा, थाना उझानी, जनपद बदायूं शामिल हैं।

सभी को चोरी के आभूषण व नकदी सहित गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तों का आपराधिक इतिहास भी है।

## भाजपा मंडल की कार्यकर्ता परिचय बैठक संपन्न



मॉर्निंग सिटी संवाददाता

**हाथरस।** नगर के टैगोर इंटरनेशनल स्कूल में सिकंदराराऊ भाजपा मंडल की कार्यकर्ता परिचय बैठक आयोजित की गई। बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रेम सिंह कुशवाहा मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकताओं की पार्टी है और कार्यकताओं की मेहनत से ही पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी है। कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि राजेश गुड्डू ने भी संबोधन किया। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष मुकुल कुमार गुप्ता ने की। उन्होंने जिलाध्यक्ष का स्वागत कर सभी कार्यकताओं का आभार जताया और नए मतदाता जोड़ने के लिए फार्म संख्या-6 भरवाने का आह्वान किया। बैठक में मंडल व जिला स्तर के पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस व राष्ट्रीय बालिका दिवस पर भव्य आयोजन

मॉर्निंग सिटी संवाददाता



**हाथरस।** 77वें उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस थीमझ्र विकसित उत्तर प्रदेश, विकसित भारत के अवसर पर सेठ फूचचंद बागला महाविद्यालय परिसर में उत्तर प्रदेश दिवस एवं राष्ट्रीय बालिका दिवस का संयुक्त आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ बबीता सिंह चौहान, जिला पंचायत अध्यक्ष सीमा उपाध्याय, विधायक सिकंदराराऊ वीरेंद्र सिंह राणा, विधायक सादाबाद प्रदीप कुमार, जिलाध्यक्ष प्रेम सिंह कुशवाहा, जिलाधिकारी अतुल वत्स, पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा व मुख्य विकास अधिकारी पीएन दीक्षित द्वारा राधा-कृष्ण प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलन व माल्यार्पण कर किया गया।

जिलाधिकारी ने कहा कि 24 जनवरी 1950 को संयुक्त प्रांत का नाम उत्तर प्रदेश रखा गया था और 2018 से यह दिवस प्रतिवर्ष मनाया जा रहा है। उत्तर प्रदेश के विकास के बिना भारत का विकास संभव नहीं है, इसी उद्देश्य से इस वर्ष की थीम विकसित उत्तर प्रदेशझ्रविकसित भारत रखी गई है। उन्होंने हाथरस की हींग और रबड़ी को जनपद की पहचान बताया।

राज्य महिला आयोग अध्यक्ष ने राष्ट्रीय बालिका दिवस पर बालिकाओं के सशक्तिकरण, शिक्षा और स्वास्थ्य पर जोर देते हुए कहा कि बेटियां समाज की धरोहर हैं और उन्हें अवसर मिलने पर वे हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं।

विधायकों ने उत्तर प्रदेश दिवस की बधाई देते हुए कहा कि प्रदेश में एक्सप्रेसवे, एयरपोर्ट, औद्योगिक कॉरिडोर और ओडीओपी जैसी योजनाओं से विकास को नई गति मिली है। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों की प्रदर्शनियां, श्रीअन्न मेला, आयुष्मान व आधार कैंप, रंगोली व सांस्कृतिक गतिविधियां आयोजित की गईं। इस दौरान प्रगतिशील किसानों, स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं, मेधावी छात्राओं, अधिकारियों व कर्मचारियों सहित विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र व सामग्री वितरित कर सम्मानित किया गया।

अंत में मुख्य विकास अधिकारी ने सभी अतिथियों व उपस्थितजनों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, अधिकारी, मीडिया कर्मी और बड़ी संख्या में जनसामान्य उपस्थित रहा।

## ग्रेटर नोएडा में घर खरीदने का सुनहरा मौका, 28 जनवरी को लॉन्च होगी प्राधिकरण की फ्लैट योजना

मॉर्निंग सिटी संवाददाता



**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में अपना घर खरीदने का सपना देख रहे लोगों के लिए राहत भरी खबर है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण सेक्टर ओमिक्रॉन-1ए में निर्मित बहुमंजिला इमारतों में 2 बीएचके फ्लैटों की नई योजना 28 जनवरी को लॉन्च करने जा रहा है। इस योजना के तहत फिलहाल 83.38 वर्ग मीटर कार्पेट एरिया वाले कुल 90 फ्लैटों का आवंटन ई-नीलामी के माध्यम से किया जाएगा।

प्राधिकरण द्वारा पहले से निर्मित इन फ्लैटों का रिजर्व प्राइस 73.23 लाख रुपये से लेकर 74.35 लाख रुपये तक तय किया गया है। ई-नीलामी में सबसे अधिक बोली लगाने वाले आवेदक को फ्लैट आवंटित किया जाएगा। पंजीकरण की अंतिम तिथि 18 फरवरी है, जबकि प्रोसेसिंग फीस 20 फरवरी तक जमा करनी होगी। दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि 23 फरवरी निर्धारित की गई है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अनुसार, सेक्टर ओमिक्रॉन-1ए में कुल लगभग 350 फ्लैट अभी रिक्त हैं। प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर संपत्ति विभाग ने इन फ्लैटों के आवंटन की प्रक्रिया तेज कर दी है। वर्तमान योजना के तहत सोसाइटी के आई-ब्लॉक में स्थित 90 फ्लैटों को शामिल किया गया है, जो ग्राउंड फ्लोर से लेकर 15वें फ्लोर तक फैले हुए हैं। इनका सुपर एरिया 104.70 वर्ग मीटर है।

योजना से जुड़ा विस्तृत ब्रोशर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की वेबसाइट पर उपलब्ध होगा। आवेदन के माध्यम से किए जा सकेंगे। आवंटन के बाद तय समय में लीज डीड की प्रक्रिया पूरी कराकर आवंटियों को जल्द पजेशन दिया जाएगा।

फ्लैटों की कीमत जमा करने के लिए एकमुश्त और किस्तों में भुगतान की सुविधा दी गई है। एकमुश्त भुगतान करने वालों को प्राथमिकता मिलेगी, जबकि किस्तों में भुगतान करने वाले आवेदकों को दो वर्षों में चार किस्तों में राशि जमा करनी होगी।

### एसीईओ का बयान

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ सुनील कुमार सिंह ने कहा, सेक्टर ओमिक्रॉन-1ए की लोकेशन बेहद अच्छी है और 130 मीटर रोड से सीधी कनेक्टिविटी है। जो लोग अब तक अपना घर नहीं खरीद सके हैं, उनके लिए यह बेहतरीन अवसर है। फ्लैट पहले से बने हुए हैं, इसलिए आवंटन और लीज डीड की प्रक्रिया पूरी होते ही पजेशन मिल जाएगा, जिससे लोगों को किराए से राहत मिलेगी।

## दिव्यांगजनों की समस्याओं पर राज्य सलाहकार बोर्ड की बैठक

मॉर्निंग सिटी संवाददाता



**हाथरस।** दिव्यांग कल्याण बोर्ड के सदस्य सागर शर्मा ने राज्य सलाहकार बोर्ड की सातवीं बैठक में दिव्यांगजनों से जुड़ी समस्याओं, विशेष शिविर आयोजन और पेंशन व्यवस्था में सुधार के सुझाव रखे। बोर्ड अध्यक्ष ने समुचित कार्यवाही का भरोसा दिलाया।

बैठक योजना भवन लखनऊ में राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग एवं अध्यक्ष राज्य सलाहकार बोर्ड नरेंद्र कश्यप की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सागर शर्मा ने कहा कि हाथरस जनपद में दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाने के लिए लोगों को सीएमओ कार्यालय के कई चक्कर लगाने पड़ते हैं, क्योंकि सप्ताह में केवल एक दिन मेडिकल बोर्ड बैठता है। उन्होंने इसे सप्ताह में तीन दिन किए जाने की मांग की। साथ ही हाथरस जनपद व हरिगढ़ मंडल में दिव्यांगजनों के लिए विशेष स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर प्रमाण पत्र, उपचार, कृत्रिम अंग व सहायक उपकरण मौके पर ही उपलब्ध कराने का सुझाव दिया। उन्होंने पेंशन संबंधी समस्याओं के समाधान और समय से भुगतान की भी मांग रखी। बैठक में बोर्ड अध्यक्ष ने संबंधित अधिकारियों को सभी सुझावों पर शीघ्र कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में प्रमुख सचिव दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग सहित विभागीय अधिकारी व राज्य सलाहकार बोर्ड के सदस्य उपस्थित रहे।

## अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा में हरपाल सिंह यादव प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत

मॉर्निंग सिटी संवाददाता



**हाथरस।** अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष अशोक यादव एडवोकेट ने संगठन को सशक्त करने के उद्देश्य से हरपाल सिंह यादव को प्रदेश उपाध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया। इस अवसर पर उनका फूल-मालाओं से स्वागत किया गया।

कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष अशोक यादव एडवोकेट एवं प्रांतीय महासचिव महेश यादव संघर्षी ने महासभा की स्थापना 17 अप्रैल 1924 बताते हुए शिक्षा को बढ़ावा देने तथा सामाजिक, राजनीतिक व आर्थिक उत्थान को संगठन का मुख्य उद्देश्य बताया।

कार्यक्रम में विभिन्न जनपदों के पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया। नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष हरपाल सिंह यादव ने दायित्व का निष्ठा से निर्वहन करने का भरोसा दिलाया।

अध्यक्षता अलीगढ़ जिलाध्यक्ष विनय यादव ने की तथा संचालन रिंकू यादव ने किया। कार्यक्रम ग्राम हुसैनपुर में आयोजित हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# गणतंत्र दिवस रैतिक परेड की रिहर्सल का एसपी ने किया निरीक्षण

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**कानपुर देहात।** आगामी 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाली रैतिक परेड की तैयारियों को लेकर पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात श्रद्धा नरेन्द्र पाण्डेय ने शुक्रवार को रिजर्व पुलिस लाइन में रिहर्सल का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पुलिस की विभिन्न टुकड़ियों, होमगार्ड्स तथा एनसीसी के छात्र-छात्राओं द्वारा मार्च पास्ट एवं अन्य प्रस्तुतियों का अभ्यास किया गया।

पुलिस अधीक्षक ने परेड की तैयारियों के स्तर पर संतोष व्यक्त करते हुए सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने निर्देश दिए कि गणतंत्र दिवस की गरिमा, राष्ट्रभक्ति एवं अनुशासन के अनुरूप एक ऊर्जावान, सुव्यवस्थित और सफल परेड सुनिश्चित की जाए। साथ ही 26 जनवरी के अवसर पर सुरक्षा व्यवस्था, यातायात नियंत्रण, भीड़ प्रबंधन, चिकित्सा सुविधाओं एवं आपातकालीन सेवाओं को और अधिक प्रभावी एवं समन्वित बनाने के निर्देश दिए, ताकि जनपदवासी सुरक्षित एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में गणतंत्र दिवस मना सकें। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक राजेश पाण्डेय, क्षेत्राधिकारी लाइन्स/सिकंदरा प्रिया सिंह, क्षेत्राधिकारी रसूलाबाद, प्रतिसार निरीक्षक सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# जिला पंचायत बोर्ड बैठक में बजट व कार्ययोजनाओं को मिली मंजूरी

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**कानपुर देहात।** जिला पंचायत कानपुर देहात के बोर्ड की बैठक शुक्रवार को जिला पंचायत सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष नीरज रानी ने की। बैठक में प्रभारी मंत्री डॉ. संजय निषाद तथा अकबरपुर-रनियां से सांसद देवेन्द्र सिंह ह्यभोलेह्न उपस्थित रहे। जिला पंचायत सदस्य एवं अधिकारीगण भी बैठक में मौजूद रहे।

बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 के पुनरीक्षित बजट एवं वर्ष 2026-27 के मूल बजट को सदन द्वारा सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई। साथ ही राज्य वित्त आयोग एवं केन्द्रीय वित्त आयोग वर्ष 2026-27 की कार्ययोजना को भी अनुमोदन मिला। जिला पंचायत की कर सूची वर्ष 2025-26 को भी सदन की मंजूरी प्रदान की गई।

इसके अतिरिक्त शासन से प्राप्त खनन मॉडल बायलॉज उपविधि को भी जिला पंचायत द्वारा स्वीकृति दी गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विधान जायसवाल भी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान जिला पंचायत सदस्यों ने विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा की तथा आम जनमानस से जुड़ी समस्याओं को सदन के समक्ष रखा। जिला पंचायत अध्यक्ष नीरज रानी ने संबंधित विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारियों को समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के निर्देश दिए। इस अवसर पर सांसद देवेन्द्र सिंह ह्यभोलेह्न ने सभी विभागों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से विकास कार्यों के निष्पादन के निर्देश दिए। बैठक का संचालन जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी सुरेश कुमार द्वारा किया गया। बैठक में जिला पंचायत अभियंता अनिल कुमार मिश्रा, वित्तीय परामर्शदाता आशुतोष त्रिपाठी सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। अंत में जिला पंचायत अध्यक्ष ने सभी को नववर्ष की शुभकामनाएँ देते हुए बैठक की समाप्ति की घोषणा की।

## विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत मतदान केंद्रों का निरीक्षण

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**कानपुर देहात।** मा० भारत निर्वाचन आयोग एवं उत्तर प्रदेश निर्वाचन आयोग के निदेशों तथा जिलाधिकारी कपिल सिंह के मार्गदर्शन में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत उप जिलाधिकारी रसूलाबाद सर्वेश कुमार ने क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने कहींजरी खुर्द स्थित बूथ संख्या 95, 96 व 97 तथा अटिया रायपुर स्थित बूथ संख्या 198 व 199 की मतदाता सूचियों का गहन अवलोकन किया। इस दौरान बूथ लेवल अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। उप जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि अधिक से अधिक पात्र व्यक्तियों के नाम मतदाता सूची में शामिल किए जाएं। इसके लिए फॉर्म-6 को घोषणा पत्र के साथ अनिवार्य रूप से एकत्र कर समयबद्ध तरीके से कार्यवाही सुनिश्चित की जाए, ताकि कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित न रह जाए। निरीक्षण के दौरान अभियान की प्रगति की समीक्षा करते हुए एसडीएम ने निर्वाचन कार्य को पूरी पारदर्शिता एवं गंभीरता से संपन्न कराने पर जोर दिया।

## छुट्टी पर घर आए सिपाही का आकस्मिक निधन, गांव में शोक की लहर

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**जसवंतनगर।** इटावा कानपुर नगर पुलिस लाइन में तैनात सिपाही फूल सिंह पुत्र पुत्तूलाल का देर रात आकस्मिक निधन हो गया। फूल सिंह छुट्टी लेकर अपने पैतृक गांव दयालपुरा धनुआ आए हुए थे। अचानक तबीयत बिगड़ने की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। घटना की सूचना मृतक के पुत्र रोहित ने थानाध्यक्ष कमल भाटी को दी। तुरंत कार्रवाई करते हुए उपनिरीक्षक शिवशंकर टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने सिपाही का पंचनामा भरकर शव का पोस्टमार्टम कराया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया ताकि अंतिम संस्कार की तैयारी की जा सके। सिपाही फूल सिंह के आकस्मिक निधन की खबर मिलते ही पुलिस महकमे में भी शोक व्याप्त हो गया। रिजर्व पुलिस लाइन से आई सशस्त्र गार्ड ने दिवंगत सिपाही को सम्मानपूर्वक अंतिम सलामी दी। इस अवसर पर मौजूद पुलिस अधिकारी, जवान और ग्रामीण भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए नम आंखों से प्रार्थना कर रहे थे। फूल सिंह के निधन से उनके परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। गांव के लोग और रिश्तेदार बड़ी संख्या में उनके आवास पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त कर रहे हैं। पुलिस विभाग की ओर से परिजनों को हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया गया। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि विश्वनाथ प्रताप सिंह और सोनू यादव सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय बालिका दिवस पर छात्राओं को किया गया जागरूक

### राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में विधिक अधिकार, सुरक्षा और साइबर अपराध पर दी गई जानकारी

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**जसवंतनगर (इटावा)।** राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा एवं सामाजिक चुनौतियों के प्रति जागरूक करना रहा।

कार्यक्रम में पीएलवी अधिकार मित्र रामसुंदर दुबे, ऋषभ पाठक, राजेन्द्र यादव, लालमन बाथम एवं कु. नीरज ने छात्राओं को संबोधित करते हुए बालिकाओं से जुड़े कानूनी अधिकारों, निःशुल्क विधिक सहायता, घरेलू हिंसा, छेड़छाड़, शिक्षा का अधिकार तथा महिला हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। छात्राओं को चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 एवं विधिक हेल्पलाइन 15100 के बारे में भी विस्तार से बताया गया। साथ ही बालिकाओं के लिए संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।

इस अवसर पर उपस्थित बाल संरक्षण विशेषज्ञ प्रेम कुमार शाक्य ने बाल विवाह को सामाजिक बुराई के साथ-साथ गंभीर अपराध बताया। उन्होंने सोशल मीडिया के बढ़ते दुरुपयोग, साइबर अपराध, फर्जी अकाउंट, ऑनलाइन ठगी एवं अनजान लोगों से बातचीत के खतरों के प्रति बालिकाओं को सचेत किया और सोशल मीडिया के सुरक्षित एवं सकारात्मक उपयोग की अपील की।

कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने विषय से संबंधित प्रश्न पूछे, जिनका विशेषज्ञों द्वारा सरल एवं सहज भाषा में समाधान किया गया। अंत में छात्राओं को चॉकलेट वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

कार्यक्रम के समापन पर शिक्षिका ज्योत्सना ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे जागरूकता कार्यक्रम बालिकाओं के सुरक्षित भविष्य एवं सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं।

इस अवसर पर शिक्षिका प्रतिभा सिंह, डिंपल पालीवाल, प्रीती सिंह, संध्या बवेड़िया, अनीता सिंह, वरिष्ठ सहायक योगेश तोमर, नितिन कुमार एवं सचिन जैन उपस्थित रहे।

## अश्लील वीडियो वायरल कर दुष्कर्म करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

मोर्निंग सिटी संवाददाता




**कानपुर देहात।** जनपद में महिला संबंधी अपराधों की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना राजपुर पुलिस ने अश्लील वीडियो बनाकर वायरल करने एवं दुष्कर्म के मामले में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, दिनांक 28 दिसंबर 2025 को पीड़िता द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर थाना राजपुर पर मुकदमा संख्या 122/2025 अंतर्गत धारा 352/351(3) बीएनएस एवं 67ए आईटी एक्ट में अभियोग पंजीकृत किया गया था। आरोप था कि अभियुक्त द्वारा पीड़िता से अश्लील बातें कर उसकी फोटो/वीडियो बनाकर वायरल की गई तथा गाली-गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी दी गई। विवेचना के दौरान साक्ष्य संकलन एवं पीड़िता के बयान के आधार पर मुकदमे में धारा 64(1) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गई। इसके बाद थाना राजपुर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए वांछित अभियुक्त विमल पुत्र चरण सिंह (22 वर्ष), निवासी ग्राम भरापुर, थाना फफूंद, जनपद औरैया को शुक्रवार को दमनपुर रोड, कस्बा राजपुर स्थित बंबा के पास से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। पुलिस का कहना है कि महिला अपराधों के मामलों में किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं बरती जाएगी और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## वृद्ध माता-पिता भरण-पोषण पाने के हकदार: अश्वनी त्रिपाठी

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**इटावा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायमूर्ति सूर्यकांत के निर्देश पर तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश रजत सिंह जैन एवं सचिव अपर जिला जज रूपेंद्र सिंह टोंगर के संयोजन में जनपद में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के माध्यम से वृद्धजनों के अधिकारों एवं घरेलू हिंसा से संबंधित कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के प्राविधिक स्वयंसेवक/अधिकार मित्र अश्वनी त्रिपाठी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि वृद्ध माता-पिता जो शारीरिक रूप से अक्षम हैं और अपने कार्य करने में असमर्थ हैं, वे अपने कानूनी वारिसों से भरण-पोषण पाने के पूर्ण अधिकारी हैं। उन्होंने बताया कि चाहे कानूनी वारिस पुत्र हो, पुत्री हो, पुत्रवधू हो या पौत्र—यदि वे अपने माता-पिता या दादा-दादी की देखभाल, भोजन, दवा व आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था नहीं करते हैं तो ऐसे वृद्धजन कानून के तहत भरण-पोषण की मांग कर सकते हैं। अश्वनी त्रिपाठी ने घरेलू हिंसा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कोई भी पुरुष किसी महिला—चाहे वह पत्नी, पुत्री या पुत्रवधू ही क्यों न हो—के साथ शारीरिक, मानसिक या मौखिक हिंसा नहीं कर सकता। ऐसा करने पर दोषी को सजा का प्रावधान है। उन्होंने लोगों से महिलाओं के साथ शालीन व्यवहार करने और किसी भी प्रकार का अत्याचार न करने की अपील की। इस अवसर पर अजय सिंह चौहान, त्रिलोकी शर्मा, रामानंद शर्मा, मनीष चौहान, जसवंत सिंह, शैलेंद्र, शिवानंद, हृदय राम, सौम्या एवं ओम सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

# पुलिस मुठभेड़ में दो शातिर चोर दबोचे गए, फायरिंग में एक घायल

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**कानपुर देहात।** जनपद में अपराधों पर लगाम लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना भोगनीपुर पुलिस की बदमाशों से मुठभेड़ हो गई। पुलिस मुठभेड़ में खाली पड़े मकानों की रेकी कर चोरी करने वाले दो शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। मुठभेड़ के दौरान एक बदमाश के पैर में गोली लगी, जबकि दो पुलिसकर्मी भी घायल हो गए।

पुलिस के अनुसार, अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन एवं पुलिस उप महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र के निर्देशन तथा पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात के निर्देश पर शुक्रवार रात थाना भोगनीपुर पुलिस संदिग्धों की तलाश में थी। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर दो मोटरसाइकिलों पर सवार संदिग्धों का पीछा किया गया। बदमाशों ने पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी, जिसमें हेड कांस्टेबल अभय प्रताप सिंह के बाएं हाथ तथा हेड कांस्टेबल पवन कुमार यादव के हाथ में गोली लग गई। पुलिस द्वारा आत्मरक्षार्थ की गई जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश के पैर में गोली लगी, जबकि दूसरे को भागने के दौरान दबोच लिया गया। वहीं, एक मोटरसाइकिल पर सवार तीन अन्य बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। अवैध तमंचा, कारतूस और बाइक बरामद गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान राजन उर्फ उदयवीर (23 वर्ष) एवं शिवा (19 वर्ष) निवासी मऊखास अमरौधा थाना भोगनीपुर के रूप में हुई। अभियुक्तों के कब्जे से एक अवैध तमंचा 315 बोर, दो जिंदा कारतूस, तीन खोखा कारतूस, एक एंड्रॉयड मोबाइल तथा एक मोटरसाइकिल बरामद की गई। घायल पुलिसकर्मियों एवं घायल अभियुक्त को प्राथमिक उपचार के लिए सीएचसी पुखरायां भेजा गया। मौके पर फील्ड यूनिट द्वारा निरीक्षण किया गया। शातिर बदमाश निकला राजन पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार अभियुक्त राजन के खिलाफ जीआरपी कानपुर नगर में चोरी, गैंगस्टर एक्ट समेत नौ मुकदमे दर्ज हैं। थाना भोगनीपुर में दोनों अभियुक्तों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता एवं शस्त्र अधिनियम की सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अपराधियों के विरुद्ध अभियान आगे भी जारी रहेगा और किसी भी सूरत में अपराधियों को बख्शा नहीं जाएगा।

# जमीन विवाद में बेटे ने बुजुर्ग मां की गला दबाकर हत्या

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**कानपुर देहात।** जमीन विवाद को लेकर बेटे द्वारा अपनी बुजुर्ग मां की गला दबाकर हत्या किए जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। घटना शुक्रवार की बताई जा रही है, जिसके बाद पूरे गांव में दहशत और आक्रोश का माहौल है। मामला गजनेर थाना क्षेत्र के रौगांव गांव का है।

पुलिस के अनुसार मृतका के नाम करीब दो बीघा जमीन दर्ज थी। आरोप है कि बेटा लंबे समय से जमीन बेचने के लिए अपनी मां पर दबाव बना रहा था। मां द्वारा बार-बार इनकार किए जाने पर दोनों के बीच विवाद बढ़ता गया। इसी दौरान आरोपी बेटे ने आपा खो दिया और बुजुर्ग मां पर हमला कर दिया। गला दबाने से महिला की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद घर से चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। जानकारी मिलते ही गजनेर थाना पुलिस भारी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर साक्ष्य संकलित किए और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने बताया कि मां-बेटे के बीच जमीन को लेकर काफी समय से विवाद चल रहा था। मृतका के भाई पुत्तन लाल ने बताया कि घर में अक्सर इसी बात को लेकर झगड़े होते रहते थे, जो अंततः हत्या में बदल गए।

सीओ अकबरपुर संजय सिंह ने बताया कि आरोपी बेटे को हिरासत में ले लिया गया है और उससे पूछताछ की जा रही है।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

## सुभाष चौक पर गूंजे देशभक्ति के नारे, उमड़ा राष्ट्रप्रेम

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**जसवंतनगर (इटावा)।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती हाईवे मलाजनी स्थित सुभाष चौक पर स्थापित उनकी आदमकद प्रतिमा के समक्ष हर्षोल्लास एवं देशभक्ति के माहौल में धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रभक्ति के नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। कार्यक्रम का आयोजन लक्ष्मण शाक्य पेंटर एवं पवन शाक्य के संयोजन में किया गया, जबकि अध्यक्षता ग्राम प्रधान लक्ष्मी नारायण शाक्य ने की। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों एवं उपस्थित लोगों द्वारा संयुक्त रूप से राष्ट्रीय ध्वज फहराकर की गई। इसके बाद नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्प वर्षा की गई। मुख्य अतिथि समाजसेवी प्रेम कुमार शाक्य ने अपने संबोधन में कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के ऐसे महान नायक थे, जिन्होंने युवाओं में आजादी की चेतना जगाई। उनका नारा ह्लतुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगाह्न आज भी राष्ट्रप्रेम और बलिदान की भावना से ओतप्रोत करता है। उन्होंने कहा कि नेताजी के आदर्शों से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में जुटना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। कार्यक्रम में लक्ष्मण शाक्य ने नेताजी के जीवन, संघर्ष एवं आजाद हिंद फौज के योगदान पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने राष्ट्रगीत का सामूहिक गायन किया और नेताजी सुभाष चंद्र बोस अमर रहें के गगनभेदी नारों से वातावरण को देशभक्ति से भर दिया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से गौरव शाक्य, देशराज शाक्य, अजीत शाक्य, मनोज, विपिन बिहारी, ललित कुमार, अमित कुमार, शिशुपाल, राजेंद्र यादव, लालमन बाथम, बंटू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

# ईको पार्क माती में भव्य आयोजन के साथ मना उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस

### कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय निषाद रहे मुख्य अतिथि, स्टॉलों का किया निरीक्षण, लाभार्थियों को बांटे प्रमाण पत्र

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**कानपुर देहात।** उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के पावन अवसर पर शुक्रवार को जनपद कानपुर देहात के ईको पार्क माती में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री एवं जनपद के प्रभारी मंत्री (मत्स्य विभाग) डॉ. संजय कुमार निषाद मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि का स्वागत जिलाधिकारी कपिल सिंह, पुलिस अधीक्षक श्रद्धा नरेन्द्र पाण्डेय एवं मुख्य विकास अधिकारी द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।

इसके पश्चात मंत्री डॉ. संजय निषाद ने ईको पार्क परिसर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया और विभागीय योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रमों का अवलोकन किया तथा राष्ट्र प्रेरणा स्थल से हुए सजीव प्रसारण को भी देखा। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार वितरित किए गए। अपने संबोधन में मंत्री एवं अधिकारियों ने उत्तर प्रदेश की गौरवशाली सांस्कृतिक विरासत और प्रदेश की विकास यात्रा पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर जनपद के अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

#### शंकराचार्य प्रकरण पर संजय निषाद का तीखा बयान

**कानपुर देहात।** उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस कार्यक्रम में शामिल होने कानपुर देहात पहुंचे प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री एवं जिला प्रभारी डॉ. संजय कुमार निषाद ने शंकराचार्य से जुड़े प्रकरण को लेकर बड़ा और स्पष्ट बयान दिया। उन्होंने शंकराचार्य को पूज्यनीय बताते हुए कहा कि यदि किसी अधिकारी की भूमिका संदिग्ध है तो उसकी जांच होनी चाहिए और दोषियों पर कार्रवाई की जानी चाहिए। संजय निषाद ने कहा कि भारत संविधान से चलता है, इसलिए हर कार्य संवैधानिक प्रक्रिया के तहत होना चाहिए, न कि जिद्द के आधार पर। उन्होंने कहा कि संत-महात्मा मोह-माया का त्याग कर संत बनते हैं, वे पैदल भी चलते हैं और तीर्थ यात्रा भी करते हैं। वीडियो में जो दृश्य सामने आया है, वह उचित नहीं है। संत बनने के बाद जिद्द करना ठीक नहीं है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के भाजपा शासन में सबसे अधिक मंदिर तोड़े जाने के बयान पर पलटवार करते हुए कैबिनेट मंत्री ने कहा कि पिछड़ों और दलितों के नाम पर वर्षों तक समाज को बांटकर सरकारें बनाई गईं। उन्होंने कहा कि पिछली बार चुनाव में पिछड़े वर्ग को लेकर न्यायालय का आदेश था, लेकिन हमारी सरकार पिछड़ों के साथ खड़ी रही और सुप्रीम कोर्ट से आदेश लेकर आई।

#### निषाद राज किले के लिए एक ईंट नहीं लाई

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि जंगल से मंगल कर दिया गया, लेकिन निषाद राज किले के निर्माण के लिए एक ईंट तक नहीं लाई गई। मस्जिद, कब्रिस्तान और मदरसे के लिए धन दिया जा सकता था, तो निषाद राज किले और राम मंदिर के लिए क्यों नहीं दिया गया। उन्होंने विपक्ष पर तुष्टिकरण की राजनीति करने का आरोप लगाया। अखिलेश यादव के उस बयान पर कि यदि लोकसभा में 80 सीटें जीत भी जाएं तो ईवीएम स्वीकार नहीं करेंगे, संजय निषाद ने कहा कि पहले अपने 43 सांसदों से इस्तीफा दिलवाएं।

## उत्साह के साथ मनाया गया उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस

मोर्निंग सिटी संवाददाता




**कानपुर देहात।** उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के पावन अवसर पर जनपद कानपुर देहात में हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसी क्रम में कलेक्ट्रेट परिसर से इको पार्क तक भव्य रैली निकाली गई। रैली को जिलाधिकारी कपिल सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में एनसीसी कैडेट्स, जनपद के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएं, अधिकारी-कर्मचारी एवं जनसामान्य बड़ी संख्या में शामिल रहे। रैली के माध्यम से उत्तर प्रदेश की गौरवशाली सांस्कृतिक विरासत, विकास यात्रा तथा राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति जनजागरूकता का संदेश दिया गया। रैली कलेक्ट्रेट परिसर से प्रारंभ होकर शांतिपूर्ण एवं अनुशासित वातावरण में इको पार्क पहुंचकर संपन्न हुई। रैली के दौरान पूरे मार्ग पर उत्साहपूर्ण माहौल देखने को मिला। प्रतिभागियों ने उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस को उल्लासपूर्वक मनाते हुए प्रदेश की प्रगति और समृद्धि के संकल्प को दोहराया।

## छोटी खबरें

### बारह पत्थर मैदान में उमड़ी भक्ति की बाढ़

मोर्निंग सिटी संवाददाता




**कासगंज।** बारह पत्थर मैदान में जारी अखिल भारतीय श्री राम नाम जागरण मंच के 11 दिवसीय भव्य आध्यात्मिक अनुष्ठान का शनिवार को अद्भुत दृश्य देखने को मिला। पूरा कथा स्थल उस समय रोमांचित हो उठा, जब सुप्रसिद्ध कथावाचक रमेश भाई शुक्ल की मधुर वाणी से रामभक्ति का रसपान शुरू हुआ। ह्रजय श्रीरामह्व के गगनभेदी उद्घोषों से पूरा मैदान भक्तिमय माहौल में डूब गया। श्रद्धालुओं की भावनाएं चरम पर थीं और हर चेहरा भक्ति की आभा से चमक रहा था। नगर ही नहीं, आसपास के क्षेत्रों से भी भारी संख्या में श्रद्धालु कथा का आनंद लेने पहुंचे। व्यवस्था संभाल रही समिति के अनुसार लगातार बढ़ती भीड़ को ध्यान में रखते हुए सभी व्यवस्थाओं को और सुदृढ़ किया गया है। कथा के दौरान प्रमुख रूप से मुरारी लाल वार्ष्णेय, सुभाष गर्ग, विनोद हरकुट, सौरभ गुप्ता, अजय गुप्ता, जितेंद्र वार्ष्णेय, अनिल गुप्ता, मनोज गुप्ता, प्रदीप अग्रवाल, अमित सक्सेना, ब्रजमोहन गुप्ता, गुल्लू वार्ष्णेय, पंकज मिश्रा, शिव कुमार गुप्ता, गौरव पाल, शिव कुमार भारद्वाज, नीरज शर्मा, किशोर अग्रवाल, अचिंत गर्ग, मधुर पुंढीर, तपन बिरला, रवींद्र सिंह चैहान, मुकेश शर्मा, सुनील गुप्ता, दिव्यांशु, प्रिंस, महेंद्र बघेल, के.पी. सिंह, रानू वर्मा, राजीव माहेश्वरी, चिराग टंडन, शैलेश यादव, सुरेश मिश्रा, इंद्रमोहन गुप्ता, हिमांशु माहेश्वरी, राज कुमार, विजय माहेश्वरी, डी.एस. पाल, अजय धूपर, नीरज लाहोटी, संजीव अग्रवाल, सुधांशु माहेश्वरी, प्रदीप अग्रवाल सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। आयोजन समिति ने बताया कि छह दिवसीय कथा में अयोध्या कांड का दिव्य प्रसंग विस्तारपूर्वक प्रस्तुत किया गया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। कथा के आगामी सत्रों को लेकर भक्तों में गहरी उत्सुकता बनी हुई है।

कैप्शन- बारह पत्थर मैदान पर कथा के दौरान मौजूद भक्तगण। 24केएसजे07

### पटरी कटने से 30 बीघा गेंहू की फसल जलमग्न, किसानों में रोष

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**कासगंज।** अमांपुर कस्बे के सहावर रोड पर स्थित बनूपुरा रजबहा की शुक्रवार की रात जर्जर पटरी कटने से गेंहू और सरसों की 30 बीघा फसल जलमग्न हो गई। फसल गिरकर खराब होने का खतरा बढ़ गया है। किसानों ने तहसील व सिंचाई विभाग को सूचना दी। लेकिन कोई नहीं पहुंचा। किसानों ने मिट्टी भरी बोरियां लगाकर पानी का बहाव रोकने का प्रयास किया लेकिन सफलता नही मिली। देर शाम तक खांदी को बंद नहीं किया जा सका। ग्रामीणों में सिंचाई विभाग के खिलाफ रोष है। वहीं ग्रामीणों ने डीएम से क्षति का आकलन कराकर मुआवजा दिए जाने की मांग की है। सहावर रोड पर स्थित हरथरा गांव को जाने वाले मार्ग के पास से निकले बनूपुरा रजबहा में बीती रात अचानक तीसरी बार पटरी कट गई। पानी के तेज बहाव के चलते देखते ही देखते 30 बीघा जमीन पर खड़ी किसानों की गेंहू और सरसों की फसल जलमग्न हो गई। शनिवार की सुबह जब किसान खेतों की ओर आए और खेतों में पानी भरा देखा तो वह हैरत में पड़ गए। पानी से डूबी फसलों को बचाने के लिए पटरी की खांदी बांधने का प्रयास करते हुए विभागीय अवर अभियंता के अलावा क्षेत्रीय लेखपाल को मामले की जानकारी दी। काफी देर बाद तक विभाग की ओर से कोई मौके पर नहीं पहुंच सका। इसके बाद भी प्रशासन की ओर से खांदी की मरम्मत नही कराई गई। इस नुकसान के लिए किसान सिचाई विभाग को दोषी मान रहे हैं। गेंहू, सरसों की फसल को पानी भरने से नुकसान हुआ है। पीड़ितों ने सिचाई विभाग से मुआवजे की मांग की। किसान रविन्द्र यादव, जयवीर यादव, राजकुमार पांडेय, अनुपम पांडेय, रामेश्वर, मूलचंद, छोटू पांडेय आदि प्रमुख हैं। वही रविन्द्र सिंह यादव का कहना कि पांच बीघा गेहूं की फसल जलमग्न हो गई। सिचाई विभाग की लापरवाही से खेती को नुकसान हुआ है। मुआवजा मिलना चाहिए। किसान रामेश्वर बनूपुरा का कहना कि सरसों की फसल में पानी भर गया है। पानी छोड़ने से पहले सिचाई विभाग को खांदी और पटरियों का निरीक्षण कराना था। विभाग की लापरवाही से यह नुकसान हुआ है। अनुपम पांडेय व मूलचंद ने बताया कि एक माह में तीसरी बार फिर रजबहा की खांदी कटने से गेंहू, सरसों की फसल जलमग्न हो गई है।

### पोस्टर के माध्यम से सड़क सुरक्षा को किया जागरूक

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**कासगंज।** गंजडुंडवारा क्षेत्र के गांव रामछितौनी के पूर्व माध्यमिक विद्यालय में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा कार्यक्रम के तहत पोस्टर प्रतियोगिता हुई। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने पोस्टर बनाकर सुरक्षा का संदेश दिया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक संजय कुमार नें बताया कि गत एक जनवरी से 31 जनवरी 2026 तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026 मनाया जा रहा है। इस दौरान बेहतर सड़क सुरक्षा, बेहतर जीवन सुरक्षा। जीवन बचाना है तो नियमों का पालन करना है। सड़क पर चलना है, तो नियमों को जानना है। यातायात नियमों का पालन करें, सुरक्षित रहें आदि श्लोगन विद्यार्थियों ने बेहतर ढंग से लिखकर प्रस्तुत किए।

### साइकिल रैली निकालकर पाटलिपुत्र हिंदू सम्मेलन को किया जागरूक

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**कासगंज।** पटियाली कस्बा में आयोजित होने वाले पाटलिपुत्र हिंदू सम्मेलन को लेकर समिति ने लोगों को जागरूक करना शुरू कर दिया है। 11 दिवसीय विभिन्न कार्यक्रमों को लोगों तक पहुंचाकर उन्हें सफल बनाने के लिए शनिवार को कस्बा पटियाली में भगवा साइकिल रैली निकाली गई। साइकिल रैली के माध्यम से कस्बा पटियाली में आगामी 28 जनवरी को होने वाले हिंदू सम्मेलन के लिए जनजागरण किया गया। साइकिल रैली नगर के गंजडुंडवारा रोड स्थित मां पाटलावती मंदिर से शुरू होकर मोहल्ला चैक, मोहल्ला वृत्याना, नत्थूनगर, मोहल्ला मिश्राना, जोशियाना, बाल्मीकिन चैराहा, कटरा राजा साहब, मोहल्ला सहन, मुख्य चैराहा, गंजडुंडवारा रोड, मछली मंडी, मोहल्ला सरार्फा, मुख्य बाजार मुख्य चैराहा, अलीगंज रोड होते हुए बालाजी पेट्रोल पंप पर पहुंचकर समाप्त हुई। यात्रा के दौरान जय श्री राम, वंदे मातरम, भारत माता की जय के उदघोष के साथ भजन भजनों की धुन गुंजायमान होती रही। साइकिल रैली में शामिल लोगों ने सभी से हिंदू सम्मेलन में शामिल होने की अपील की गई। इस दौरान यात्रा संयोजक अवनीश दीक्षित, अम्बुज द्विवेदी, रीतेश मिश्रा, दीपक तिवारी, यशवर्धन मिश्रा, प्रशांत कुमार, जनवीर कुमार समेत समिति के अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### कोतवाली सोरों में अधिकारियों का औचक निरीक्षण

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**कासगंज।** शनिवार को कोतवाली सोरों में कानून-व्यवस्था और पुलिसिंग व्यवस्था को परखने के लिए अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार तथा सदर क्षेत्राधिकारी आंचल चैहान ने अर्धवार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दोनों अधिकारियों ने कोतवाली परिसर, अभिलेखों, मालखाना, शस्त्रागार तथा थाने में कार्यरत पुलिसकर्मियों की ड्यूटी व्यवस्था का विस्तृत अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान प्रभारी निरीक्षक जगदीश चंद एवं उनकी टीम ने कोतवाली में सुरक्षा व्यवस्था, लंबित प्रकरणों और अपराध नियंत्रण को लेकर की जा रही कार्यवाही का ब्यौरा प्रस्तुत किया। अधिकारियों ने विभिन्न शाखाओं का आकस्मिक निरीक्षण करते हुए आवश्यक निर्देश जारी किए। अपर पुलिस अधीक्षक ने अभिलेखों के रख-रखाव, शिकायतों के त्वरित निस्तारण और थाना परिसर की स्वच्छता पर विशेष जोर देने को कहा। वहीं सीओ आंचल चैहान ने बीट प्रणाली को मजबूत करने, अभियोगों की गुणवत्तापूर्ण विवेचना तथा जनता की समस्याओं के संवेदनशील समाधान पर बल दिया। निरीक्षण के दौरान सभी पुलिसकर्मियों को बेहतर व्यवहार, समयबद्ध कार्रवाई और सक्रिय गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## एसडीएम ने सड़क की गुणवत्ता को लेकर किया निरीक्षण

### वार्ड नम्बर 17 के वासिंदों ने की थी डीएम से शिकायत

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**कासगंज।** शहर में इस समयं जगह जगह वार्डों में सीसी निर्माण एवं नाली का कार्य चल रहा है इस कार्य में ठेकेदार द्वारा अनियमित्तायें बरती जा रही हैं जिसे लेकर वार्ड नम्बर 17 के वासिंदों ने जिलाधिकार कासगंज प्रणय सिंह से शिकायत की, जिलाधिकारी ने उक्त शिकायत की जाँच पड़ताल के लिए एसडीएम हर्षिता देवड़ा को भेज दिया।

शनिवार की शाम वार्ड नम्बर 17 गली जौरा बौरा मौहल्ला मोहन में शिकायत की जाँच करने पहुँची एसडीएम हर्षिता देवड़ा ने सड़क के सीसी निर्माण कार्य एवं दोनो तरफ बनी नालियों का बारीकी से निरीक्षण किया और उसके उपरान्त क्षेत्रीय वासिंदों से निर्माण कार्य की जानकारी ली, एसडीएम हर्षिता देवड़ा ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर वह जाँच के लिए यहाँ पहुँची हैं लेकिन निर्माण कार्य में अनियमित्तायें व लापवाहीं बर्ती गई है, जिसे स्पष्ट देखा जा सकता है कहीं-कहीं सड़क का चैड़ीकरण है और कहीं पतली है इसी तरह नाली के निर्माण में भी घोर अनियमित्तायें हैं, नाली अभी से ही जगह जगह टूट रही है ठेकेदार द्वारा मानक के अनुरुप कार्य नहीं किया गया है। उन्होंने बताया है कि इसकी रिपोर्ट वह जिलाधिकारी को सौंपेंगी जब तक ठेकेदार द्वारा कार्य सही ढंग से मानक के अनुरुप नहीं कराया जायेगा उसका भुगतान नहीं किया जायेगा।

#### क्या कहते हैं क्षेत्रीय वासिंदे

वार्ड नम्बर 17 गली जौरा बौरा मौहल्ला मोहन के रहने वाले रफीक का कहना है कि निर्माण कार्य मानक के अनुरुप नहीं चल रहा है इसकी शिकायत वार्ड के नागरिकों ने जिलाधिकारी कासगजं से की थी, ठेकेदार द्वारा सीसी निर्माण में डाली गई सामग्री मानक के अनुरुप नहीं थी, नालियाँ भी अभी से टूटने लगी हैं।

#### भ्रष्टाचार की भेंट चड़ा सीसी निर्माण कार्य

वार्ड नम्बर 17 गली जौरा बौरा मौहल्ला मोहन में हुआ सीसी निर्माण कार्य भ्रष्टाचार की भेट चड़ गया है अभी निर्माण कार्य हुए 1 माह से ज्यादा भी नहीं हुआ उससे पूर्व ही नालियाँ व सीसी रोड टूटने लगा है, यह निर्माण कार्य पूर्णत: भ्रष्टाचार की भेंट चड़ा हुआ है अगर सही तरीके से इसकी जाँच हुई तो उक्त निर्माण कार्य कराने वाले ठेकेदार को नगर पालिका ब्लैक लिस्ट कर देगी।

## महामंडलेश्वर ने कायस्थ बंधुओं को वितरित किए अभिनंदन पत्र

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**कासगंज।** जनपद में भगवान चित्र के मंत्र का लेखन करने वाले कायस्थ बंधुओं को पीठ के महामंडलेश्वर ने अभिनंदन पत्र वितरित किए। अभिनंदन पत्र वितरण कार्यक्रम नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती के उपलक्ष में शहर के नदरई गेट स्थित अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के प्रदेश सचिव नवल किशोर कुलश्रेष्ठ के प्रतिष्ठान पर हुआ। इस दौरान अन्य कायस्थ बंधुओं से भी मंत्र लेखन पूर्ण करने के निर्देश दिए। अभिनदंन पत्र वितरण कार्यक्रम अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के जिलाध्यक्ष केके सक्सेना के नेतृत्व में हुआ। इससे पूर्व श्री चित्र गुप्त पीठ के महामंडलेश्वर स्वामी सुरेशानंद महाराज, सदस्य वन एवं पर्यावरण समिति मनोज सक्सेना, नवल कुलश्रेष्ठ, एडवोकेट नारायण स्वरुप सक्सेना सहित अन्य अतिथियों ने नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के चित्र पर माल्यार्पण करके दीप प्रज्वलित किया। इस दौरान नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती मनाई और उनके जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। इस दौरान महामंडलेश्वर सुरेशानंद महाराज ने चित्रगुप्त पीठ वृंदावन पर आयोजित होने वाले आगामी कार्यक्रमों के बारे में बताया। इसके बाद चित्रगुप्त मंत्र लेखन अभियान की पुस्तक भरकर जमा करने वाले कायस्थ बंधुओं को श्री चित्र गुप्त पीठ की तरफ से अभिनंदन पत्र वितरित किए। अन्य कायस्थ बंधुओं से भी चित्रगुप्त मंत्र लेखन की पुस्तक भरकर जमा करने के लिए कहा। कार्यक्रम का संचालन अखिलेश सक्सेना ने किया। इस दौरान केके सक्सेना, अजय सक्सेना, अलोक कुलश्रेष्ठ, महिला मोर्चा अध्यक्ष साधना जौहरी, रश्मि सक्सेना, शिल्पी सक्सेना, अचिंत सक्सेना, कौशल किशोर सक्सेना, आदित्य शरन सक्सेना, नरेश सरन जौहरी, प्रदीप सक्सेना, अरविन्द मोहन सक्सेना, अलोक सक्सेना, लवनीश गहराना, अतुल सक्सेना, अरविन्द सक्सेना, दीपक सक्सेना, पियूष सक्सेना, नीशू सक्सेना, शेखर सक्सेना, अंशुल जौहरी, सोहित सक्सेना मौजूद रहे।

## राजकीय महाविधालय में जनपद स्तरीय सड़क सुरक्षा कार्यक्रमो का हुआ आयोजन

मोर्निंग सिटी संवाददाता




**कासगंज।** राजकीय महाविद्यालय कासगंज में जनपद स्तरीय सड़क सुरक्षा कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें जनपद के राजकीय, वित्त पोषित एवं वित्तविहीन महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ हेमंत कुमार ने मां सरस्वती के छवि चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। प्रतियोगी कार्यक्रमों के अंतर्गत सड़क सुरक्षा पर भाषण, रील तथा नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें सभी छात्र छात्राओं ने पर बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। भाषण प्रतियोगिताओं में नगर पालिका गर्ल्स डिग्री कॉलेज की जाह्नवी प्रथम, राजकीय महाविद्यालय कासगंज के कन्हैया कुमार द्वितीय तथा के ए पीजी कॉलेज कासगंज की पलक स्वामी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता में शारदा देवी गर्ल्स डिग्री कॉलेज की छात्राओं के समूह ने प्रथम स्थान, राजकीय महाविद्यालय कासगंज के छात्र समूह ने द्वितीय स्थान तथा के ए पीजी कॉलेज कासगंज के छात्र समूह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। रील मेकिंग प्रतियोगिता में राजकीय महाविद्यालय कासगंज के राहुल कुमार प्रथम, गंजडुंडवारा डिग्री कॉलेज के उत्तम गुप्ता द्वितीय तथा केए पीजी कॉलेज कासगंज की कृष्णा स्वामी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। उक्त प्रतियोगिताओं में निर्णायक के रूप में डॉ अजीत कुमार, डॉ पुनीत गुप्ता, डॉ बिंदेश्वरी, डॉ.सोनिया शर्मा, डॉ महेंद्र कुमार, डॉ पुष्पा आदि ने अपनी सहभागिता की।

## 16 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी प्रणय सिंह ने दिलाई शपथ

मोर्निंग सिटी संवाददाता




**कासगंज।** 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन किया जाता है। शासन से प्राप्त निदेर्शों के क्रम में शनिवार को कलेक्ट्रेट स्थित रुद्राक्ष सभागार में मतदाता शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन जिलाधिकारी व जिला निर्वाचन अधिकारी प्रणय सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

डीएम ने उपस्थित सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को मतदाताओं द्वारा ली जाने वाली शपथ दिलाई। अधिकारियों व कर्मचारियों को मतदाताओं द्वारा ली जाने वाली शपथ दिलाई जो कि इस प्रकार है-हम भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मयार्दा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्य रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। कार्यक्रम के दौरान अपर जिलाधिकारी दिग्विजय प्रताप सिंह व प्रशासनिक अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## गौरह नहर के पास बड़ा हादसा टला



मोर्निंग सिटी संवाददाता

**कासगंज।** सहावर थाना क्षेत्र की चाड़ी चैकी के समीप शनिवार की सुबह एक बड़ा हादसा होते-होते बच गया, जब दिल्ली नंबर की आल्टो कार डीएल 1 सीयू 1327 अचानक अनियंत्रित होकर गौरह नहर में जा गिरी। कार में सवार अजय कुमार व सोनू, निवासी गढ़ ग्राम (थाना क्षेत्र उसेत, जनपद बदायूं) गोरह होते हुए गंजडुंडवारा अपनी रिश्तेदारी में जा रहे थे। गोरह नहर की चाड़ी चैकी के समीप मोड़ पर कार अचानक फिसलकर सीधा नहर में समा गई। हादसा देखते ही आसपास मौजूद ग्रामीण मौके पर दौड़े और तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस व ग्रामीणों की संयुक्त मदद से कार को नहर से बाहर निकाला गया। सौभाग्य से दोनों यात्रियों को कोई गंभीर चोट नहीं आई। हादसे के बाद क्षेत्र में काफी देर तक अफरा-तफरी का माहौल रहा। पुलिस ने बताया कि स्थिति सामान्य है और दोनों सुरक्षित हैं।

## न रजिस्ट्रेशन न डिग्री फिर भी हैं डॉक्टरनी

### अमापुर में फर्जी डॉक्टर की दवा से महिला को हुआ रिएक्शन

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**कासगंज।** जनपद के अमांपुर क्षेत्र की रहने वाली महिला को झोलाछाप डॉक्टरनी की दवा से महिला को रिएक्शन हो गया उसे शल्य चिकित्सा के लिए कासगंज के कलावती हॉस्पिटल में भर्ती करा गया जहाँ चिकित्सक ने उसकी गम्भीर हालत को देखते हुए अलीगढ़ रेफर कर दिया गया। वहीं अमांपुर के स्वास्थ्य केन्द्र प्रभारी संदीप राजपूत ने उक्त झोलाछाप डॉक्टरनी के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही करने की बात कही है।

अमांपुर क्षेत्र में गरीबों की जान के साथ खिलवाड़ झोलाछाप डॉक्टर कर रहे हैं जबकि जिलाधिकारी प्रणय सिंह ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 राजीव अग्रवाल को स्वास्थ्य विभाग की मीटिंग के द्वारा यह स्पष्ट निर्देश दिये थे कि झोलाछान डॉक्टरों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। वही क्षेत्र में चल रहे अवैध पैथलॉजी व क्लीनिकों को चिह्नित किया जायेगा। लेकिन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत से बैधड़क होकर यह लोग अवैध क्लीनिक चलाकर मासूमों की जान के साथ खेल रहे हैं। अमांपुर थाना क्षेत्र के ग्राम अर्जुनपुर निवासी भगवानश्री पत्नी जितेन्द्र कुमार की तबीयत खराब होने पर उसे अमांपुर के एटा रोड स्थित फर्जी क्लीनिक संचालक झोलाछाप डॉक्टरनी राजकुमारी के यहाँ भर्ती कराया गया राजकुमारी द्वारा महिला को गलत दवा दी गई जिस कारण उसके शरीर में इन्फैक्शन फैल गया और रक्त प्रसव होना शुरू हो गया। जब स्थिति काबू से बाहर हुई तो उसे कासगंज के कलावती अस्पताल में भर्ती कराया लेकिन यहाँ चिकित्सकों ने गंभीर हालत को देखते हुए अलीगढ़ को रैफर कर दिया गया।

तीन दिन तक गुमराह करती रही राजकुमारी

अमांपुर कस्बे में संचालिक अमांपुर एटा रोड पर स्थित फर्जी क्लीनिक की संचालिका राजकुमारी तीन दिन तक भगवानश्री के इलाज के नाम पर गुमराह करती रही जब भगवानश्री की हालत ज्यादा बिगड़ने लगी तो उक्त फर्जी झोलाछाप डॉक्टरनी राजकुमारी ने हाथ खड़े कर दिये, भगवानश्री के पति जितेन्द्र कुमार का आरोप है कि अगर पहले दिन ही उसे कासगंज दिखा दिया होता तो आज उसकी यह दशा नहीं होती इलाज के नाम पर राजकुमारी उससे मोटी रकम वसूलती रही और दवा के रिएक्शन के बाद अपने हाथ खड़े कर दिये।

मौत का सौदागर बना स्वास्थ्य विभाग

कासगंज में झोलाछाप डॉक्टर एवं अवैध क्लीनिकों की वजह से कई जाने जा चुकी हैं लेकिन स्वास्थ्य विभाग की नींद नहीं खुल रही। ऐसा पहली वार नहीं हुआ है। वही अमांपुर की भगवानश्री झोलाछाप डॉक्टरनी राजकुमारी की वजह से आज जिंदगी मौत से जूझ रही है, इससे पूर्व भी कई घटनायें हो चुकी हैं लेकिंन स्वास्थ्य विभाग भर्जी क्लीनिक व झोलाछाप डॉक्टरों पर लगाम कसने में पूरी तरह ना काम साबित हो रहा है, मोटी रकम लेकर इन अवैध क्लीनिकों का शरणदाता बना हुआ है, इसी कारण कई जाने जा चुकी हैं लेकिन विभाग कुंभकरणी नींद में है।

क्या कहते हैं स्वास्थ्य केन्द्र प्रभारी

अमांपुर स्वास्थ्य केन्द्र प्रभारी डॉ0 संदीप राजपूत का कहना है कि राजकुमारी द्वारा गलत दवा देने से महिला भगवानश्री को इनफैक्शन हुआ है इसकी शिकायत उसके पति जितेन्द्र कुमार ने की है, अभी में बाहर हूँ उक्त फर्जी क्लीनिक व झोलाछाप डॉक्टर राजकुमार के विरुद्ध कार्यवाही की जायेगी।

## बहोरा डाकघर पर डाक महामेला आयोजित, डाक व आधार सेवाओं से बड़ी संख्या में ग्रामीण हुए लाभान्वित

मोर्निंग सिटी संवाददाता




**कासगंज।** जनपद के बहोरा डाकघर परिसर में डाक विभाग द्वारा डाक महामेला का आयोजन किया गया। इस मेले का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के नागरिकों को डाकघर द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, बैंकिंग सेवाओं एवं आधार से जुड़ी सुविधाओं की जानकारी देना रहा। कार्यक्रम में क्षेत्र के लोगों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। डाक महामेला में डाक अधीक्षक एटा विजय वीर सिंह यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ सहायक डाक अधीक्षक कासगंज विचित्र गुप्ता, मेल ओवरसियर रघुवीर, इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के मैनेजर गौरव यादव, पटियाली पोस्टमास्टर नरेंद्र पाल गुप्ता एवं ग्राम प्रधान विजय लोधी विशेष रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा उपस्थित ग्रामीणों को डाकघर की बचत योजनाओं, सुकन्या समृद्धि योजना, आईपीपीबी खाता खोलने की प्रक्रिया, डिजिटल लेन-देन, आधार पंजीकरण व संशोधन, ग्रामीण डाक जीवन बीमा एवं डाक जीवन बीमा के लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। मौके पर ही कई लाभार्थियों ने अपने आईपीपीबी खाते खुलवाए, आधार से संबंधित कार्य पूरे कराए तथा बीमा एवं बचत योजनाओं में पंजीकरण कराया। इस अवसर पर पटियाली डाकघर के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे। विशेष रूप से शाखा डाकपाल बहोरा अंकित पांडेय, सहायक साहिल, अभिषेक रंजन, आशीष मिश्रा, तेजल बाबू, आलोक यादव सहित अन्य कर्मचारियों ने मेले को सफल बनाने में सक्रिय सहयोग प्रदान किया। डाक अधीक्षक विजय वीर सिंह यादव ने अपने संबोधन में कहा कि डाक विभाग लगातार ग्रामीण क्षेत्रों तक बैंकिंग और सरकारी योजनाओं को पहुंचाने का कार्य कर रहा है।

## उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर समारोह का किया गया आयोजन

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**कासगंज।** उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर स्वामी विवेकानंद सभा का विकास भवन में उ0प्र0 की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत समारोह का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर विधायक अमापुर, जिला अध्यक्ष नीरज शर्मा, जिलाधिकारी प्रणय सिंह, मुख्य विकास अधिकारी वीरेंद्र सिंह, जिला विकास अधिकारी विकल कुमार, संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर कस्तूरबा गांधी विद्यालय, नगर पालिका इंटर कॉलेज संत तुलसीदास इंटर कॉलेज, श्री भागीरथी इंटर कॉलेज, शारदा जोहरी डिग्री कॉलेज, राजकीय कन्या विद्यालय कासगंज,द्वारा सरस्वती वंदना तथा कॉलेज की छात्राओं ने द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर अमापुर विधायक डॉ हरिओम वर्मा ने अपने सम्बोधन में कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के कार्यकाल में हमारा उत्तर प्रदेश उत्तर प्रदेश उत्तम प्रदेश बन गया है गया है 1950 से पहले उत्तर प्रदेश को संयुक्त प्रांत के नाम से जाना जाता था। 1950 को उत्तर प्रदेश का नाम रखा गया। जब प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी तब से उत्तर प्रदेश का स्थापना दिवस मनाये जाने का निर्णय मा0 मुख्यमंत्री जी ने लिया। जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी नीरज शर्मा ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में सब उत्तर ही उत्तर है कोई प्रश्न नहीं है, हमारी सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याण योजनाओं से उत्तर प्रदेश आत्मनिर्भर और उत्तम प्रदेश बना आज ऐतिहासिक दिवस पर शुभकामनाएं। स्वास्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा में तरक्की हुई है। कृषि, उद्योग में वन ट्रिलियन इकोनॉमी की ओर बढ़ रहे हैं यह राजनीतिक का स्वर्ण युग है। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री कर्मयोगी व प्रदेश के मुख्यमंत्री जन्म योगी हैं। आज मंच से सुरक्षा एवं सफाई करने वालों को सम्मानित किया गया।

उत्तर प्रदेश में कृषि भी अच्छी है और उद्योग भी अच्छा है। इस अवसर पर मा0 जिला अध्यक्ष ने अपने सम्बोधन में कहा कि उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस की शुभकामनाएं। जिलाधिकारी ने अपने सम्बोधन में कहा कि उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस की जिला प्रशासन की तरफ से शुभकामनाएं। जिनको आज सम्मानित किया गया है उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए बधाई। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी मिशन अभियान के अन्तर्गत ऋण वितरण किया गया है। इस अवसर पर मा0 जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने सरकारीध्गैर सरकारी क्षेत्र में अच्छा कार्य करने राजस्व विभाग के लिपिक राहुल अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, राजस्व निरीक्षक नीरज पाठक अपर सांख्यिकी अधिकारी अधिकारी आशुतोष मिश्रा, वरिष्ठ सहायक ग्राम विकास दीपक अवस्थी, एन एल आर एल एम संदीप कुमार, और स्कूली बच्चों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया वालों इस अवसर पर मुख्यमंत्री युवा उद्यमी मिशन अभियान के अन्तर्गत, कृषि विभाग से, उद्योग विभाग, दिव्यांग विभाग, बाल एवं पुष्टाहार विभागआदि विभागों से लाभार्थियों ऋण प्रदान एवं सरकार द्वारा चलाई जा रही से योजनाओं का लाभ दिया गया किया गया।

उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर कृषि विभाग, समाज कल्याण विभाग, खादी तथा ग्रामोद्योग विभाग, बाल विकास विभाग, पशुपालन विभाग ग्रामीण आजीविका मिशन, स्वास्थ्य विभाग, महिला कल्याण विभाग, मत्स्य विभाग, विज्ञान क्लब , सूचना विभाग,आदि विभिन्न विभागों द्वारा अपने-अपने विभाग के स्टॉल लगाकर लोगों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का अवलोकन भी किया तथा उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस पर बनायी गयी सुंदर रंगोली का भी अवलोकन किया।

# सांसद डॉ. महेश शर्मा ने किया यूपी दिवस-2026 का शुभारंभ

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**गौतमबुद्धनगर।** उत्तर प्रदेश शासन के निदेर्शानुसार प्रदेश की स्थापना की ऐतिहासिक स्मृति को जीवन्त बनाए रखने तथा उत्तर प्रदेश की समृद्ध संस्कृति, सामाजिक और विकासात्मक उपलब्धियों को आम जनमानस तक पहुँचाने के उद्देश्य से 24 से 26 जनवरी 2026 तक तीन दिवसीय उत्तर प्रदेश दिवस-2026 का भव्य शुभारंभ शिल्प हाट, सेक्टर-33ए, नोएडा में किया गया।

कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन माननीय सांसद (लोकसभा) डॉ. महेश शर्मा द्वारा रिबन काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर संपन्न हुआ। इस अवसर पर माननीय जिला पंचायत अध्यक्ष अमित चौधरी, माननीय विधान परिषद सदस्य चंद शर्मा, माननीय विधायक तेजपाल सिंह नागर, भाजपा जिलाध्यक्ष अभिषेक शर्मा सहित अन्य गणमान्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। मुख्य कार्यक्रम के दौरान मा० केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह एवं मा० मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लखनऊ के मुख्य कार्यक्रम का सजीव प्रसारण छएऊ स्क्रीन पर दिखाया गया, जिसमें मुख्यमंत्री के संदेश और प्रदेश की प्रगति का दर्शन कराया गया। इसके अलावा सूचना विभाग द्वारा तैयार लघु फिल्म भी प्रदर्शित की गई, जिसे उपस्थित जनसमूह ने उत्साह से देखा। कार्यक्रम में संबोधन करते हुए सांसद डॉ. महेश शर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश दिवस प्रदेश की ऐतिहासिक पहचान, समृद्ध संस्कृति और सतत विकास यात्रा को जन-जन तक पहुँचाने का महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश आज उद्योग, सूचना प्रौद्योगिकी, स्टार्टअप, पर्यटन, शिक्षा एवं महिला सशक्तिकरण में उल्लेखनीय प्रगति कर रहा है, जिसका लाभ समाज के अंतिम पंक्ति तक पहुँच रहा है।

सांसद ने आगे कहा कि इस तरह के आयोजन प्रदेश की लोककला, शिल्प एवं सांस्कृतिक विविधता को मंच देते हैं और युवाओं, महिलाओं व उद्यमियों को प्रेरित करते हैं। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे इस तीन दिवसीय कार्यक्रम का अधिकतम लाभ उठाएँ और प्रदेश की कला, संस्कृति तथा विकासात्मक उपलब्धियों का आनंद लें। कार्यक्रम में जनसामान्य को मतदाता शपथ भी दिलवाई गई। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में 15 विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने सरस्वती वंदना, देशभक्ति से ओत-प्रोत कार्यक्रम जैसे जय हिंद की सेना, शास्त्रीय संगीत और लोकनृत्य प्रस्तुत किए, जिन्हें दर्शकों ने भारी उत्साह से सराहा। रागिनी गायक ब्रह्मपाल नागर के गीतों में राष्ट्रीय भावना और सामाजिक चेतना की झलक थी। इस अवसर पर सांसद एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने गर्भवती महिलाओं की गोद भराई कराई तथा छोटे बच्चों का अन्नप्राशन भी कराया, जिसमें सुरक्षित व पौष्टिक आहार प्रदान किया गया। कार्यक्रम स्थल पर एक जनपद एक उत्पाद, स्टार्टअप, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस, मिशन शक्ति, पर्यटन, कला एवं संस्कृति, ऐतिहासिक धरोहरों और जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित आकर्षक स्टॉल लगाए गए। सांसद एवं अन्य प्रतिनिधियों ने स्टॉलों का भ्रमण कर अधिकारियों और लाभार्थियों से योजनाओं की जानकारी प्राप्त की और प्रदर्शित उत्पादों को सराहा। स्थानीय उत्पादों, महिला स्वयं सहायता समूहों तथा नवोदित उद्यमियों के प्रयासों को विशेष रूप से प्रोत्साहित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान स्वीप एवं मतदाता जागरूकता में उल्लेखनीय कार्य करने वाली संस्थाओं तथा व्यक्तियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना के तहत युवा उद्यमियों को ब्याज-मुक्त ऋण चेक प्रदान किए गए तथा विश्वकर्मा टूलकिट वितरण योजना के तहत सिलाई मशीन आदि वितरित किए गए। मुख्य विकास अधिकारी डॉ. शिवाकांत द्विवेदी ने बताया कि 24 से 26 जनवरी तक शिल्प हाट में कार्यक्रम आयोजित रहेगा, जिसमें प्रदेश के जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों, प्रमुख उत्पादों और सांस्कृतिक विविधताओं को प्रदर्शित किया जाएगा। उन्होंने आमजन से आग्रह किया कि वे स्टॉलों का भ्रमण कर उत्तर प्रदेश की कला, संस्कृति, विरासत और सरकारी योजनाओं की जानकारी अवश्य लें।

# उत्तर प्रदेश दिवस-2026 का कोहिनूर मंच पर हुआ भव्य आयोजन

**प्रभारी मंत्री ने विभागीय प्रदर्शनी का अवलोकन कर उत्कृष्ट कार्य करने वालों को किया सम्मानित**

**लखनऊ के प्रेरणा स्थल पर आयोजित कार्यक्रम का हुआ सजीव प्रसारण**

**विरासत से विकास का समावेश-उत्तर प्रदेश-प्रभारी मंत्री**

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**अलीगढ़।** प्रदेश के गन्ना विकास एवं चीनी मिलें और जनपद प्रभारी मंत्री लक्ष्मीनारायण चैधरी एवं विधायकगणों की गरिमामयी उपस्थिति में नुमाइश मैदान स्थित कोहिनूर मंच पर उत्तर प्रदेश दिवस-2026 कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया।

सर्वप्रथम मंत्री जी ने विभिन्न विभागों की केंद्र व प्रदेश सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं की स्टॉल व प्रदर्शनी का फीता काटकर शुभारंभ करने के बाद अवलोकन किया। कार्यक्रम में लखनऊ के प्रेरणा स्थल से उत्तर प्रदेश दिवस के मुख्य कार्यक्रम का सजीव प्रसारण व गृहमंत्री भारत सरकार अमित शाह जी और यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के संबोधन को उपस्थित लोगों द्वारा देखा व सुना गया।

इस अवसर पर महेश्वरी गर्ल्स कन्या इंटर कॉलेज कह छात्राओं द्वारा स्वागत गीत एवं टीकाराम कन्या इंटर कॉलेज की छात्राओं द्वारा श्री कृष्णलीला का मंचन कर वातावरण को ब्रजमय कर दिया।लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में मा0 गृहमंत्री जी ने युवाओं के स्वरोजगार स्थापना के लिए सरदार वल्लभभाई पटेल औद्योगिक क्षेत्र योजना एवं एक जनपद-एक व्यंजन (ओडीओसी) योजना का शुभारंभ किया और प्रदेश वासियों को उत्तर प्रदेश दिवस की शुभकामनाएं दीं।मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी ने प्रदेश वासियों को प्रधानमंत्री का शुभकामना संदेश पढ़कर सुनाया और 2047 तक विकसित भारत की यात्रा में उत्तर प्रदेश की भागेदारी की प्रतिबद्धता का संकल्प दिलाया। प्रभारी मंत्री लक्ष्मी नारायण चैधरी ने उत्तर प्रदेश दिवस की शुभकानाएं देते हुए बताया कि किसी प्रकार तत्कालीन राज्यपाल राम नाईक की प्रेरणा से वर्ष 2018 से उत्तर प्रदेश दिवस मनाए जाने की शुरूआत हुई। उन्होंने कहा कि विगत 09 वर्ष में देश में 24 करोड़ एवं प्रदेश में 06 करोड़ परिवार गरीबी रेखा से ऊपर आए हैं।

प्रदेश में प्रति व्यक्ति आय 54 हजार से बढ़कर 01 लाख 08 हजार रुपए हुई है। पहले जो किसान डर और अपराध के भय से रात को अपने खेतों पर नहीं जाते थे अब बदली हुए सुरक्षा व्यवस्था में बिना किसी भय से 02 लाख से ज्यादा लोग घर बनाकर रह रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज हमारा प्रदेश सांस्कृतिक विरासत और इतिहास को समेटे हुए विरासत से विकास का समावेश-उत्तर प्रदेश की अवधारणा को साबित कर पर्यटन और विकास के क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। अंत में मा0 मंत्री जी ने उपस्थित जनों को संकल्प दिलाया कि वह प्रण लें कि जब प्रधानमंत्री के विजन से भारत 2047 में विकसित राष्ट्र बने उस समय उत्तर प्रदेश देश का सबसे विकसित राज्य हो।

# गरीबों की जीवनभर की कमाई पर भू-माफियाओं का खूनी पंजा , इंसाफ के लिए एसएसपी दफ्तर की चैखट पर गुहार लगाने पंहुच रहे पीड़ित



मोर्निंग सिटी संवाददाता

**अलीगढ़।** जब रक्षक के कड़े निदेर्शों के बाद भी भक्षक बेखौफ हो जाएं, तो आम आदमी की उम्मीदें दम तोड़ने लगती हैं।

अलीगढ़ के नगला पटवारी इलाके में एक ऐसा ही दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है, जहाँ एक दिहाड़ी मजदूर की खून-पसीने की कमाई को संगठित भू-माफियाओं ने अपनी हवस का शिकार बना लिया। आज पीड़ित नूर हसन और उसकी बुजुर्ग ताई सफीना ने एसएसपी कार्यालय में न्याय की गुहार लगाते हुए अपनी व्यथा सुनाई।

## पाई-पाई जोड़ी, अब जान पर बनी

पीड़ित नूर हसन (पुत्र नवाब) ने बताया कि उसने और उसकी ताई सफीना ने अपनी जिंदगी भर की जमा-पूंजी को समेटकर गाटा संख्या 1140 (नगला पटवारी) में दो प्लॉट खरीदे थे। उन्होंने सोचा था कि सिर पर अपनी छत होगी, लेकिन उन्हें क्या पता था कि डीलर परवेज, बादशाह और नौशाद जैसे बिचैलिए उन्हें धोखे की खाई में धकेल रहे हैं।

## दोबारा दिखे तो मार दिए जाओगे

पीड़ित के अनुसार, 26 दिसंबर 2025 का दिन उसके लिए काल बनकर आया। जब वह अपने वैध प्लॉट पर कब्जा लेने पहुंचा, तो वहां पहले से घात लगाए बैठे द्रोपती के पुत्रों और डीलरों ने उसे घेर लिया। आरोप है कि दबंगों ने न केवल उसे गाली-गलौज कर भगाया, बल्कि खुलेआम जान से मारने की धमकी देते हुए कहाकृ ष्यह जमीन हमारी है, यहाँ दोबारा दिखे तो जिंदा नहीं बचोगे।क्या खाकी का खौफ खत्म हो गया है यह मामला न केवल धोखाधड़ी का है, बल्कि यह जिला प्रशासन और पुलिस के इकबाल पर भी सवाल खड़ा करता है संगठित गिरोहरू क्या अलीगढ़ में भू-माफियाओं का ऐसा सिंडिकेट चल रहा है जो सिर्फ गरीबों को निशाना बनाता है मजदूर की लाचारीरू एक शख्स जो रोज कमाता है और रोज खाता है, वह अब कोर्ट-कचहरी और दबंगों के डर के बीच पिस रहा है।एसएसपी से आस एसएसपी के सख्त आदेशों के बावजूद थाना क्वार्सी पुलिस की नाक के नीचे ये माफिया कैसे फल-फूल रहे हैं साहब, हमने पेट काटकर पैसा जोड़ा था। अब न जमीन मिल रही है और न पैसे। ये लोग हमें मार डालेंगे।अब देखना यह है कि क्या अलीगढ़ पुलिस इन रसूखदार भू-माफियाओं की गर्दन तक पहुँच पाती है या एक गरीब की चीख फाइलों के नीचे दबकर रह जाएगी।

# नौरंगीलाल राजकीय इंटर कॉलेज में हुआ हवाई हमला, 12 छात्र-छात्राएं घायल

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**अलीगढ़।** नौरंगीलाल राजकीय इंटर कॉलेज में हवाई हमले के दौरान 500 छात्र-छात्राओं में से 488 सकुशल निकल गए, वही 12 बच्चे ऐसे भी रहे जो आपात स्थिति में कहीं गुम हो गए। 12 लापता छात्र-छात्राओं के रैस्क्यू के लिए प्रभारी अधिकारी आपदा एवं अपर जिलाधिकारी नगर के नेतृत्व में अग्निशमन, सिविल डिफेंस, एनडीआरएफ, एनसीसी एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम ने रैस्क्यू ऑपरेशन आरंभ किया गया। मौका था हवाई हमले एवं आपात स्थिति के दौरान जान-माल के नुकसान को कम से कमतर करने एवं घायलों को त्वरित उपचार उपलब्ध कराने के लिए प्रशासनिक एवं नागरिक तैयारियों को जांचने का। जैसे ही प्रभारी अधिकारी आपदा को हवाई हमले का सायरन सुनाई दिया उन्होंने विद्यालय परिसर में ब्लैक आउट करने का आदेश दिया। मौके पर प्रधानाचार्य नौरंगीलाल राजकीय इंटर कॉलेज रविन्द्र पाल सिंह तौमर ने बताया कि 12 बच्चे अभी भी विद्यालय में फंसे हुए हैं। एडीएम सिटी ने त्वरित कार्यवाही करते हुए आपदा राहत टीमों को रैस्क्यू करने एवं स्वास्थ्य विभाग को अपने संसाधनों के साथ एलर्ट रहने के निर्देश दिए। इसके उपरांत टीमों द्वारा घायलों को एम्बुलेंस से तत्काल चिकित्सालयों में भेजा गया। इसके उपरांत मुख्य अग्निशमन अधिकारी मुकेश कुमार के नेतृत्व में अग्निकांड से बचाव के लिए भी मॉक ड्रिल आयोजित की गई और नागरिकों को आपात स्थिति में संयम बरतते हुए बचाव के उपाय बताए गए। मॉक ड्रिल के उपरांत प्रभारी अधिकारी आपदा किंशुक श्रीवास्तव ने बताया कि हवाई हमले में कोई भी मृत्यु नहीं हुई घायल 12 छात्र-छात्राओं को चिकित्सकीय लाभ के लिए भेजा गया है। इस दौरान उन्होंने नागरिकों को आपात स्थिति में क्या करें और क्या न करें के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी।इस अवसर पर उप नियंत्रक नागरिक सुरक्षा एवं नगर मजिस्ट्रेट डा0 अतुल गुप्ता, प्रभारी निरीक्षक नागरिक सुरक्षा सी0पी0 सिंह, एनडीआरएफ टीम प्रभारी उज्ज्वलकांत पाण्डेय, एनसीसी से मेजर एन0के0 सिंह, एसई हाइडिल उमेश जैन, एसीएमओ डा0वी0के0 राजपूत, डा0 अंशु सक्सेना, डा0 जितेन्द्र पाल सिंह, विद्यांचल गुप्ता, वर्षा सारस्वत आपदा विशेषज्ञ दीपक मिश्रा, सहायक आपदा विशेषज्ञ आदित्य कुमार समेत आपदा राहत टीमों के जवान उपस्थित रहे।

# रिश्वत मांगने पर बिजली विभाग का कर्मचारी निलंबित

मोर्निंग सिटी संवाददाता

**अलीगढ़ ।** विद्युत विभाग में रिश्वतखोरी के विरुद्ध प्रशासन ने जीरो टॉलरेंस नीति अपनाते हुए कड़ा कदम उठाया है। निजी नलकूप संयोजन के नाम पर अवैध धनराशि मांगने के गंभीर आरोप में विद्युत वितरण खंड सारसौल, अलीगढ़ में तैनात अनुबंध लिपिक राकेश कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।प्राप्त शिकायत के अनुसार शिकायतकर्ता महेश कुमार पुत्र रेवती प्रसाद, निवासी बढ़ौली, फतहे खाँ द्वारा निजी नलकूप संयोजन स्वीकृत कराने के लिए 8 अक्टूबर को विभाग द्वारा निर्धारित संपूर्ण धनराशि 1,03,748 खंडीय कार्यालय में जमा करा दी गई थी।

इसके बावजूद संबंधित कर्मचारी द्वारा 15,000 की अवैध मांग की गई और रिश्वत न देने पर अनुबंध प्रक्रिया को जानबूझकर लंबित रखा गया।मामले की गंभीरता को देखते हुए मुख्य अभियंता (वितरण), अलीगढ़ क्षेत्र द्वारा आदेश निर्गत कर संबंधित कर्मचारी को प्रथम दृष्टया दोषी मानते हुए निलंबित किया गया है। पूरे प्रकरण की विभागीय जांच प्रारंभ कर दी गई है और दोष सिद्ध होने पर और भी कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। प्रशासनिक हस्तक्षेप के पश्चात शिकायतकर्ता का निजी नलकूप संयोजन भी अनुबंध प्रक्रिया पूर्ण कर निर्गत कर दिया गया है, जिससे यह स्पष्ट हो गया है कि शासन आम नागरिकों के अधिकारों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।प्रशासन ने दो टूक शब्दों में कहा है कि सरकारी कार्यों में भ्रष्टाचार, दलाली और अवैध वसूली किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

दोषी पाए जाने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। नागरिकों से अपील की गई है कि किसी भी प्रकार की अनियमितता अथवा अवैध मांग की सूचना तुरंत उच्चाधिकारियों को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

# एडीए की अनदेखी, रामघाट रोड पर दर्जनों की संख्या में बेसमेंट में संचालित हो रहे निजी अस्पताल

मोर्निंग सिटी संवाददाता




**अलीगढ़।** जनपद अलीगढ़ में विकास प्राधिकरण की कार्रवाई नाम मात्र के लिए गैर रिहायशी इलाकों पर देखने को कभी कभार मिल रही है। लेकिन जहां वास्तव में विकास प्राधिकरण की कार्रवाइयों की जरूरत है, वहां पर विकास प्राधिकरण के बुलडोजर का पंजा देखने को कभी नहीं मिलता ।

जी हां हम बात कर रहे हैं अलीगढ़ विकास प्राधिकरण भवन निर्माण एवं विकास उपविधि 2008 यथा संशोधित 2016 में संशोधन 2019 विकास प्राधिकरण नियमावली की, जिसमें नर्सिंग होम एवं निजी अस्पतालों के लिए दिए गए निदेर्शों से परे हटके अलीगढ़ शहर में स्थित निजी अस्पतालों ने मनमाने तरीके से अपने निर्माण एवं बेसमेंट संचालित किए हुए हैं, और तो और नर्सिंग होम के सामने कम से कम 12 फीट चैड़ा रोड होना यह एडीए की नियमावली में साफ-साफ शब्दों में अंकित है। इसके अलावा पार्किंग व्यवस्था, अनुज्ञा की प्रक्रिया, प्रभाव शुल्क, सेटबैक, भवन की ऊंचाई, एफएआर, बैंडों की संख्या, भूखंड का क्षेत्रफल, अनुमन्यता एवं अन्य अपेक्षाएं पूरी तरह से आवश्यक होती हैं। लेकिन ना तो अधिकतर निजी अस्पतालों में पार्किंग की व्यवस्था है और ना ही बिना पार्किंग व्यवस्था के सम्बंधितो पर कोई कार्रवाई। अनुज्ञा की प्रक्रिया की बात करें तो आवासीय क्षेत्र में नर्सिंग होम के निर्माण की अनुज्ञा लेने के लिए एक माह के समय अवधि प्रदान करते हुए जनता से आपत्ति एवं सुझाव उचित माध्यमों से आमंत्रित किए जाने का एवं उनके निस्तारण के उपरांत स्वीकृत एवं अस्वीकृति की कार्रवाई करने का निर्देश है। अनुज्ञा से संबंधित आवेदन पत्रों का निस्तारण प्राप्ति के दिनांक से अधिकतम 60 दिन में सुनिश्चित किए जाने का भी निर्देश नियमावली में दिया गया है। लेकिन शहर में संचालित हो रहे अधिकांश निजी अस्पताल जो कि रिहायशी कॉलोनी एवं स्थान पर हो रहे हैं। क्या इन्होंने कभी आपत्ति एवं अनापत्ति का कोई भी प्रक्रिया पूर्ण की है , या किसी भी संबंधित अधिकारी के द्वारा इनसे यह प्रक्रिया पूर्ण करवाई गई है। अलीगढ़ शहर के रामघाट रोड की ही बात करें तो आवास विकास प्राधिकरण के कार्यालय से चंद कदम की दूरी पर ही मैक्सफोर्ट, के के, रुद्र, रामचंद्र मेमोरियल आदि निजी अस्पताल सैकड़ो की संख्या में संचालित हो रहे हैं, जो कि बेसमेंट में संचालित किए जाने के लिए प्रतिबंधित हैं । लेकिन उसके बाद भी इन बड़े-बड़े अस्पतालों का बेसमेंट में संचालित होना आवास विकास प्राधिकरण के लिए एक बड़ा धब्बा है।

# सड़क सुरक्षा माह के तहत एआरटीओ कार्यालय में चालक-परिचालकों हेतु जागरूकता संगोष्ठी आयोजित

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**गौतमबुद्धनगर।** मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए निदेर्शों के अनुपालन में जनपद गौतमबुद्धनगर में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का आयोजन 01 जनवरी 2026 से 31 जनवरी 2026 तक किया जा रहा है। इसी क्रम में सड़क सुरक्षा माह के 24वें दिन परिवहन निगम की बसों के चालक एवं परिचालकों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से एआरटीओ कार्यालय में एक जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

संगोष्ठी को संबोधित करते हुए सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) डॉ. उदित नारायण पाण्डेय ने सड़क सुरक्षा से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कोहरे के समय फॉग लाइट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करने, हेडलाइट को लो बीम पर रखने, डिफॉगर का उपयोग करने तथा सभी वाहनों पर रिफ्लेक्टिव टेप लगाए जाने की आवश्यकता पर विशेष जोर दिया। इसके साथ ही उन्होंने सड़क संकेतों का पालन करने, यातायात नियमों एवं विनियमों का पूर्ण रूप से अनुपालन करने के निर्देश दिए। डॉ. पाण्डेय ने बताया कि दोपहिया वाहन चालकों के लिए हेलमेट का प्रयोग अनिवार्य है, जबकि चार पहिया एवं उससे अधिक क्षमता वाले वाहनों में सीट बेल्ट का उपयोग अवश्य किया जाना चाहिए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि कम उम्र के बच्चों द्वारा किसी भी प्रकार का वाहन चलाना कानूनन प्रतिबंधित है और ऐसा करना दंडनीय अपराध की श्रेणी में आता है। संगोष्ठी में प्रवर्तन कर्मियों के साथ-साथ रोडवेज के वरिष्ठ कर्मचारी, ऑटो रिक्शा चालक, ई-रिक्शा चालक एवं ट्रक चालक भी उपस्थित रहे। सभी प्रतिभागियों ने सड़क सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं और सुरक्षित यातायात नियमों का पालन करने का संकल्प लिया।

# शहीद मोनू का पार्थिव शरीर गांव पहुंचते ही टूटा लोगों का सब्र, दाऊपुर में गूंजे अमर शहीद के नारे

मोर्निंग सिटी संवाददाता



**अलीगढ़।** जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में ड्यूटी के दौरान वीरगति को प्राप्त हुए जिले के जवान मोनू का पार्थिव शरीर शनिवार को जवां थाना क्षेत्र के ग्राम दाऊपुर पहुंचते ही पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। तिरंगे में लिपटा शहीद का पार्थिव शरीर जैसे ही घर के द्वार पर पहुंचा तो सभी परिजनों सहित समूचे गाँव का सब्र टूट गया।

मां, पत्नी और परिजनों की करुण चीत्कार से माहौल गमगीन हो उठा और उपस्थित हर व्यक्ति की आंखें नम हो गईं।शहीद के अंतिम दर्शन के लिए सुबह से ही ग्रामीणों और क्षेत्रवासियों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। सेना के जवानों द्वारा पूरे सम्मान के साथ पार्थिव शरीर लाए जाने के दौरान महिलाओं का विलाप और परिजनों का दुःख हृदय विदारक दृश्य प्रस्तुत कर रहा था। मां बेटे का नाम पुकारते हुए बार-बार बेसुध हो रही थीं, वहीं पत्नी तिरंगे से लिपटकर फूट-फूटकर रो पड़ी। मासूम बेटी की आंखों में अपने पिता को खो देने का असहनीय दर्द साफ झलक रहा था। भाई और पिता पिछले संस्मरणों को याद करते हुए जार-जार विलाप करते देखे गए।ग्राम दाऊपुर की हर गली में सन्नाटा और शहीद के घर के आस-पास की छतों पर उमड़ते हुजूम के हर चेहरे पर गहरा शोक व्याप्त रहा। ग्रामीणों ने बताया कि शहीद मोनू बचपन से ही देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत थे। सेना में भर्ती होने के बाद वे युवाओं को राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित करते रहते थे। उनकी शहादत ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है। ग्रामीण कहते सुने गए कि इस प्रकार की आसपास के क्षेत्र में यह पहली घटना है।

मोनू के पिता श्री प्रताप सिंह, माता श्रीमती मालती देवी, बड़ा भाई सोनू, छोटा भाई प्रशांत जोकि सेना में है, का रो-रो कर बुरा हाल होने के साथ वह गर्व भी जताते हैं कि उनका सबंधी भारत देश और राष्ट्र सेवा करते हुए शहीद हुआ है। शहीद मोनू को भारत सरकार की मंशा के अनुरूप पूर्ण राजकीय एवं सैन्य सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई।स्थानीय विधायक एवं पूर्व मंत्री ठाकुर जयवीर सिंह, अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती विजय सिंह, ब्लॉक प्रमुख जवां हरेंद्र सिंह, विजय कुमार सिंह समेत अन्य जनप्रतिनिधियों ने शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि शहीद मोनू ने देश की रक्षा करते हुए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है। उनकी वीरता और राष्ट्रप्रेम सदैव याद रखा जाएगा। पूरा प्रदेश शहीद परिवार के साथ खड़ा है। सरकार की ओर से परिजनों को हर संभव सहायता और सम्मान सुनिश्चित किया जाएगा। शहीद की शहादत आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है।जिला मजिस्ट्रेट संजीव रंजन ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि शहीद मोनू ने मातृभूमि की रक्षा करते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया है। उनका यह बलिदान कभी भुलाया नहीं जा सकता। जिला प्रशासन शहीद के परिजनों के साथ हर परिस्थिति में खड़ा है और उन्हें हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। वहीं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन ने कहा कि शहीद मोनू जैसे वीर जवान देश की शान हैं। उनकी शहादत आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा है। पुलिस विभाग सहित पूरा जिला प्रशासन शहीद परिवार के सम्मान और सहायता के लिए प्रतिबद्ध है।अंतिम यात्रा के दौरान भारत माता की जय और शहीद मोनू अमर रहें के नारों से पूरा गांव गूंज उठा। ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने नम आंखों से वीर सपूत को अंतिम विदाई दी। ग्रामीणों का कहना है कि शहीद मोनू भले ही आज हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनकी शहादत दाऊपुर गांव और पूरे देश के लिए सदैव प्रेरणास्त्रोत बनी रहेगी।इस अवसर पर एसपी सिटी मृगांक शेखर पाठक, उप जिलाधिकारी हरिश्चंद्र, पुलिस क्षेत्राधिकारी सर्वम सिंह, कमलेश कुमार, राजीव दुबे, सहायक निदेशक सूचना संदीप कुमार, तहसीलदार कृष्ण गोपाल सहित अन्य प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों ने शहीद को सलामी देकर श्रद्धांजलि अर्पित की। सेना के जवानों द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया और तिरंगा परिजनों को सौंपा गया।कदम-कदम पर रेंगते हुए शव वाहन राष्ट्र के प्रति समर्पण, सम्मान और बलिदान की अमिट भावना को कर रहा था जीवंत शहीद मोनू का पार्थिव शरीर जब तिरंगे में लिपटा हुआ उनके पैतृक गांव दाऊपुर की ओर लाया जा रहा था, तो पूरा रास्ता देशभक्ति के जज्बे से सराबोर दिखाई दिया। देशभक्ति गीतों की गूंज और युवाओं के जोश से वातावरण भावुक हो उठा। युवाओं के चेहरों पर गहरे दुःख के साथ अपने वीर सपूत पर गर्व की स्पष्ट झलक थी। शहीद के अंतिम दर्शन करने उमड़ी अपार भीड़ के कारण शव वाहन, जिसमें तिरंगे में लिपटा पार्थिव शरीर रखा था, कदम-कदम पर रेंगते हुए आगे बढ़ रहा था। यह दृश्य राष्ट्र के प्रति समर्पण, सम्मान और बलिदान की अमिट भावना को जीवंत कर रहा था।भारतीय सेना के जवानों द्वारा शहीद को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस दौरान जनप्रतिनिधियों, स्थानीय पुलिस प्रशासनिक एवं सेना के अधिकारियों ने राष्ट्रध्वज में लिपटे शहीद के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। तीन राउंड हवाई फायर कर शहीद को अंतिम सलामी दी गई। शहीद मोनू के परिजन ने मुखाग्नि दी। सभी ने शहीद की वीरता और बलिदान को नमन करते हुए उनके परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं प्रधान संपादक- सुशील कुमार सिंह (मोबाइल न. 8077588101), एन-30 ऑफसेट रघुनाथपुर सेक्टर-22, नोएडा उत्तर प्रदेश से छपवाकर हाउस न.. - 52 , ग्रीनवुड -2 , सेक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, 201308 से प्रकाशित। (RNI No. UPHIN/2015/60949)
(समस्त विवादों के लिए न्यायिक क्षेत्र गौतमबुद्धनगर होगा) प्रकाशिक सामग्री या विज्ञापन में संपादक / प्रकाशक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। इससे संबंधित किसी भी प्रकार की कार्यवाही या पूछताछ प्रकाशन तिथि से तीन माह के अंदर की जा सकती है। ई-मेल-noida.morningcity@gmail.com।